सुप्रभात
रांची, बुधवार
07.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 322



12 स्वरा भास्कर जल्द बनेंगी मां, सोशल मीडिया पर दी जानकारी

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल मुकाबला आज

## ओवल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ इतिहास रचेंगे कोहली, टास जीत कर पहले बैटिंग के पक्ष में रोहित शर्मा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** 7 जून से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला इंग्लैंड के द ओवल मैदान पर खेला जायेगा। दोनों टीमें वहां पहुंच कर कड़ा अभ्यास कर रही हैं। इस मुकाबले के दौरान भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। वहीं कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि इस बार चैंपियनशिप जीतने में भारत कोई कसर नहीं छोड़ेगा। वह टास जीत कर बैटिंग के पक्ष में हैं। टीम इंडिया में इस बार रांची के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन को भी मौका मिलने की पूरी उम्मीद है।

**ब्रैडमेन, सचिन, पॉन्टिंग का रिकार्ड तोड़ सकते हैं विराट :** वहीं विराट कोहली इस फाइनल मुकाबले बल्ले से इतिहास रचते हुए डॉन ब्रैडमैन, सचिन तेंदुलकर और रिकी पॉन्टिंग का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। कोहली अपने टेस्ट करियर में 28 शतक जड़




चुके हैं। वही डॉन ब्रैडमैन ने अपने टेस्ट करियर में 29 शतक लगाया था। कोहली उनके रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ 1 सेंचुरी दूर हैं। पॉन्टिंग ने 18 पारियों में सबसे अधिक 731 रन बनाये हैं। कोहली 619 रनों के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। ऐसे में अगर विराट फाइनल मुकाबले में 112 रन बना लेंगे तो वह आईसीसी के नॉकआउट मुकाबले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जायेंगे। पॉन्टिंग से पहले विराट की नजरें भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड पर रहेगी।

### रांची के ईशान किशन करेंगे टेस्ट डेब्यू !

**आइपीएल** में मुंबई इंडियंस के विकेटकीपर बल्लेबाज रांची के ईशान किशन को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में टीम इंडिया की ओर से खेलने का मौका मिल सकता है। संभाबित विकेटकीपर के रूप में टीम में उनका चयन किया गया है। ईशान किशन टीम इंडिया की ओर से वनडे व टी-20 में अपनी धमक दिखा चुके हैं। एक दिग्गज बल्लेबाज होने के कारण अंतिम एकादश में उनका चयन पक्का माना जा रहा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में केएस भरत की तुलना में ईशान किशन बेहतर दावेदार माने जा रहे हैं। कई दिग्गज क्रिकेटरों ने भी इस मैच में ईशान किशन को प्लेइंग-11 में जगह देने को कहा है।

## न्यूज डायरी

### राजधानी में युवक की गोली मारकर हत्या

**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू एदलहातु में बिट्टू खान नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। हत्या से सनसनी है। वह कालू लामा की हत्या के आरोप में जेल में बंद था। हाल में ही जेल से छूटा था। इस हत्या के बाद गैंगवार की आशंका जतायी जा रही है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। अपराधियों ने एदलहातु के टोंटे चौक के पास बिट्टू खान की गोली मार कर हत्या कर दी।

### पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप भेजा गया जेल

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एनआईए के विशेष न्यायाधीश मधुरेश प्रसाद वर्मा के कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने दिनेश गोप को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजने का आदेश दिया।

### मणिपुर में उग्रवादियों की गोली से तीन जवान शहीद

**मणिपुर।** सेरौ इलाके में विद्रोहियों के साथ गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल और असम राइफल्स के तीन जवान शहीद हो गये। गोली से असम राइफल्स के दो जवान घायल हो गये थे, जिन्होंने बाद में इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया।

### द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम का सर्वोच्च सम्मान मिला

**पारामारिबो।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम का 'द ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ येलो स्टार' से सम्मानित किया गया है। इस मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह भारतीयों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां यह सम्मान किसी भारतीय को पहली बार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने प्रदान किया। राष्ट्रपति ने कहा,'मैं सूरीनाम के सर्वोच्च सम्मान, 'येलो स्टार की श्रृंखला का ग्रैंड ऑर्डर' प्राप्त कर बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं।

### जोनल कमांडर सहित दो नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस ने भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर नागेंद्र उरांव उर्फ चुलबुल उर्फ डॉक्टर तथा सदस्य गोदन कोरबा को गिरफ्तार कर लिया है। जोनल कमांडर नागेंद्र पलामू के पाकी का रहने वाला है। उस पर लातेहार के अलावा कई जिलों में दो दर्जन से अधिक नक्सली घटनाओं का मामला दर्ज है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी का एक दस्ता बूढ़ा पहाड़ के इलाके में पुलिस और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए जमा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस की एक टीम बनाकर माओवादियों के खिलाफ छापेमारी कर दबोचा। पकड़े गए लोगों में एक नागेंद्र उरांव है जो भाकपा माओवादी का जोनल कमांडर है। दूसरा दस्ता सदस्य है।

### एशिया कप से बाहर हो सकता है पाक

**नयी दिल्ली।** श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के प्रस्तावित 'हाइब्रिड मॉडल' को खारिज करने के बाद मेजबान पाकिस्तान सितंबर में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट से हट सकता है। पीसीबी के प्रमुख नजम सेठी द्वारा प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल के अनुसार पाक को एशिया कप के तीन या चार मुकाबले स्वदेश में कराने थे जबकि भारत के मुकाबले तटस्थ स्थल पर खेले जा सकते थे। भारत के सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार करने के बाद यह विचार पेश किया गया था।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

# हादसा या साजिश सीबीआइ जांच शुरू

## 10 सदस्यीय टीम पहुंची, पूछताछ के बाद मामला दर्ज किया

### ओड़िशा ट्रेन हादसा





**एजेंसी**

**नयी दिल्ली ।** ओड़िशा के बालासोर में हुए भीषण रेल हादसे की जांच अब सीबीआइ ने अपने हाथ में ले ली है। जांच एजेंसी ने घटनास्थल का दौरा कर इस मामले में एफआइआर दर्ज कर जांच-पड़ताल और पूछताछ शुरू कर दी है। मंगलवार को सीबीआइ की 10 सदस्यीय टीम बालासोर में ट्रेन दुर्घटना स्थल पर पहुंची। जांच टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना महज एक हादसा था या इसके पीछे कोई साजिश भी थी। रेल मंत्री ने साजिश के कुछ संकेत दिये थे। दो जून को हुए रेल हादसे में कम से कम 275 लोगों की मृत्यु हो गयी है और सौकड़ों लोग घायल हैं। सीबीआइ टीम ने मंगलवार को पटरियों और सिग्नल रूम का निरीक्षण किया। बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन पर तैनात रेल अधिकारियों से पूछताछ की। पूछताछ के बाद सीबीआइ ने इस मामले में एफआइआर दर्ज कर ली है। रेल मंत्री तो लगातार मौके पर थे, शनिवार को खुद पीएम मोदी भी वहां पहुंचे थे।

(शेष पेज 11 पर)

### सिग्नल प्रणाली में 'छेड़छाड़' की आशंका

सीबीआई अधिकारियों के साथ आयी फॉरेंसिक टीम ने भी सिग्नल रूप के कर्मचारियों से बात की और विभिन्न उपकरणों के उपयोग एवं उनके काम करने के तरीकों की जानकारी प्राप्त की। सीबीआई हादसे की आपराधिक कोण से जांच करेगी क्योंकि रेलवे ने हादसे के पीछे तोड़फोड या बाहरी हस्तक्षेप की आशंका जतायी है। खुर्दा रोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) रिंकेश रॉय ने संदेह जताया है कि सिग्नल प्रणाली में संभवत: 'छेड़छाड़' की गयी है। रेलवे की शुरुआती जांच में इंटरलॉकिंग और प्वाइंट मशीन में बदलाव की पहचान की गयी है। यह ट्रेनों को एक-दूसरे के रास्तों को पार करने से रोकने के लिए डिजाइन की गयी इंटरकनेक्टेड सुरक्षा जांच एक सिस्टम है। बताया जाता है कि बालासोर में हुए हादसे में यह एक अहम कारण है।

### डॉ आरके गुप्ता रिम्स के प्रभारी निदेशक बने



**रांची।** रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद के इस्तीफे के बाद नेत्र विभाग के एचओडी डॉ आरके गुप्ता को प्रभारी निदेशक बनाया गया है। मंगलवार को उन्होंने पदभार भी ग्रहण कर लिया है। प्रभारी निदेशक के लिए दो डॉक्टर शॉर्टलिस्ट किये गये थे। इनमें मेडिसिन विभाग के डॉ विद्यापति और डॉ आरके गुप्ता का नाम शामिल था। स्वास्थ्य मंत्री सह जीबी के अध्यक्ष के निर्णय पर डॉ आरके गुप्ता को प्रभारी निदेशक बनाया गया है। प्रभारी निदेशक के लिए चार सीनियर डॉक्टरों के नाम विभाग को भेजे गए थे। इनमें मेडिसिन डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ विद्यापति, आई डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ राजीव कुमार गुप्ता, मेडिसिन डिपार्टमेंट के सीबी शर्मा व एनाटोमी के डॉ एके दूबे के नाम शामिल थे।

# झारखंड में रेड अलर्ट, लू की चपेट में रहेगा पूरा राज्य

## सतर्क रहें, थोड़ी सी चूक से खतरे में पड़ सकती है जिंदगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भीषण गर्मी और लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। 8 जून तक राज्य के कई जिले बुरी तरह से लू की चपेट में रहेंगे। इस दौरान सुबह 10 बजे से शाम के चार बजे तक घर से निकला खतरनाक हो सकता है। जरा सी चूक भारी पड़ सकती है। गर्म हवा के थपेड़ों से फिलहाल राहत मिलना मुश्किल नजर आ रहा है।

कहीं-कहीं छिटपुट हल्की बारिश की वजह से उमस ने मुसीबत को और बढ़ा रखा है। 8 जून तक गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, देवघर, जामताड़ा, पाकुड़, पूर्वी



सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसांवा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। यही नहीं 9 जून तक रेड अलर्ट के दायरे में खूंटी, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिला को भी शामिल कर दिया गया है। चिंता की बात यह है कि 9 जून से 11 जून के बीच झारखंड के सभी जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इससे साफ है कि आने वाला पूरा सप्ताह झारखंड के लोगों के लिए चुनौती भरा होगा। इस दौरान विशेष एहतियात बरतने की जरूरत होगी।

(शेष पेज 11 पर)

# इडी को करोड़ों के निवेश का पता चला

## बालू घोटाले में राज्य के नौ ठिकानों पर दूसरे दिन भी छापा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिहार के बालू घोटाले को लेकर झारखंड में नौ ठिकानों पर इडी की छापेमारी मंगलवार को दूसरे दिन भी हुई। इस दौरान करीब डेढ़ करोड़ रुपये सहित रियल स्टेट में करोड़ों के निवेश से संबंधित दस्तावेज इडी को मिले हैं। इडी के अधिकारी अब घोटाले की जद में आये लोगों को समन भेज कर पूछताछ की तैयारी कर रही है। पटना, रांची और भुवनेश्वर की टीम ने अलग-अलग जगहों पर सोमवार सुबह से ही बिहार, बंगाल के कोलकाता, झारखंड के हजारीबाग और धनबाद में 24 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की थी।

### आरोपियों को समन भेजने की तैयारी कर रही इडी



(शेष पेज 11 पर)

### झारखंड की सभी सीटें जीतेगी भाजपा : वाजपेयी

**गुमला ।** राज्यसभा में सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेयी झारखंड में प्रभारी का कमान संभालते ही 2024 का लक्ष्य साधने में जुट गये हैं। उन्होंने दावा किया कि अगले चुनाव में भाजपा झारखंड में लोकसभा की सभी 14 सीटें जीतेगी।वह मंगलवार को श्री हनुमान जन्मभूमि आंजन धाम पहुंचे और पूजा अर्चना करने के बाद सीधे गुमला परिसदन में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने नौ साल में मोदी सरकार की उपलब्धियों खास कर झारखंड के संदर्भ में हुए कई उल्लेखनीय कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी गरीब परिवार से आते हैं। वे गरीबों की पीड़ा को समझने वाले एक संवेदनशील पीएम हैं।

# झारखंड के नक्सलियों ने केंद्र के खिलाफ बनायी थी युद्ध की रणनीति

## एनआइए की जांच में खुलासा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एनआइए ने अपनी जांच रिपोर्ट में इस आशय का खुलासा किया है कि झारखंड और छत्तीसगढ़ के नक्सलियों ने मिल कर केंद्र सरकार के खिलाफ संघर्ष छेड़ने की रणनीति बनायी थी था। इसमें 11 झारखंड के और कई छत्तीसगढ़ के थे। एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा और सुशांत दा उर्फ अनमोल, केंद्र सरकार के खिलाफ युद्व छेड़ने का मास्टरमाइंड है। एनआइए की जांच रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। इससे पहले 14 लोगों के



खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया गया था। इस साजिश में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) आतंकवादी समूह के दो सशस्त्र कैडर 25 वर्षीय तिवारी बंकिरा उर्फ शाका और 20 वर्षीय सदन कोरह उर्फ साजन के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गयी है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के रहने वाले दोनों आरोपियों पर भारतीय पैनल संहिता और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाये गये हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के प्रवक्ता ने कहा कि बंकिरा को 30 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था, जबकि कोरह 13 फरवरी से हिरासत में हैं। जांच के अनुसार, ये आरोपी सीपीआई (माओवादी) को उसकी आतंक और हिंसा संबंधी गतिविधियों को आगे बढ़ाने और भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने में मदद कर रहे थे।

(शेष पेज 11 पर)



# दस दिनों तक टीवीएनएल से बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

## चल रहा ट्रांसमिशन कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** टीवीएनएल की एक यूनिट को बंद कर दिया गया है। जिसकी वजह पतरातु और बिहारशरीफ ट्रांसमिशन लाइन को अपग्रेड करना है। ट्रांसमिशन लाइन अपग्रेड करने का काम झारखंड ऊर्जा संचरण निगम की ओर से किया जा रहा है। तेनूघाट विद्युत निगम लिमिटेड के जीएम अनिल शर्मा ने बताया कि पावर प्लांट में किसी तरह की खराबी नहीं है। ऊर्जा संचरण निगम की ओर से अपग्रेडेशन कार्य किया जा रहा है। जो पतरातु और बिहारशरीफ लाइन में जारी है। इसके लिए टीवीएनएल के एक यूनिट को शटडाउन किया गया है। हालांकि एक यूनिट से बिजली उत्पादन जारी है। श्री शर्मा ने बताया कि ऊर्जा संचरण निगम ने दस दिनों के लिए परमिट की मांग की है। पिछले दो दिनों से ट्रांसमिशन लाइन पर काम जारी है। ऐसे में आने वाले कुछ दिनों तक कार्य के कारण यूनिट बंद रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि मेंटनेंस कार्य के कारण जेबीवीएनएल को अन्य स्त्रोतों से बिजली मिल रही होगी।

**420 मेगावाट क्षमता :** टीवीएनएल की एक यूनिट की क्षमता 210 मेगावाट है। पावर स्टेशन में दो यूनिट है। जिनकी कुल क्षमता 420 मेगावाट है। निगम की ओर से प्रत्येक यूनिट से 180 मेगावाट तक बिजली उत्पादन किया जाता है। ऐसे में एक यूनिट शटडाउन होने से रांची समेत अन्य इलाकों में लोड शेडिंग, लो वॉल्टेज आदि की समस्या बढ़ गयी है।

## बरियातू व चेशायर होम जमीन घोटाले के हैं आरोपी

# चेशायर होम जमीन घोटाले में शामिल सात आरोपियों की संपत्ति होगी जब्त

### इडी 14 जून से पहले चार्जशीट दायर करने की तैयारी में

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के बरियातू में सेना के कब्जे वाली और चेशायर होम रोड में जमीन की अवैध तरीके से खरीद-फरोख्त मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। जानकारी के अनुसार अगले हफ्ते तक गिरफ्तार सात आरोपियों की चल-अचल संपत्ति जब्त कर सकती है।

बता दें कि बरियातू में सेना की 4.83 एकड़ और चेशायर होम रोड के 1 एकड़ जमीन गलत तरीके खरीद-फरोख्त कर लिया गया था। इडी ने इस मामले में मनी लॉड्रिंग के तहत 13 अप्रैल 2023 को रांची के पूर्व उपायुक्त (आइएएस) छवि रंजन, बड़गाई अचंल के सीओ और जमीन दलालों के लगभग 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ही बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानू प्रताप और प्रदीप बागची के अलावा 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों के यहां से जमीन के डीड और फर्जी कागजात के अलावा कई अहम चीज मिले थे। वहीं 4 मई को रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को गिरफ्तार कर लिया गया था। गिरफ्तारी के बाद 60 दिनों के अंदर चार्जशीट दायर करना है। इडी अब 14 जून से पहले सातों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर करने की तैयारी में लग गई है।

### इनकी संपत्ति हो सकती है जब्त

बड़गाई अंचल के राजस्व उप-निरीक्षक भानू प्रताप, बड़गाई के मो सद्दाम हुसैन, हिल व्यू रोड बरियातू के तल्हा खान, बरियातू मिल्लत कॉलोनी के अफसर अली व फयाज खान, वर्धमान के प्रदीप बागची और डोरंडा मणिटोला के इम्तियाज अहमद की संपत्ति जब्त हो सकती है।



# नेतरहाट की तर्ज पर आवासीय और इंदिरा गांधी विद्यालयों में होगी नामांकन परीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर झारखंड के आवासीय और इंदिरा गांधी विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा होगी। इसे लेकर झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि झारखंड सरकार द्वारा नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर संथाल परगना, कोल्हान प्रमंडल में संचालित आवासीय विद्यालय और इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग के सत्र 2023- 24 में कक्षा छह में नामांकन के लिए प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसे लेकर परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 15 जून तय की गई है। इसके बाद छात्रों के द्वारा आवेदन फॉर्म का प्रिंट निकाल कर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा करने की तिथि 17 जून तक तय की गई है।

**झारखंड का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य :** नेतरहाट विद्यालय में प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को झारखंड राज्य का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को इस संबंध में सक्षम प्राधिकार अंचलाधिकारी या अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत निवास प्रमाण पत्र शामिल करना होगा। प्रवेश परीक्षा एक स्तरीय होगी। यह परीक्षा एक पाली में ढाई घंटे की होगी, जिसमें 100 अंकों के प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें मानसिक योग्यता, हिंदी, गणित, विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान विषय से प्रश्न शामिल होंगे। प्रत्येक विषय में पांच अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रकृति और 15 अंकों के विषयनिष्ट प्रकृति के प्रश्न शामिल होंगे।

# झारखंड में रेलवे ट्रैक से बरामद 98 शवों की नहीं हुई पहचान, परिजन नहीं आये सामने

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में रेलवे ट्रैक से बरामद हुए 98 अज्ञात शव के परिजन सामने नहीं आए हैं। झारखंड में दो रेल जिला है। पहला रेल धनबाद और दूसरा रेल जिला जमशेदपुर। इन दोनों रेल जिलों में पिछले एक साल के दौरान रेलवे ट्रैक से 98 अज्ञात शव बरामद हुए, जिनकी पहचान नहीं हो पाई और ना ही इनके कोई परिजन सामने आये। जिनमें रेल धनबाद से 69 और रेल जमशेदपुर से 29 अज्ञात शव बरामद हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, अज्ञात शवों की पहचान के लिए 72 घंटे का समय निर्धारित है। अज्ञात शव मिलने के 72 घंटे के भीतर एक इश्तेहार अखबार में प्रकाशित करवाया जाता है। इसका प्रकाशन सीआइजी (क्राइम इंवेस्टिगेशन गजट) के तहत कराया जाता है। 72 घंटे के इंतजार के बाद शव को मुक्त करते हुए पुलिस अपने स्तर पर अंतिम संस्कार कराने के लिए स्वतंत्र हो जाती है या किसी संस्था को भी यह काम दिया जा सकता है। अक्सर अज्ञात लाशों के संबंध में कपड़े, रंग, पहनावा और हुलिया का प्रकाशन किया जाता है लेकिन अधिकांश मामलों में इसकी पहचान नहीं हो पाती है।

### हत्या या यूडी में दर्ज होते हैं मामले

अज्ञात शव मिलने पर अस्वाभाविक मौत (यूडी) के मामले दर्ज होते हैं। हालांकि पुलिस को लगता है कि सिर कुचला है या चेहरे पर जख्म है तो हत्या के मामले भी दर्ज किए जाते हैं। कोई सुराग नहीं मिलने पर सत्य सूत्रहीन कर कोर्ट को रिपोर्ट भेज दिया जाता है। कई बार ऐसा भी होता कि हत्या कर शव को दूसरी जगह फेंक दिया जाता है। मृतक आसपास के इलाके के नहीं होते, तो पहचान भी नहीं होती है। 72 घंटे के दौरान यदि शव की पहचान नहीं हो पाती है तो पुलिसिया कार्रवाई से मुक्त कर अंतिम संस्कार के लिए भेजा जा सकता है।

# बिल जेनरेट होने के 5 दिन में बिजली बिल का करें भुगतान, अगले माह से मिलेगी 2 फीसदी की छूट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में नयी बिजली दरें एक जून से घोषित है। बिल जेनरेट होने के पांच दिन के अंदर बिजली बिल जमा करने से उपभोक्ताओं को तत्काल दो फीसदी की छूट दी जायेगी। झारखंड बिजली वितरण निगम ने भी इस पर अपनी तैयारी कर ली है। निगम के वरीय अधिकारियों की मानें तो ये व्यवस्था एक जून से लागू है। लेकिन जुलाई से उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा क्योंकि बिलिंग जून से होगी जिसमें नयी व्यवस्था लागू है। अधिकारियों की मानें तो इसके तहत उपभोक्ताओं के कुल बिल की राशि एडजस्ट की जायेगी। सरल शब्दों में कहें तो जून महीने की बिलिंग जुलाई में होगी। अगर उपभोक्ता इस बिल की राशि को बिलिंग के पांच दिनों के अंदर जमा करते है तो उन्हें दो फीसदी तत्काल बिलिंग में छूट दी जायेगी जो उपभोक्ता जुलाई महीने में बिलिंग के पांच दिनों के अंदर राशि जमा करते है, उन्हें जुलाई महीने के बिल में दो फीसदी राशि कम करके बिल भेजी जायेगी।

### जून के पहले लाभ नहीं

निगम की मानें तो जून से ये व्यवस्था लागू हुई है। जून की बिलिंग जुलाई में होगी। ऐसे में जून के पहले महीने के बिलिंग में ये व्यवस्था लागू नहीं रहेगी। अगर कोई उपभोक्ता जून के पहले के बकाया राशि जुलाई में भुगतान करते हैं और दो फीसदी छूट की मांग करते हैं तो, उन्हें इसका लाभ नहीं मिलेगा। बता दें निगम के पास लगभग 40 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। इसमें से 27 लाख उपभोक्ता ग्रामीण क्षेत्र के है। जिन्हें इसका लाभ मिलेगा।

### हर महीने ले सकेंगे इसका लाभ

अधिकारियों की मानें तो उपभोक्ताओं का इसका लाभ एक महीने की बिलिंग के हिसाब में दिया जायेगा। अगर कोई उपभोक्ता दो तीन या अधिक महीने से बिल नहीं भरते है और इसके बाद आने वाले महीने के बिल में पांच दिनों के अंदर बिल जमा करते है, तो उन्हें इसका लाभ नहीं मिलेगा। ऐसे उपभोक्ता दो फीसदी छूट से वंचित हो जायेंगे। उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ लेने के लिये हर महीने अपडेट बिलिंग रखनी होगी।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज अर्जी पर हुई सुनवाई

**रांची।** कृषि घोटाला मामले में नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज अर्जी पर मंगलवार को एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में सुनवाई हुई। सत्यानंद भोक्ता ने फिर एक बार अदालत से स्वयं के बचाव में साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की। इस पर अदालत ने अगली तारीख सुनवाई के लिए 16 जून निर्धारित की है। उनकी ओर से कहा गया जीआरटीआई के तहत साक्ष्य जुटा रहे हैं। इसमें समय लग रहा है इसलिए समय दिया जाए। मालूम हो कि 46.10 करोड़ की बीज घोटाला मामले में आरोपियों पर आरोप तय किया जाना है। जिसको लेकर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने आरोप मुक्त करने के लिए डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की है। मालूम हो कि 2003-2005 में बीज और कृषि उपकरण की खरीद आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किये बिना मनपसंद कंपनी से किया गया था। जिसकी जांच एसीबी ने की थी। साल 2009 में निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घोटाले में तत्कालीन कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री नलिन सोरेन, तत्कालीन कृषि सचिव वी जयराम और निस्तार मिंज समेत अन्य आरोपी हैं।

## खबर एक नजर में

### उत्कृष्ट विद्यालय : नामांकन की पहली सूची आज

**रांची।** राज्य के उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए पहली चयन सूची सात जून को जारी की जायेगी। गर्मी की छुट्टी खत्म होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की गयी है। इस मेरिट लिस्ट के आधार पर 12 जून से एडमिशन शुरू हो जाएगा।

### भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने शुरू की समाधान यात्रा

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने रांची नगर निगम के विभिन्न वार्डों में मंगलवार से समाधान यात्रा की शुरूआत की। यह यात्रा 30 जून तक चलेगी। इस दौरान भाजमो के सदस्य विभिन्न वार्डों में जाकर पूर्व पार्षदों और उस वार्ड के लोगों से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याओं को जानेंगे। यात्रा का नेतृत्व कर रहे भाजमो के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि अभी नगर निगम और निकाय का कार्यकाल समाप्त हो गया है। चुनाव भी नहीं हो रहा है, जिन जटिल समस्याओं का वार्ड पार्षदों के द्वारा समाधान नहीं हो पाया है, उनके निदान के लिए कोर कमेटी मामले से संबंधित पदाधिकारियों और मंत्रियों के साथ ही मुख्यमंत्री और राज्यपाल तक पहुंचायेगी। जिन विभागों में समन्वय नहीं बन पा रहा है, उसमें मध्यस्थता करेगी। इस यात्रा के माध्यम से भारतीय जनतंत्र मोर्चा से जुड़ने का न्योता देगी। यात्रा के पहले दिन वार्ड नंबर 26 के पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा और वार्ड नंबर 34 के पूर्व पार्षद विनोद कुमार सिंह समेत नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना गया।

### रिम्स के सुरक्षाकर्मी और ट्रॉली मैन को वेतन मिलने की जगी उम्मीद

**रांची।** रिम्स में नये प्रभारी निदेशक के आने के बाद आउटसोर्सिंग एजेंसी एवरेस्ट ह्यूमन रिसोर्स कंसल्टेंट के माध्यम से काम करने वाले 370 सुरक्षाकर्मियों और ट्रॉलीमैन को एक बार फिर से वेतन मिलने की आस जगी है। बताते चलें कि उनकी सेवा फरवरी माह तक ली गयी थी। इसके बाद इन्हें काम से हटा कर होमगार्ड के जवानों के हाथ में सुरक्षा की कमान सौंप दी गयी। काम से हटाए जाने के चार महीने बाद भी इन्हें दिसंबर-जनवरी का बकाया वेतन नहीं दिया गया है। रिम्स में काम कर चुके गौरव पांडे ने कहा कि कई सुरक्षाकर्मियों ने डबल ड्यूटी की थी तो उनका चार महीने का पैसा बाकी है। दस हजार से लेकर 25 हजार तक बकाया है। अब रिम्स को नया प्रभारी निदेशक मिला है। एक बार फिर उम्मीद जगी है कि बाकाया वेतन मिलेगा।


### झारखंड में वित्त आयोग निष्क्रिय : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि महागठबंधन सरकार में वित्त आयोग निष्क्रिय हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सहित सत्ताधारी दल के मंत्रियों को केवल अपने पद और परिवार की चिंता है लेकिन राज्य के लोग मजबूत हों, गांव, गरीब हालात के सुधार हो इसकी चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गठबंधन के नेताओं को खुश करने के लिए बोर्ड निगम का गठन कर रही है लेकिन राज्य के महत्वपूर्ण संवैधानिक आयोग का गठन नहीं कर रही। महिला आयोग, वित्त आयोग, लोकायुक्त, सूचना आयुक्त जैसे पद वर्षों से रिक्त है। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग के महत्वपूर्ण पद रिक्त रहने के कारण केंद्रीय अनुदान नहीं मिलने की आशंका बनी हुई है। कहा कि केंद्र सरकार वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में राज्य वित्त आयोग को पैसा आवंटित करती है। फिर ये पैसे पंचायती राज संस्थाओं, नगर पालिकाओं को आवंटित होते हैं। उन्होंने कहा आज राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष विहीन, कर्मचारी विहीन हैं। जिससे अगले दो वित्त वर्ष में पंचायती राज संस्थाओं को केंद्र से अनुदान के रूप में मिलने वाली 2736 करोड़ के अनुदान पर ग्रहण लगने की संभावना है।

# जैक बोर्ड ने जारी किया 9वीं का रिजल्ट, 97.83 फीसदी बच्चे पास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड अधिविध परिषद (जैक) की ओर से मंगलवार की शाम 9वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया। इस परीक्षा में 97.83 फीसदी बच्चे उत्तीर्ण घोषित किये गये हैं। जैक अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो ने 9वीं का रिजल्ट जारी किया। जारी रिजल्ट के अनुसार 97.83 फीसदी बच्चे पास कर गए। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में 4,65,216 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 4,51,808 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए और 4,42,028 बच्चे पास कर गये।



**परीक्षा में फेल कर गये 9678 बच्चे**
उन्होंने बताया कि 9वीं की परीक्षा से 13408 बच्चे अनुपस्थित रहे और 9678 बच्चे फेल कर गए। इस परीक्षा में पूरे राज्य में कोडरमा के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। यहां के बच्चों के पास का प्रतिशत 99.45 रहा है। वही 8वें स्थान पर रहे रांची के का 98.43 बच्चे पास कर गये हैं। सबसे खराब प्रदर्शन पि्चमी सिंहभूम का रहा है। यहां के 94.42 फीसदी बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

**पहले स्थान पर रहे कोडरमा के बच्चे :** 9वीं की परीक्षा में पहले स्थान पर कोडरमा के बच्चे रहे हैं। वहीं, दूसरे स्थान पर हजारीबाग, तीसरे स्थान पर जमशेदपुर, चौथे पर गिरिडीह, पांचवें पर बोकारो, छठे पर चतरा, 7वें पर रामगढ़, 8वें पर रांची 9वें पर पलामू, 10वें पर गुमला, 11वें पर धनबाद, 12वें परगढ़वा, 13वें पर सरायतेला, 14वें पर गोड्डा, 15वें पर सिमडेगा, 16 पर पाकुड़, 17वें पर खूंटी, 18वें पर दुमका, 19वें पर जामताड़ा, 20वें पर साहिबगंज, 21वें पर देवघर, 22वें पर लोहरदगा, 23वें पर लातेहार और सबसे पीछे पश्चिमी सिंहभूम के बच्चे रहे हैं।

# अधिकारी बंका राम की तीन वेतन वृद्धि रुकी

### मामला बैंककर्मियों और साइबर फ्रॉड की मिलीभगत से ₹12.60 करोड़ की निकासी का

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राप्रसे के अधिकारी और दुमका के जिला आपूर्ति पदाधिकारी बंका राम की तीन वेतनावृद्धि रोक दी गयी है। उत्तरी कोयल परियोजना मेदिनीनगर के लिए संधारित बैंक में बैंककर्मियों, सरकारी कर्मियों और साइबर फ्रॉड करने वाले लोगों के साथ सांठगांठ कर 12.60 करोड़ रुपये की अवैध निकासी व हस्तांतरण के मामले में तत्कालीन विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी बंका राम को कठोर दंड न देकर सिर्फ संचायात्मक प्रभाव से तीन वेतन वृद्धि रोकने का फैसला लिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। बंका राम अभी दुमका में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

**डीसी ने की थी कार्रवाई की अनुशंसा :** राप्रसे सेवा के अधिकारी बंका राम पर पलामू के उपायुक्त ने 01 नवंबर 2019 को आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। जांच के दौरान यह बात सामने आयी थी कि उनके हस्ताक्षर से 14.6.2018 को एसबीआई डालटेनगंज में संधारित खाता संख्या- 11112105417 से 12.60 करोड़ रुपये की निकासी कर उक्त राशि का गबन किया गया। पूरे मामले पर उपायुक्त ने बंका राम पर अन्य लोगों के साथ षड्यंत्र में शामिल होने का आरोप लगाया, जिसके बाद इसकी जांच करायी गई और उनसे स्पष्टीकरण भी लिया गया। इस दौरान उन्हें निलंबित भी किया गया। इस मामले में साइबर फ्रॉड करने वाले लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मामला कोर्ट में लंबित है।

**क्या कहना था बंका राम का :** बंका राम ने मामले से अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि नाजिर रमाशंकर सिंह की जवाबदेही अधिक है क्योंकि वे ही इसके कस्टोडियन थे। जांच में बंका राम के इस बयान को स्वीकार योग्य माना गया लेकिन वे उस वक्त निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी भी थे इसलिए उनपर जवाबदेही तय की गयी। गबन के मामले में स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक, साइबर फ्राड व नाजिर पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। यह बात सामने आयी कि बैंक कर्मियों की मिलीभगत से फर्जी चेक और फर्जी हस्तार से सरकारी राशि का अवैध हस्तांतरण हुआ है। ऐसे में बंका राम पर सभी आरोप प्रमाणित नहीं हुए लेकिन उनकी लापरवाही भी सामने आयी। बताते चलें कि इसी तरह का मामला उस समय गुमला में भी हुआ जहां 9.05 करोड़ की अवैध निकासी की गयी थी, इसमें अभी जांच चल रही है।

## भाजपा का झारखंड के सभी 14 सीटों को जीतने का लक्ष्य, विपक्षी दल की भी तैयारी जोरों पर

# मिशन 2024 : लोबिन हेंब्रम को लेकर भाजपा पका रही है राजनीतिक खिचड़ी

उदय चौहान

**रांची।** मिशन वर्ष 2024 को लेकर भाजपा अब लोबिन हेम्ब्रम को लेकर राजनीतिक खिचड़ी पका रही है। दरअसल, भाजपा संथालपरगना क्षेत्र से किसी दिग्गज आदिवासी नेता की दरकार महसूस हो रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कमर कस ली है। इस बार भाजपा ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों को जीतने का लक्ष्य तय किया है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने सहयोगी दल आजसू के साथ मिलकर 14 में से 12 सीटों पर जीत हासिल की थी। 11 सीट भाजपा को मिली थी और एक सीट पर आजसू की जीत हुई थी। कोल्हान के चाईबासा और संथाल के राजमहल लोकसभा सीट पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने मिशन 2024 के तहत कोल्हान और संथाल पर फोकस किया है।





केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस वर्ष के शुरूआती महीने में ही इन दोनों क्षेत्रों में चुनावी बिगुल फूंक दिया है। कार्यकर्ताओं को टास्क भी दिया गया है। पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का निर्देश भी दिया गया है। हालांकि, भाजपा के लिये मिशन 2024 इतना आसान भी नहीं है। कारण स्पष्ट है कि महागठबंधन के घटक दलों की तैयारी भी जोर-शोर से चल रही है। खासकर झामुमो ने राजमहल के पूर्व सांसद हेमलाल मुर्मू को पार्टी में शामिल करा कर बढ़त हासिल करने की कोशिश की है।

पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने राजमहल लोकसभा क्षेत्र से झामुमो से भाजपा में आये हेमलाल मुर्मू पर दाव खेला था। दोनों ही बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अभी एक महीने पहले हेमलाल ने झामुमो में घर वापसी कर ली है। झामुमो के विजय हांसदा लगातार दो बार से मोदी लहर के बावजूद जीत रहे हैं। सांगठनिक दृष्टिकोण से भी संथाल के इस लोकसभा क्षेत्र में भाजपा अन्य सीटों की तुलना में उतनी मजबूत नहीं है। भाजपा अब राजमहल लोकसभा सीट के लिए झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रेम को तुरुप का पत्ता मानकर काम कर रही है। लोबिन लगातार अपनी ही सरकार के खिलाफ मुखर हैं। 30 जून को भी उनका कार्यक्रम भोगनाडीह में प्रस्तावित है। जानकारी के अनुसार लोबिन हेमंत सरकार के खिलाफ मुखर तो हैं लेकिन वह भाजपा में शामिल होने की बात पर चुप्पी साध जाते हैं।

इधर, कोल्हान कोल्हान में लोकसभा की दो सीटों को लेकर भाजपा अपनी रणनीति में बदलाव ला रही है। सूत्रों के अनुसार भाजपा नेतृत्व ने कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा को अपने पाले में लाने की कवायद तेज कर दी है। देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा अपने इस प्रयास में सफल हो पाती है या नहीं।

# सीसीएल को तीन श्रेणियों में मिला कोल मिनिस्टर्स अवार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड को मंगलवार के दिन नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में तीन अलग-अलग श्रेणियों में कोल मिनिस्टर्स अवार्ड 2022-23 से सम्मानित किया गया। इस सम्मान को केंद्रीय कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद एवं निदेशक तकनीकी रामबाबू प्रसाद को प्रदान किया। सीसीएल को यह सम्मान सुरक्षा एवं गुणवत्ता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रथम पुरस्कार, जबकि सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में सीसीएल को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, मगध-संघमित्रा, हजारीबाग, बरका सयाल एवं अरगडा क्षेत्र को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।




ज्ञातव्य हो कि कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने कोल मिनिस्टर्स अवार्ड का सृजन किया है। जिसके अंतर्गत सुरक्षा, उत्पादन, उत्पादकता, सस्टेनेबिलिटी, गुणवत्ता आदी का क्रियान्वयन का आकलन करते हुये बेहतर कार्य करने वाले कोयला कंपनी को दिया जाता है।

मौके पर सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने कहा कि यह अवार्ड उन कोयला श्रमिकों एवं स्टेकहोल्डर्स को समर्पित है, जिनके कारण यह अवार्ड मिला है। उन्होंने कहा कि कंपनी सस्टेलनेबल माईनिंग के माध्यम से देश की उर्जा आकांक्षओं को पूरा करने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सर्वोपरि है और दुर्घटना मुक्त कार्यस्थल सुनि्ति करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के लिए विभिन्न पहल कर रही है। विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 में सीसीएल ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये सर्वाधिक76.09 मिलियन टन (एमटी) कोयला उत्पादन कर लक्ष्य प्राप्त किया। श्री प्रसाद ने कोयला मंत्री, प्रल्हाद जोशी, सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, अमृत लाल मीणा, कोल इंडिया, अध्यक्ष, प्रमोद अग्रवाल के साथ राज्य सरकार को अभार व्यक्त किया है।

स्पीड न्यूज

## डायन-बिसाही हत्याकांड में सात नामजद पर केस दर्ज

**इटकी।** इटकी के मल्टी गांव में डायन बिसाही मामले में की गयी बासो देवी (62 वर्ष) हत्याकांड को लेकर इटकी थाना में सात नामजद व अज्ञात पांच-छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इन सबों के विरुद्ध भादवि की धारा 302, 201 व 34 के अलावा डायन विरोधी अधिनियम 3/4 के तहत कांड संख्या 45/23 अंकित किया गया है। मृतका की पुत्री पुष्पा उरांव के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की छापामारी जारी है। इधर मृतका बासो के शव को पोस्टमार्टम के लिये मंगलवार को रिम्स भेज दिया गया है।

## सांसद के निर्देश पर बुसुडीह गांव में लगा ट्रांसफार्मर

**सोनाहातू।** प्रखंड के बुसुडीह गांव में मंगलवार को सांसद के निर्देश पर ट्रांसफार्मर लगा। शनिवार को सांसद संजय सेठ सोनाहातू प्रखंड के दौरे पर थे। इस दौरान बुसुडीह गांव पहुंचे थे। ग्रामीणों ने छह महीने से ट्रांसफार्मर जल जाने की जानकारी उन्हें दी। ग्रामीणों ने ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज को ट्रांसफार्मर जलने की सूचना दी थी। इस दौरान सांसद ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। सांसद ने वहीं से तुरंत बिजली विभाग के जीएम प्रभात श्रीवास्तव से बात कर अविलंब ट्रांसफार्मर लगाने को कहा। सांसद के निर्देश के एक दिन बाद ही विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी है।

## पलांडू में आम महोत्सव सह किसान मेला आज

**नामकुम।** कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केन्द्र पलांडु में बुधवार को आम महोत्सव सह किसान मेला का आयोजन किया गया है। संस्थान के प्रधान डा एके सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल के राधाकृस्णन होंगे। जबकि विषिस्ठ अतिथि के रूप में आईसीएआर पटना के निदेशक अनूप दास मौजूद रहेंगें। कार्यक्रम में आईसीएआर के मुख्यालय एंव संस्थानों,कृसि विष्वविद्यालयों, केन्द्र एंव राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारीयों के साथ साथ कई राज्यों के किसान सम्ममिलित होगें। कार्यक्रम के दौरान आम उत्पादक किसानों के साथ एक इंटरफेस सत्र का आयोजन भी किया जाएगा।

## फार्मेसी के परीक्षार्थी को भेजा जेल

**नामकुम।** पुलिस ने डाक्टर सौरभ कुमार को भेजा जेल। डा सौरभ कुमार मंगलवार को वाईबीएन यूनिर्वसीटी में फामेर्सी की परीक्षा दे रहे थे उसी दौरान प्रष्नपत्र वायरल करने के दौरान सीसीटीवी में कैद हो गए और पकडे गए। जांच के दौरान उनके पास से मोबाईल फोन और फोन में भेजे गए प्रश्प पत्र और आर्न्सर की मिली जिसके बाद केन्द्रधीक्षक डा चन्द्रजीत कुमार के द्वारा उनपर प्राथमिकी दर्ज करायी गया थी।

## पूर्व सैनिक की पत्नी से पर्स की छिनतई

**नामकुम।** मंगलवार सुबह लगभग साढे आठ बजे थानाक्षेत्र के राल गोंद संस्थान समीप सरहुल टांड के पास ई रिक्सा चालक को भाड़ा दे रही महिला शिल्पी देवी से स्नैचरों ने झपट्टा मारकर पर्स की छिनतई कर ली।

# ग्रामीण विकास में ग्राम प्रधानों की भूमिका अहम : रामेश्वर उरांव

### बेड़वारी में ग्राम प्रधान संघ के कार्यालय का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सोमवार को अनगड़ा के बेड़वारी में रांची जिला ग्राम प्रधान संघ कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया। इस मौके पर वित्त मंत्री श्री उरांव ने ग्राम प्रधानों को अपने दायित्व और कर्तव्य के प्रति सजग रहने को कहा। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में ग्राम प्रधानों की भूमिका काफी अहम है। हर तरह की योजनाओं को पास कराने के लिए ग्राम सभा से प्रस्ताव पास कराना आवश्यक होता है। उद्घाटन के मौके पर संघ के अध्यक्ष उमेश बड़ाईक, मुखिया सरिता तिर्की, शीला देवी, लोकनाथ पहान, रंथा महली, बाबूलाल बड़ाईक, शिवलाल पहान, श्रीनाथ मुंडा, अर्जून पहान, सदीप सांडील, सोमरा उरांव, दुलाल बेदिया, मनीष महली आदि उपस्थित थे।



### विधायक ने रखी विकास योजनाओं की आधारशिला



**मांडर।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा मंगलवार को प्रखंड के कई स्थानों पर विभिन्न योजनाओं का आधारशिला रखी गई। बरगड़ी एवं कंजिया मे मुस्लिम कब्रिस्तान घेराबंदी और मलती एवं करगे पंचायत मे जल मिशन योजना के तहत हर घर जल योजना का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक शिलान्यास कार्यक्रम मे उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओ का विस्तृत जानकारी दी पंचायत मे जितने गांव है उन गाँवो मे कितने बोरिंग किया जायेगाए बोरिंग के माध्यम से पैम्प द्वारा कैसे घर घर मे नल के द्वारा पानी दिया जाएगा। मौके पर प्रमुख फिलिप सहाय एक्काए पंचायत के मुखिया ए जमील मलिकए होसे उरांवए शाहिद अंसारीए हेलाल अंसारीए मोजिबुल रहमानए हसमुदीन अंसारीए महमूद अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

# सोनाहातू पहुंचा 19 हाथियों का झुंड, दहशत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** सोनाहातू प्रखंड में 19 की संख्या में हाथियों का झुंड प्रवेश कर गया है। सोनाहातू की सीमा में हाथियों का झुंड दो भागों में बंट गया है। पहला झुंड जिसमें 12 कई संख्या में हाथी हैं, जो बारेंदा पहाड़ी होते हुए कोटाब जंगल में पहुंच गये हैं। दूसरे झुंड में सात हाथी हैं जो हेसाडीह और भुसुडीह के बीच जंगल में है। हाथियों का झुंड चांडिल रेंज से सोनाहातू आया है। हाथी मित्रों ने लोगों से अपील की है कि शाम होते से सुनसान और जंगल के रास्ते में नहीं जायें। गांव के आसपास हाथी दिखाई देने पर एक-दूसरे को सतर्क करें। जानकारी और सतर्कता से ही हाथी से बचाव किया जा सकता है।

### हाथी प्रभावितों को जल्द मिले मुआवजा

इधर हाथी मित्र तापस कर्मकार ने सरकार से हाथी से नुकसान के मुआवजे प्रक्रिया में तेजी लाने का मांग की है। फसल नष्ट या मकान नुकसान का मुआवजा तत्काल देने की मांग की गई है। साथ ही मुआवजा राशि मे वृद्धि करने की मांग किया है। वर्तमान में खेत में फसल नुकसान होने पर 20 हजार प्रति हेक्टेयर, भंडारित अनाज नष्ट होने पर 1600 रुपये प्रति क्विंटल, घर तोड़ने या क्षतिग्रस्त करने पर 10 से 20 हजार रुपये मुआवजा तय है। मुआवजा भुगतान में एक साल लग जाता है। अक्टूबर 2022 में मुआवजा मिला है। अक्टूबर के बाद अभी तक मुआवजा लंबित है। विभाग के पास फंड नहीं है, जिस कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है।

## 72 घंटे का अखंड कीर्तन संपन्न

**चान्हो।** केंद्रीय कीर्तन मंडली बिजुपाड़ा के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित 72 घंटे का अखंड हरि कीर्तन मंगलवार को पूणार्हुति के साथ संपन्न हो गया। पिछले 72 घंटे से पूरा क्षेत्र हरे राम हरे राम राम राम हरे हरेए हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे के आवाज से गुंजायमान रहा। इस कीर्तन में लुंडरीए बेतलंगीए हुटारए बिजुपाड़ाए गणेशपुरए कुरकुराए सुकुरहुटूए मसमानो के अलावा मांडरए बुढमुए बेड़ो और कुड़ू प्रखंड के कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया।

एक नजर में

## विधायक ने दशकर्म के लिए किया सहयोग



**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से प्रखंड के नवागढ़ मड़ई टोली निवासी स्व धनेश्वर हजाम के दसकर्म के लिए सूखा राशन उपलब्ध कराया गया मौके पर उपप्रमुख जयपाल हजाम, एतवा उरांव, अजय करमाली, शनिचरण बेदिया, एतवा बेदिया, विजय कुमार बेदिया, कमलेश करमाली, डोमान हजाम सहित मृतक के परिजन उपस्थित थे।

## रातू में महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन और झंडागड़ी के बाद निकली बाइक रैली

**रातू।** राजकिला मैदान में 12 जून से आयोजित होने वाले पांच दिवसीय श्रीराम कथा और लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भूमि पूजन कर ध्वजारोहन किया गया। शाम में सैकड़ों भक्तों ने मोटर साइकिल रैली निकाली। इस दौरान जय श्रीराम के नारे से माहौल गुंज उठा। कथा और यज्ञ को ले इलाके के श्रद्धालु उत्साहित हैं। इससे पूर्व सुबह दस बजे पुजारी अनिल पाठक ने यजमान मोहन साहु व कैलाश बैठा सपत्निक यज्ञस्थल पर भूमि पूजन कराया। रैली में अंबिका प्रसाद, रामधीर तिवारी, हजारी प्रसाद, बाबू साहु, मिथलेश दुबे, गौतम राणा, संजय गुप्ता, संजय साहु, सुरेश गुप्ता, अजय साहु, पंकज दुबे, सुबोध साहु आदि शामिल थे।

## विवादित भूमि मामले में केस दर्ज होने पर आदिवासी संगठन घेरेगा थाना

**मांडर।** प्रखंड के करगे पंचायत अंतर्गत हत्मे स्थित विवादित भूमि के मामले को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों की एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता पहान महासंघ के केंद्रीय प्रमुख जगदीश पाहन ने की। बैठक में सर्वसम्मति से कहा गया कि विवादित भूमि मामले में यदि किसी भी व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज की जाती है तो समाज के द्वारा विभिन्न आदिवासी संगठनों की अगुवाई में थाने का घेराव किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि किसी व्यक्ति विशेष को भू माफियाओं द्वारा निशाना बनाया जाता है तो ग्रामीण उन्हें चुन चुन कर निशाना बनाएंगे। साथ ही इस दौरान गांव में एकता बनाए रखने सतर्क रहने और हमेशा तैयार रहने की बात की गई। बैठक में मांडरए बुढ़मु एवं चान्हो के कई आदिवासी संगठनों के पदाधिकारी गण कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# नाबालिग का चार माह से कर रहा था यौन शोषण

### आरोपी ने स्वीकार किया जुर्म, पुलिस ने भेजा जेल

### कोचिंग प्रकरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** कोचिंग सेंटर के प्रो पशुपति नाथ कुशवाहा चार माह से किशोरियों के साथ यौन शोषण कर रहा था। यहां दो कमरे हैं। एक में और भी बच्चे ट्यूशन पढ़ते थे। पढ़ाई के दौरान दोनों को अलग कमरे में ले जाकर रेप करता था। परिवार के लोगों को बताने की मनाही थी। धमकी देकर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाने का सिलसिला जारी था। आरोपी ने उनकी अश्लील विडियो भी बनायी थी। इसकी आड़ में वह यौन शोषण को अंजाम देता रहा। आश्चर्य यह है कि आखिर इतने दिनों तक बच्चियां खामोश क्यों थी। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। बच्चियों की मेडिकल जांच करायी गयी। कोर्ट में मजिस्ट्रेट की ओर से उनका बयान रिकार्ड किया जायेगा। इधर असामाजिक तत्वों द्वारा लव-जिहाद की अफवाह फैलाकर क्षेत्र को अशांत करने की कोशिश की गयी। थानेदार सपन कुमार महथा ने कहा कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है।

### ऐसे हुआ भंडाफोड़

सोमवार को दोनों बहनें ट्यूशन नहीं गयीं। आपबीती सुना रोने लगी और बताया कि ट्यूटर उनके साथ गलत व्यवहार करता है। इसके बाद परिजन सेंटर पहुंचे। इससे कुशवाहा घबरा गया। वह माफी के लिये गिड़गिड़ाने लगा। इतने में वहां भीड़ जमा हो गयी। लोग आरोपित पर टूट पड़े। पिटाई से वह जख्मी हो गया। शरीर के विभिन्न अंगों में अंदरूनी चोटे आयी है। उसके कपड़े भी फाड़ दिये गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसकी जान बचायी।

# ओरमांझी: टैंकर चालक से बाइकर्स ने लूट लिये रुपये

### बैंक में रुपये जमा कराने जा रहा था ड्राइवर

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** एनएच-20 रांची रामगढ़ रोड किनारे स्थित बैंक में पैसा जमा करने पहुंचे टेंकर चाकल से बाइक सवार अपराधियों ने रूपए छपट कर फरार हो गए। मंगलवार दोपहर एक बजे हुई घटना के संबंध में बताया गया कि रजरप्पा कोरांबे निवासी डीजल टेंकर चालक अजीत कुमार व खलासी धनेष्वर कोयरी दोनो बैंक में पैसा जमा करने पहुंचे थें। पंजाब नेषनल बैंक ओरमांझी स्थित वाहन खड़ा कर वाहन में ही बैठ कर बैग में रखे रूपए को गीन कर फार्म भर रहे थें। तभी केटीएम बाइक में सवार हो दो अपराधी पहुंचे। उसमें एक वाहन की खुले खिड़की से बैंग झपट कर भागने लगे। चालक द्वारा कुछ दूर तक टेंकर से ही पिछा किया गया, लेकिन सफल नही हुआ। बाद में चालक व खलासी दोनो ओरमांझी थाना पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। चालक ने बताया कि बैग मे लगभग 50 हजार रूपए थें। बैग से रूपए निकाल गिन रहे थें। बैग में बचे लगभग 11 हजार रूपए ही अपराधियों के हांथ लगे हैं। बैंक के कुछ दूर आगे ओरमांझी में मंगलवार बाजर लगी हुई थी। काफी संख्या में लोगों को आना जाना भी लगा हुआ था। बावजूद दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधी रूपए झपट कर फरार हो गए। जिसे लेकर स्थानीय लोगों द्वारा चिंता जताया गया है।

# कांके में नाबालिग से दुष्कर्म

### बीएयू के फॉरेस्ट्री में कैजुअल लेबर का काम करती है

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी कॉलेज के बहरा डिप्पा जगह पर कार्य कर रही नाबालिग कैजुअल मजदूर के साथ नाहेफ प्रोजेक्ट के तहत कार्य करने वाले एक अफसर द्वारा दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना 5 जून की दोपहर 3 बजे की है। दुष्कर्मी अफसर नाहेफ प्रोजेक्ट के सबसे बड़े अफसर का नजदीकी बताया जाता है। घटना की जानकारी मिलते ही कैजुअल मजदूरों ने 6 जून को दुष्कर्मी अफसर को पेड़ से बांधकर काफी पिटाई भी की है लेकिन मामला अभी तक कांके थाना में दर्ज नहीं किया जा सका है। ना ही युवती कांके थाना में मामला दर्ज कराने पहुंची है। बताया जाता है कि युवती को इतना डरा धमका दिया गया है कि अगर वह मामला दर्ज कराएगी तो उसकी नौकरी खतरे में पड़ जाएगी। क्योंकि युवती की मां सख्त बीमार है। और अपने मां के जगह पर ही वह मजदूरी करने फॉरेस्ट्री कॉलेज जाती है। विश्वास सूत्रों का यह भी कहना है कि यह दुष्कर्मी अफसर प्रतिदिन पिछले 10 दिनों से छेड़खानी कर गलत काम के लिए युवती को प्रेरित कर रहा था। जिसकी शिकायत युवती ने बड़े अफसर से भी की थी। लेकिन इसकी नहीं सुनी गई। इससे दुष्कर्मी अफसर का मनोबल बढ़ता गया और इसने दुष्कर्म जैसे बड़े कांड को अंजाम दे डाला। दुष्कर्मी पर विवि प्रशासन नहीं करें, इसके लिए सभी कैजुअल मजदूरों और जानकारों को डराया धमकाया जा रहा है।

## आरोग्य भारती में मना पर्यावरण दिवस

**कांके।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरोग्य भारती द्वारा कांके प्रखंड के सुकुरहुट्ट ग्राम में पौधा वितरण तथा रोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में आरोग्य भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह पर्यावरण प्रमुख प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि पर्यावरण तथा प्रकृति की रक्षा में आदिवासियों विशेष योगदान है।


उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा
जिला कौशल कार्यालय, गढ़वा
Email Id- employmentexchangegarhwa@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा

SCA /जिला योजना अनाबद्ध निधि / DMFT निधि मद अंतर्गत गढ़वा जिला के इच्छुक छात्र / छात्राओं के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाना है।

उक्त के आलोक में इच्छुक प्रशिक्षण सेवा प्रदाता / संस्था /NGO /फर्म एवं कम्पनी आदि दिनांक–21.06.2023 को अपराहन् 05.00 बजे तक अति अल्पकालीन निविदा संबंधित प्रस्ताव जिला कौशल कार्यालय,गढ़वा में जमा कर सकते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| I | विज्ञापन दाता का पदनाम | : | जिला कौशल पदाधिकारी,गढ़वा। |
| II | EOI जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | : | दिनांक–21.06.2023 , अपराहन् 05.00 बजे तक |
| III | EOI जमा करने का स्थान | : | जिला कौशल कार्यालय,गढ़वा। |
| IV | EOI खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक–22.06.2023, समय–12.30बजे अपराहन् |
| V | EOI खोलने का स्थान | : | उप विकास आयुक्त का कार्यालय प्रकोष्ठ,गढ़वा। |

| Name of Work | Total Target |
|---|---|
| Computer Training | 90 + 90 + 90 = 270 Students |

नोट :–उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) से सम्बंधित अन्य शर्त एवं कार्य की विस्तृत विवरणी www.garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला कौशल पदाधिकारी
गढ़वा

PR 299347 Labour Employment and Traning(23-24)#D


# श्रम मंत्रालय के समक्ष सीटू कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिपरवार।** राज्य स्तरीय सीटू के बैनर तले झारखंड सरकार के श्रम मंत्रालय डोरंडा रांची कार्यालय में विशाल धरना व प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी एवं अजेश मुंडा के नेतृत्व में पिपरवार क्षेत्र से दर्जनों साथी भाग लिए इस प्रदर्शन को सभी वक्ताओं ने संबोधन किया सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा श्रम कानून में परिवर्तन कर 44 श्रम कानून को समाप्त कर दिया है एवंए4ए चार लेबर कोर्ट कानून पास कराना चाहती है ताकि भारत सरकार को पूंजी पतियों को ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचा सके यह लेबर कोर्ट काला कानून पूंजी पतियों के पक्ष में भारत सरकार बनाई है जिसका हमारा संगठन करीब विरोध करती है एवं यह मांग करती है यह काला कानून 4 लेबर कोड वापस लिया जाए ठेका मजदूरों को सामान्य वेतन का भुगतान किया जाए मजदूरों को समान कार्य का समान वेतन 25000 किया जाए छटनी बंद किया जाए बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए आदि 14 सूत्री मांग पत्र श्रम मंत्रालय को एक प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा इसके साथ पुरजोर नारा बाजे भारत सरकार के खिलाफ एवं श्रम मंत्रालय के खिलाफ किया किया साथ ही सीटू राज्य कमेटी के द्वारा आज के इस मंच से रेल मंत्री भारत सरकार को इस्तीफा की मांग की गई क्योंकि कुछ दिन पहले रेल दुर्घटना में बहुत लोगों की जानें गई है जिसका जिम व्यवहार भारत सरकार के रेल मंत्रालय है आज के इस धरना प्रदर्शन में पिपरवार क्षेत्र से क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश मुंडा रुखसार आलम समसुल होगा मोहम्मद इम्तियाज मोहन सा गणेश कुमार अशोक विश्वकर्मा अर्जुन गंजू सीताराम शहीद लगभग 20 के संख्या में पिपरवार क्षेत्र से शामिल हुए।


Office of the Executive Engineer
Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

E-Procurement Tender Notice

Tender Reference No. DWSD/LTR/SVS-06/2022-23 (3rd Call) Date – 06.06.2023

01. Name of Department ;- Drinking Water & Sanitation Department. Jharkhand
02. Date & Time of Tender uploading in Web site ;- 08.06.2023 at 04.00 P.M
03. Last date of Receipt of Bid ;-15.06.2023 05.00 P.M
04. Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money;-16.06.2023at 05.00 P.M
1. Executive Engineer D W & S Div Latehar
2. Suprintending Engineer D W & S Circle Medininagar0
05. Date of Opening Tender ;-17.06.2023 at 02.00 P.M0
06. Name & Address of Tender Inviting Authority;-Executive Engineer D W & S Div Latehar
07. Contact No of Procurement Office ;-9430725642 & 6201242103
Detail of work ;-

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | No of FHTC | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Rural Water Supply For SVS under JJM in different Village of Latehar District with FHTC work under D W & S Div latehar for FY 2022-23 | SVS Jalima | 05 | 64 | 3030366.00 | 61000.00 | 5000.00 | 03 month |
| 02 | | SVS Aara | 04 | 49 | 2508032.00 | 51000.00 | 5000.00 | 03 month |
| 03 | | SVS Barahniyakhar | 01 | 15 | 814892.00 | 17000.00 | 1250.00 | 03 Month |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR.NO.299329 Drinking Water and Sanitation(23-24):D


# विकास छठ तालाब को जेसीबी से भरने का प्रयास

### पंस सदस्य ने रोका

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** मेसरा टीओपी थाना क्षेत्र के विकास छठ तालाब खतरे में है। उक्त तालाब की बिक्री करने के लिए चूना गिरा कर मापी की गई है। वहीं तालाब के बीच में जेसीबी भी चलवाया जा रहा था। जिसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीणों के साथ पहुंचे पंस सदस्य सूरज प्रकाश द्वारा जेसीबी चलाने से रोक दिया गया। जिसे लेकर तालाब के खतियान धारी के बंसजों द्वारा थाना में लिखित शिकायत भी किया गया है। मेसरा विकास चौक से कुछ ही दूरी पर उक्त तालाब भूमि है। फिलहाल गर्मी के कारण तालाब पूरी तरह सुख गई है। आसपास के बच्चे सुखे तालाब पर खेलते भी हैं। उसके आसपास के भुमि काफी कीमती है। तालाब की जमीन को फिलिंग व प्लॉटिंग कर बेचे जाने से 10 से 15 करोड़ तक का मुनाफा हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसास इतनी बड़ी राषि पर ही भु-माफियाओं की नजर है। जिसके कारण वंसजो को आगे कर तालाब भुमि को कब्जा करने का प्रयास की जा रहा है। जिसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी है। बताया गया कि सरकार द्वारा उक्त तालाब की खुदाई व गहरीकरण कार्य किया गया है। 1950-51 में खतियान धारियों द्वारा बिहार सकार को भुमि दान दी थी। तालाब के खुदाई व मेढ निर्माण में भुमिदाताओं के स्वजन भी मजदूरी किए थें। तालाब निर्माण के बाद आसपास के किसानों की सिंचाई सुविधा व पषु को पिने व नहलाने के लिए पानी भी मिला। उक्त तालाब से लोगों को आस्था से भी जुड़ा है। आसपास के ग्रामीण छठ पूजा भी इसी तालाब में करते हैं। जिसके कारण मेसरा किवास तालाब को छठ तालाब के रूप में भी जाना जाता है।

### मत्स्य पालन के लिए तालाब का होता है बंदोबस्त

पूर्व प्रमुख प्रेमचंद महतो ने बताया कि उक्त तालाब की बंदोबस्ती (मत्स निदेशालय) सरकार द्वारा कराया जाता है। प्रेमचंद महतो के अलावा गांव के सुरेश सिंह सहित कई लोगों बंदोबस्ती में लेकर मछली पालन भी किया गया। इसकी पुष्टि गांव वालों के अलावे विभाग बंदोबस्ती रसीद से भी होती है। सूचना है स्थानीय ग्रामीण छठ तालाब को बचाने के लिए संगठित हो रहे हैं। तालाब को बचाने के लिए ग्रामीण आर-पार की लड़ाई लड़ने की भी तैयारी कर रहे हैं।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल,जामताड़ा
पुनः ई– निविदा आमंत्रण सूचना

Re e-Tender Refrence No. : WRD/MID/Jamtara/F2-05/2023-24

विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई विभाग) झारखण्ड ।
विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, जामताड़ा । Date:– 03-06-2023

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0में) | वेवसाइट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का संपर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जामताड़ा प्रखण्ड अन्तर्गत धोबना जोरिया पर एकल चेकडैम निर्माण | 66.033 | 133000.00 | 10000.00 | 12.06.2023 | 27.06.2023 | 01.07.2023 | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल जामताड़ा | 11 माह | 9304384785 सम्पर्क समय : 10.00 AM to 5.00 PM (कार्यालय अवधि) |
| 2 | कुण्डहित प्रखण्ड अन्तर्गत गायपाथर जोरिया पर एकल चेकडैम निर्माण | 61.365 | 123000.00 | 10000.00 | 12.06.2023 | 27.06.2023 | 01.07.2023 | | 11 माह | |
| 3 | नाला प्रखण्ड अन्तर्गत कुसुमदाहा जोरिया पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम | 233.34 | 467000.00 | 10000.00 | 12.06.2023 | 27.06.2023 | 01.07.2023 | | 11 माह | |
| 4 | नारायणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत चन्दाडीह लखनपुर जोरिया पर श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | 122.268 | 245000.00 | 10000.00 | 12.06.2023 | 27.06.2023 | 01.07.2023 | | 11 माह | |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा । 2. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। 3. परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि दिनांक–12.06.2023 के 11.30 बजे पूर्वाहन से दिनांक–27.06.2023 3.00 बजे तक लघु सिंचाई प्रमण्डल,जामताड़ा के कार्यालय कक्ष एवं दिनांक 28.06.2023 के पूर्वाहन् 10.30 बजे से 3:00 बजे अपराहन तक जिला नियंत्रण कक्ष, जामताड़ा में जमा ली जायेगी । 4. सरकार द्वारा निर्गत सभी अद्यतन परिपत्र, अधिसूचना निविदा में लागू रहेंगे ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेवसाइट http:// Jharkhandtenders.gov.in पर लॉगईन किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल,जामताड़ा

PR 299308 Minor Irrigation(23-24)D

# राहुल की बात


राहुल गांधी ने अमेरिका में उन्होंने जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी को सीधे निशाने पर लिया वैसा वे आम तौर पर नहीं करते हैं। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के जाने से पहले एक बड़ी लकीर खींच दी। अब जैसा कि भाजपा की आदत है वह इससे बड़ी लकीर खींचने की कोशिश नहीं करेगी बल्कि हमेशा की तरह कांग्रेस की लकीर छोटी करने में लग जाएगी। मगर यह नकारात्मक ट्रिक हमेशा सफल नहीं होती है। नकारात्मकता की एक उम्र होती है और वह शायद हो गई। 9 साल बहुत होते हैं। कुछ सकरात्मक करने के बदले सिर्फ कांग्रेस की, नेहरू की, राहुल की गलतियां निकालते रहने का जवाब जनता ने कर्नाटक में दे दिया। वहां भाजपा ने हर चाल चली। हलाल, हिजाब, टीपू सुल्तान, कांग्रेस आई तो दंगे हो जाएंगे, यहां तक की कांग्रेस कर्नाटक को देश से अलग करना चाहती है तक भाजपा ने प्रचार किया। और आखिरी में तो खुद प्रधानमंत्री बजरंग बली तक को चुनाव प्रचार में ले आए। मगर कोई उपाय काम में नहीं आया। राहुल की पांच गारंटी, चालीस परसेन्ट की सरकार और बेरोजगारी, महंगाई जैसे वास्तविक मुद्दे ही चले। राहुल इस जीत के कान्फिडेंस के साथ अमेरिका गए थे। राहुल ने कहा कि वे वैज्ञानिकों को विज्ञान, इतिहासकारों को इतिहास, सेना को सैन्य विज्ञान और वायुसेना को उड़ना सीखा सकते हैं। यह जबर्दस्त चोट थी। और सही जगह। आईआईटी, एम्स, आईआईएम दूसरे उच्च शिक्षा संस्थान बनाकर वहां शिक्षा का ऊंचा स्तर रखा। उसी का नतीजा है कि वहां से निकले विद्यार्थियों को दुनिया भर में हाथों हाथ लिया गया। और इन युवाओं ने देश का नाम विदेशों में रोशन किया। राहुल गांधी की राजनीति अब भारत जोड़ों यात्रा के बाद आत्मविश्वास से लबरेज है देश हित में है।

# मरते किसान

किसी कृषि प्रधान देश के लिये यह शर्मनाक स्थिति ही कही जायेगी कि एक साल के भीतर उसके दस हजार से ज्यादा किसान व खेती से जुड़े श्रमिक आत्मघाती कदम उठायें। रविवार को सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट यानी सीएसई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021 में कृषि क्षेत्र से जुड़े 10881 लोगों ने आत्महत्याएं की हैं। इसके मायने ये हैं कि वर्ष 2021 में प्रतिदिन आत्महत्या करने वालों की संख्या तीस रही थी। उल्लेखनीय है कि इस एक साल में मरने वालों का आंकड़ा पिछले पांच वर्षों में सर्वाधिक रहा है। निश्चय ही यह चुनौतीपूर्ण समय था जब देश विश्वव्यापी कोरोना संकट से जूझ रहा था। वहीं किसान केंद्र सरकार द्वारा लाये गये तीन कृषि सुधारों के खिलाफ खड़ा था। उल्लेखनीय भी है कि वर्ष 2021 में सबसे अधिक आत्महत्या करने वाले किसानों व खेतिहर मजदूरों का आंकड़ा महाराष्ट्र में 4064 रहा। उसके बाद कर्नाटक में 2169 तथा फिर तीसरे नंबर पर मध्यप्रदेश में यह आंकड़ा 671 रहा। वहीं खाद्यान्न का कटोरा कहे जाने वाले पंजाब व हरियाणा में आत्महत्या करने वाले किसानों व खेतिहर श्रमिकों की यह संख्या 270 और 226 रही। इससे पहले वर्ष 2016 में करीब 11,379 कृषि कर्म से जुड़े सर्वाधिक लोगों ने आत्महत्याएं की थी। निस्संदेह यह हमारी चिंता का विषय होना चाहिए कि पिछले वर्षों में इन आंकड़ों में गिरावट के बाद वर्ष 2021 में फिर आत्महत्या के मामलों में तेजी कैसे आई है। वास्तव में इस आंकड़े में तेजी की एक बड़ी मानसून की असमान्य स्थिति और उसकी वजह से हाल के दिनों में मौसम के मिजाज में आए अप्रत्याशित बदलाव के चलते खाद्यान्न उत्पादन में आई गिरावट रही भी है। हर आरे से किसान परेशान है और हताश भी।

# भारत के स्थायित्व की कहानी और विकास की बात





**- डॉ. अरुणाभ घोष**

> 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन तक पहुँचने के लिए, भारत की ऊर्जा प्रणाली और आर्थिक संरचना दोनों को बदलने की आवश्यकता है। यह पहल, यहां कई मोर्चों पर आगे बढ़ रही है। देश में अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी नवीकरणीय और सौर ऊर्जा स्थापित क्षमता है। सीईईडब्ल्यू, एनआरडीसी और एससीजीजे के विश्लेषण के अनुसार, भारत का नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र 2030 तक 10 लाख लोगों को रोजगार देगा।

**सतत** विकास केवल पर्यावरणीय चिंता नहीं है; यह वह दृष्टिकोण है, जिसके माध्यम से आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन भी हमारे सामने आता है। छोटे किसानों पर विचार करें। भारत फलों और सब्जियों के क्षेत्र में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, लेकिन इस उत्पादन का एक अनुमान के मुताबिक 5-16 प्रतिशत सालाना बर्बाद हो जाता है। हालांकि, नवीकरणीय ऊर्जा से परिचालित आजीविका उत्पादों के साथ, बदलाव के उदाहरण जमीन पर स्पष्ट होने लगे हैं। आंध्र प्रदेश के एक छोटे से गांव मुसलरेड्डीगरीपल्ली में महिलाओं के समूह बैंगन, टमाटर, करेला और केले को बर्बाद होने से बचाने के लिए, सौर ऊर्जा संचालित ड्रायर में सुखाकर हर महीने लगभग 3.5 लाख रुपये अर्जित कर रहे हैं। जब सबसे कमजोर और वंचित समुदाय अपने जीवन और आजीविका, नए बाजार तथा व्यवसायों से संबंधित अवसरों को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर स्थायी समाधानों को प्रदर्शित करने में सक्षम होते हैं, तो इसे राष्ट्रीय नीति रूपरेखा में शामिल किया जाता है। भारत अब आजीविका के लिए नवीकरणीय ऊर्जा संबंधी नीति बनाने वाला पहला देश है।

इस तरह के कार्यों के माध्यम से, इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से, सतत विकास के लिए भारतीयों की दृष्टि में बदलाव हुए हैं। इसके तीन घटक हैं, जो वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों के लिए एक हरित और समावेशी अर्थव्यवस्था की रूपरेखा के रूप में कार्य कर सकते हैं। पहला, विकास को नागरिक केंद्रित बनाना। चाहे वह सौभाग्य योजना हो, जिसने लगभग 100 प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण सुनिश्चित किया है, या उज्ज्वला योजना हो, जिसके तहत स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए 9.5 करोड़ एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, या स्मार्ट मीटर की शुरूआत हो, जो वास्तव में लोगों के हाथों में ही बिजली-आपूर्ति के संचालन की सुविधा देता है। भारत ऊर्जा-स्रोतों में बदलाव को एक घरेलू कार्य बना रहा है। उजाला योजना, जिसका उद्देश्य एलईडी प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण करना है, सालाना लगभग 3.9 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को बचाने का प्रबंधन कर रही है। इसके साथ, जल जीवन मिशन ने 8 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति की सुविधा दी है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत प्रगति हो रही है, जिसके अंतर्गत 2026 तक चुनिंदा शहरों में अति सूक्ष्म कण वायु प्रदूषण को 40 प्रतिशत तक कम करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, एकल-उपयोग प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन आदि ऐसे उदाहरण हैं, जो दिखाते हैं कि कैसे सतत विकास से जुड़े बड़े पैमाने के कार्यक्रम भी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं।

दूसरा, अर्थव्यवस्था-केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से सतत विकास को बड़े पैमाने पर गति देना। 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन तक पहुँचने के लिए, भारत की ऊर्जा प्रणाली और आर्थिक संरचना दोनों को बदलने की आवश्यकता है। यह पहल, यहां कई मोर्चों पर आगे बढ़ रही है। देश में अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी नवीकरणीय और सौर ऊर्जा स्थापित क्षमता है। सीईईडब्ल्यू, एनआरडीसी और एससीजीजे के विश्लेषण के अनुसार, भारत का नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र 2030 तक 10 लाख लोगों को रोजगार देगा। भविष्य के इस कार्य बल को प्रशिक्षित करने के लिए, स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स कर्मचारियों को हरित व्यवसायों और सेवाओं के लिए प्रशिक्षण दे रही है। ग्रामीण भारत भी इस बदलाव से अछूता नहीं है। वितरित नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों के पास 4 लाख करोड़ रुपये का बाजार अवसर है और ये जमीनी स्तर पर महिलाओं को सीधे सशक्त बना रहे हैं। इसी तरह, पीएम-कुसुम योजना, जिसके तहत अक्टूबर 2022 तक 1.5 लाख सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा परिचालित बनाया गया है, का उद्देश्य किसानों के सिंचाई बिलों को कम करते हुए उनकी आय में वृद्धि करना है। जैसे-जैसे दुनिया जीवाश्म ईंधन से दूर जा रही है, हम भविष्य के ईंधन, विशेष रूप से हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी बड़े कदम उठा रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े कार्यक्रमों में से एक, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के साथ, भारत विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता से समझौता किए बिना, उर्वरक और इस्पात जैसे भारी उद्योगों को कार्बन-उत्सर्जन मुक्त बनाने के लिए हरित हाइड्रोजन का उपयोग कर सकता है।

ये वास्तव में भारत की शहरी और कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बड़े कदम हैं। हालांकि, उनकी वास्तविक क्षमता के उपयोग के लिए इन कदमों की बड़े पैमाने पर विस्तार करने की आवश्यकता है, जिनमें शामिल हैं - विनिर्माण के क्षेत्र में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (विशेष रूप से केवल स्वच्छ तकनीकी उत्पादों की जोड़ने के बजाय उच्च मूल्यवर्धन पर ध्यान केंद्रित करना), पूंजी सहायता में वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं का विविधीकरण और खरीदारों के लिए प्रोत्साहन (फेम जैसी योजना, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है) आदि।

तीसरा, भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सतत विकास से जुड़े पहलों को मजबूत कर रहा है। 2015 में भारत और फ्रांस द्वारा शुरू किए गए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) को सौर ऊर्जा की कीमतों को कम करने, सकल मांग को कम करने और 115 हस्ताक्षरकर्ता देशों के बीच सहयोगी अवसर पैदा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसी तरह, 2019 में भारत द्वारा लॉन्च किया गया आपदा-रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों का सामना कर रहे क्षेत्रों में सहनशील अवसंरचना के निर्माण को बढ़ावा दे रहा है। अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के तहत, भारत की योजना 2030 तक वन आच्छादित क्षेत्र के माध्यम से 2.5-3 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड का कार्बन सिंक बनाने की है। आर्द्रभूमि के प्रबंधन में सुधार (जलवायु जोखिमों को कम करने में उनकी भूमिका सहित) और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## खास बात

# नये भारत का अणुव्रत सूर्योदय

**ललित गर्ग -**

**दुनिया** का पहला नैतिक आन्दोलन है जो इतने लम्बे समय से इंसान को इंसान बनाने में जुटा है। यह अशांत विश्व को शांति की जीवनशैली का अनूठा उपक्रम है। 1 मार्च, 1949 - अणुव्रत आंदोलन के प्रवर्तन यानी स्थापना का ऐतिहासिक दिन है। 72 वर्ष पूर्व आजाद भारत को असली आजादी अपनाने के संदेश के साथ आचार्यश्री तुलसी ने अणुव्रत के रूप में इसका राजमार्ग भी सुझाया था। आचार्यश्री तुलसी द्वारा प्रदत्त अणुव्रत का यह दर्शन आज विश्व दर्शन के रूप में प्रस्थापित हो चुका है। 21 वीं सदी के दूसरे दशक का समापन कोरोना वायरस की महामारी के रूप में एक वैश्विक त्रासदी के साथ हुआ है। ऐसी त्रासदी जिसने इंसान को अपने जीवन मूल्यों और जीवनशैली पर पुनर्चिंतन करने को मजबूर किया है। इसी बदलाव की चैखट पर अणुव्रत आन्दोलन एक ऐसी जीवनशैली लेकर प्रस्तुत हो रहा है, जिसे अपनाकर मानवमात्र स्व-कल्याण से लेकर विश्व कल्याण की भावना को चरितार्थ करने में सक्षम हो सकेगा।

अणुव्रत आंदोलन के बहत्तर वर्ष की लंबी यात्रा का एक उजला इतिहास है, यह नये भारत के सूर्योदय का प्रतीक है। राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के एक कठिन प्रयास को लेकर यह मिशन राष्ट्र की हर समस्या को छूता हुआ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न मंचों तक पहुंचा। एक सम्मानजनक मान्यता अणुव्रत आंदोलन को मिली। इसकी आवश्यकता को साधारण व्यक्ति से लेकर शिखर तक सभी ने स्वीकारा। अणुव्रत के प्रवर्तक आचार्य श्री तुलसी और उनके बाद के अनुशास्ता आचार्य श्री महाप्रज्ञ एवं वर्तमान आचार्य श्री महाश्रमण ने पूरे राष्ट्र एवं पडौसी देशों की अनेक पदयात्राएं कीं एवं चैपालों से लेकर राष्ट्र के सर्वोच्च मंचों तक मनुष्य को मनुष्य बनने के लिए सार्थक एवं प्रभावी उपक्रम किये। नैतिक मूल्यों की गिरावट तथा मनुष्य की दुष्प्रवृत्तियों पर बराबर प्रहार करते रहे। तीनों ही आचार्यों ने अपने संघ तथा सम्प्रदाय से ऊपर उठकर सर्वधर्म समन्वय ही बात को प्राथमिकता दी। धर्म और धर्म निरपेक्षता की सही परिभाषा दी।

# वैदिक जगत और ज्ञान


## विचार-प्रवाह

**सुभाष काक**

**बुद्ध** ने अपने प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर वैदिक जगत के विभिन्न तत्वों की पुष्टि की है। इनमें हैं कई स्वर्ग, नरक और देव, असुर और राक्षस जैसी पराशक्तियां। बुद्ध ने अपनी दैवीय दृष्टि से इन प्राणियों और लोक को देखने का दावा किया है। उन्होंने यह दावा भी किया है कि किस तरह भावुक प्राणी देह बदलने की प्रक्रिया में अस्तित्व के इन विभिन्न रूपों से गुजरते हैं। इसलिए बुद्ध ने इसे वैदिक ब्रह्मांडीय भूगोल समझा, जहां ये सभी प्राकृतिक और अलौकिक प्राणी रहते हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि जगदला मठ के एक बौद्ध महंत ने बुद्ध पर 30 श्लोक लिखे, जबकि शिव पर 73 और विष्णु पर 40।

दार्शनिक और मानव विज्ञानी आश्चर्य करते हैं कि एक बौद्ध ग्रंथ में शिव और विष्णु क्या कर रहे हैं। न ही वे यह बता सकते हैं कि वैदिक देवता किस तरह महायान का हिस्सा हैं। उनके ग्रंथों में एक बौद्ध के रूप में जापान और चीन के वैदिक देवों का बेतुका वर्णन है। कथाओं के मुताबिक जब बुद्ध ने उपदेश देना शुरू किया तो वे उसके अनुयायी बन गए। महायान परंपरा में बुद्ध ज्ञान का सिद्धांत हैं, जो वैदिक खांचे में पूरी तरह सही बैठते हैं। इसका सबसे सशक्त रूप हमें लोटस सूत्र या सद्धर्म पुंडरिका सूत्र में दिखता है। अलग-थलग रहते हुए कश्मीरियों ने अपने बहुत से पुराने रिवाजों को बचाए रखा है। हालांकि उनके हाल के इतिहास के चलते कई समारोहों का अर्थ खो गया है। उदाहरण के लिए, हमें अस्तित्व की छह मनोवैज्ञानिक स्थितियों के बारे में बताया गया है। यहां सबसे निचली तीन स्थितियों के प्रतिनिधि हैं, बुरे लोगों के विचार, अधूरी इच्छाओं के भूत और हमारा पशु स्वभाव।

## कार्टून वर्ल्ड



कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### फैसले का सम्मान हो

**सुप्रीम** कोर्ट के फैसले के बाद भी राकेश टिकैत समेत धरने पर बैठे किसान संगठनों ने धरना नहीं हटाने का फैसला किया है। वहीं कमेटी के सामने पेश होने पर भी असमंजस जैसी स्थिति पैदा कर दी है। इस तरह की बातें किसानों के लिए ठीक नहीं हैं। अब किसानों के लिए जो उच्च कमेटी बनेगी उसे समय देना चाहिए। समस्या के समाधान में उदारता जरूरी है।

**- प्रदीप कुमार दुबे, गढ़वा**

### जाग्रत विपक्ष

**देश** के लोकतंत्र को जरूरत है एक मजबूत और जाग्रत विपक्ष की। मौजूदा समय में सरकार के खिलाफ विरोध करने वाले की आवाज को अक्सर दबा दिया जाता है, मगर वही बात विपक्ष दल करे तो उसका गहरा प्रभाव पड़ता है। देश को आवश्यकता है सशक्त विपक्ष की जो आम जनता के सही विषयों पर चर्चा करे। इसके लिए जानकार लोगों की जरुरत है।

**- आकाश सिन्हा, रांची**

**सभी** भारत वासियों के लिए हर्ष का विषय।
सूरीनाम का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रेंड ऑर्डन ऑफ द चैन ऑफ द एलो स्टार से सम्मानित होने पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी को बधाइयाँ।

**-सुधांशु त्रिवेद्धी, भाजपा**

## आपके ट्वीट

**सदियों** से आदिवासी जीवन मूल्यों का केंद्र रहा है प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण। इन्हीं मूल्यों को आत्मसात कर हम आने वाली पीढ़ी को बेहतर, सुंदर और स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





**आत्मनिर्भरता** की पहली शर्त है- अपने देश की चीजों पर गर्व होना।
जब प्रत्येक देशवासी इससे जुड़ता है, तो आत्मनिर्भर भारत सिर्फ एक आर्थिक अभियान न रहकर एक राष्ट्रय उदेश्य बन जाता है।

**- नरेन्द्र मोदी**

# आज भारत से सहमे-सहमे दिख रहें हैं चीन-पाक

## आर्थिकी

**बीते** कुछ समय के दौरान दो महत्वपूर्ण और सकारात्मक घटनाएं देश की कूटनीति के मोर्चे पर सामने आईं। इनका संबंध भारत के चिर शत्रु पड़ोसियों क्रमशः चीन और पाकिस्तान से है। इन दोनों के साथ भारत के बेहद खराब रिश्ते पिछले साठ दशकों से चलते ही रहे हैं। बीते कुछेक महीनों के दौरान सीमा पर गोलीबारी से लेकर युद्ध जैसे हालात भी बने।

भारत 2021 के स्वाभिमानी राष्ट्रवादी मोदी का भारत बन चुका है क चीन को जब यह लगा कि उसने कोई हरकत की तो उसे लेने के देने पड़ जाएंगे, इसलिए उसने अपनी फौजों को पीछे करना या हटाना चालू कर दिया है। चीन ने भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर के भारत-चीन संबंधों को सुधारने के सुझावों का संज्ञान भी लिया है।

याद रखा जाना चाहिए कि द्विपक्षीय संबंधों में तनाव का कारण सीमा विवाद ही रहता है। अब यह उम्मीद बंधी हैं कि मतभेदों को दूर करने के लिए सकारात्मक प्रयासों का सिलसिला जारी रहेगा। भारत को आशा है कि चीन मतभेदों को दूर करके व्यवहारिक सहयोग को बढ़ावा देने का काम करेगा। बेशक, लद्दाख में पिछले वर्ष हुई घटनाओं ने दोनों देशों के संबंधों को गंभीर रूप से प्रभावित किया। भारत और चीन के संबंध ऐसे दोराहे पर पहुंच गए थे जहाँ आपसी टकराव ही एकमात्र रास्ता दिखता था । अब दोनों देशों को वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी का कड़ाई से पालन और सम्मान करना होगा। इसके साथ ही चीन को यह अच्छी तरह समझ लेना होगा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत को यथास्थिति को बदलने का चीन का कोई भी एकतरफा प्रयास स्वीकार्य नहीं है। यदि अब बात होगी तो 1962 के पूर्व की स्थिति पर ही बात होगी क दोनों देशों का सीमा पर चल रहे विवाद के बहुत दूरगामी असर हो रहे थे। भारत सरकार ने चीन से आने वाले सभी निवेशों पर रोक लगा दी थी, साथ ही 200 से अधिक चीनी ऐप्स पर सुरक्षा का कारण बता कर पाबंदी लगा दी गई थी, जिनमे लोकप्रिय ऐप टिकटोक, वीचैट और वीबो आदि भी शामिल थे। हालांकि यह भी सच है कि दोनों पड़ोसियों के बीच द्विपक्षीय व्यापार आगे बढता ही रहा। प्राप्त आँकड़ों के अनुसार पिछले साल भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार 77.7 अरब डॉलर का था। चीन ने 2013 से 2020 के बीच भारत में 2.174 अरब डॉलर निवेश किया था। हालाँकि यह राशि भारत में विदेशी निवेश का एक छोटा हिस्सा है। भारत-चीन में तनाव बढ़ने से वे चीनी नागरिक भी खासे परेशान रहे जो भारत में रहकर कारोबार कर रहे थे। अगर भारत- चीन के बीच तनाव घटा तो दूसरी तरफ भारत का पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम संबंधी समझौता भी हो गया। इससे तो निश्चित रूप से दक्षिण एशिया में शांति एवं स्थिरता की दिशा में एक बेहतर माहौल बनेगा। हालांकि एक राय यह भी है कि भारत-चीन के बीच समझौता होते ही पाकिस्तान कांपने लगा था । उसे लगने लगा था कि अगर उसका स्थायी मित्र चीन भी भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ा रहा है तो उसे भी अपनी रणनीति तत्काल बदल ही लेनी चाहिए। वर्ना पाकिस्तान तो लगातार भारत की आंख में उँगली देकर लड़ने की कोशिश कर रहा था। पाकिस्तान के कर्णधार भूल रहे थे कि वे भारत से तो पहले हुई सभी जंगों में घुटने पर आ गए थे। फिर भी कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो पिटते भी रहते हैं और दूर जाकर गली देने से बाज नहीं आते थे।

बहहराल, भारत-पाकिस्तान के बीच हुए समझौते का स्वागत होना चाहिए। भारत और पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का सख्ती से पालन करने पर सहमत हुए हैं और यह समझौता 25 फरवरी से प्रभावी भी हो गया है। दक्षिण एशिया में शांति एवं स्थिरता के लिए जरूरी है कि दोनों देश अपने मसले आपस में मिलकर हल करें।

# मुस्लिम लीग पर बोलने के पहले जानना जरूरी

## सामयिक

**आर.के. सिन्हा**

**राहुल गांधी** ने मुस्लिम लीग को सेक्युलर पार्टी होने का प्रमाणपत्र देकर एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी इतिहास की समझ एक स्कूली बच्चे से भी कमजोर है। जाहिर है कि अमेरिका यात्रा पर गये राहुल गांधी के बयान पर हंगामा खड़ा हो गया है। अब सभी कांग्रेसी राहुल गांधी का बचाव करने में भी लगे हैं। यह भारत में ही संभव है कि मोहम्मद अली जिन्ना की जिस ऑल इंडिया मुस्लिम लीग ने भारत को तोड़ा था, उससे मिलते-जुलते नाम से इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) भारत विभाजन के कुछ माह बाद ही एक राजनीतिक पार्टी के रूप में सामने आई। इसका गठन 10 मार्च 1948 को हुआ। ये मुख्य रूप से केरल में ही सक्रिय रही है। कभी-कभी तमिलनाडु में भी चुनाव लड़ती रही है। क्या भारतीय कांग्रेस या भारतीय समाजवादी पार्टी के नाम से कोई पार्टी पाकिस्तान में बन सकती थी?

ऐसी ही एक गलती भारतीय जनता पार्टी के महा शक्तिशाली नेता और पूर्व अध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी ने भी की थी। वे जब पाकिस्तान के दौरे पर थे, जिन्ना की मजार पर चले गये। तब भी पूरे देश में, खासकर भाजपा के अन्दर कोहराम मचा था। हर भाजपाई आडवाणी की पद-प्रतिष्ठा की परवाह किये बिना उनकी आलोचना कर रहा था। स्थिति ऐसी हो गई कि भाजपा की केन्द्रीय कार्यसमिति ने निंदा का प्रस्ताव पास करने का निर्णय लिया। मैं भी भाजपा के 9 अशोक रोड पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में था जिस प्रेस कांफ्रेंस में यह सूचना दी जा रही थी। निंदा का प्रस्ताव स्व. अरुण जेटली जी ने ही बनाया था जो उन दिनों आडवाणी जी के प्रमुख सहायक थे।

अब जरा देख लीजिए कि जो पार्टी केरल में सक्रिय है वह मुसलमानों के लिए अंग्रेजी, अरबी और उर्दू शिक्षा की पक्षधर है। ये केरल के मुसलमानों के लिए समृद्ध भाषा मलयालम या राष्ट्र भाषा हिंदी के महत्व को कतई महत्व नहीं देती। केरल के मुसलमानों को यह उर्दू की शिक्षा ग्रहण करने को लेकर क्यों दुबली हो रही है, यह समझ से परे है। शायद राहुल जी को पता होगा क्योंकि वे वहां से संसद रह चुके हैं। यह जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली चाहती है। इसका लक्ष्य भारत को हिन्दू राष्ट्र बनने से रोकना और भारत को धर्मनिरपेक्ष बनाये रखना भी है। यहीं पर इसकी पोल खुलती है। ये भारत को तो धर्मनिरपेक्ष रखना चाहती है पर दूसरी तरफ मुसलमानों से इस्लाम के अनुसार जीवन जीने की अपेक्षा रखती है। यानी इसका कहना है मुसलमान भारत के संविधान और कानून की जगह इस्लाम की जो व्याख्या मुल्ला करते हैं उसे ही मानें। यह है इसका दोहरा मापदंड।

राहुल गांधी के साथ खड़े तथाकथित सेक्युलरवादी यह भी जान लें कि ऑल इंडिया मुस्लिम लीग भी 1906 में अपनी ढाका में स्थापना के समय पृथक राष्ट्र की मांग नहीं कर रही थी। लेकिन, आगे चलकर उसने अलग पाकिस्तान की मांग चालू कर दी और भीषण नरसंहार के बाद एक तरह से दबाव में उसकी मांग मानी भी गई।

भारत के यही सेक्युलरवादी, जिन्ना जैसे घोर सांप्रदायिक इंसान को बेशर्मी से सेक्युलर तक बता देते हैं। दरअसल ये जिन्ना के 11 अगस्त, 1947 को दिए भाषण का हवाला देकर उन्हें (जिन्ना) सेक्युलर साबित करते हैं। अंग्रेजी में दिए उस भाषण में जिन्ना कहते हैं पाकिस्तान में अब सभी को अपने धर्म को मानने की स्वतंत्रता होगी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### माइक्रो कंप्यूटर सेंटर का मना वर्षगांठ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** माइक्रो कंप्यूटर सेंटर का मंगलवार को धूमधाम से समारोह पूर्वक 18वां वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक मनोज सिन्हा व कंप्यूटर शिक्षिका डौली सिन्हा ने केक काटकर किया। इसके बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच केक व मिठाई का वितरण किया गया। सेंटर के 18वें वर्षगांठ पर बच्चियों द्वारा रंगारंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जो आकर्षण का केन्द्र रहा। मौके पर शिक्षिका डौली सिन्हा ने कहा कि हमारे संस्था का उद्देश्य बच्चों को इस डिजिटल युग में बेहतर शिक्षा देकर रोजगार का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हमारे सेंटर में गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को कम शुल्क पर कंप्यूटर की शिक्षा दी जाती रही है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदर्श, मनीष, करण, रघु, बन्टी, शिवा, रिया, सतीश, रिमझिम, नीतू, निक्की, रितिका, करीना, वीणा, अल्पना, गौरी आदि का विशेष योगदान रहा।

### 25 पुलिस अवर निरीक्षकों को लगा रैंक



**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में मंगलवार को 25 नवप्रोन्नत पुलिस अवर निरीक्षक को एसपी पीयूष पांडे ने लगाया रैंक। पुलिस अधीक्षक ने नव प्रोन्नत अवर निरीक्षकों को बताया कि वे अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक रहें, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें तथा आम लोगों के साथ विनम्रता एवं प्रोफेशनल तरीके से व्यवहार करें। मौके पर एसडीपीओ ,पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ,परिचारी प्रवर एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

### धर्मशाला कमेटी के अध्यक्ष ने प्रदीप

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** खोपड़िया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर सह धर्मशाला कमेटी का पांच सदस्यीय मंडली द्वारा सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें संरक्षक मनोज राम, विनय सिंह चौहान, रामफल बेदिया, रोबिन मुखर्जी, महेश्वर साहू ,परमजीत सिंह धामी, जगतार सिंह, राजकुमार सिंह व राज किशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय शामिल हैं। वहीं अध्यक्ष प्रदीप मांझी, महासचिव किशन बंसल, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, जीवन गुप्ता व दिलीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजय गोयल, सुखदेव राम, सतीश मोहन मिश्रा, विक्की रजक, विश्वरंजन सिन्हा व सुरेश उपाध्याय, कोषाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, सह कोषाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा, सचिव संजय अग्रवाल, योगेश दांगी व अनु राम, सह सचिव शिव कुमार गुप्ता, विजय वर्णवाल, संजय अग्रवाल, अशोक सोनी, बाबूलाल नायक, राकेश चौधरी व बिनय कुमार सिंह, और रितेश मिश्रा मीडिया प्रभारी चुने गये। बताया गया कि कार्यकारणी का गठन नवगठित समिति की बैठक में किया जाएगा। कमेटी गठन के मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, रामफल बेदिया, विनय सिंह चौहान व राजकुमार सिंह शामिल थे।

### वैश्य मोर्चा का सम्मेलन आज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा एयरटेल टॉवर स्थित उत्सव मैरेज हॉल में बुधवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के पदाधिकारियों, सदस्यों, जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं का सम्मेलन होगा । प्रखंड अध्यक्ष मुकेश लाल सिंदूरिया एवं महासचिव भुनेश्वर साव ने बताया कि उक्त सम्मेलन में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की कर्ज माफी, वैश्य समाज के ऊपर हो रहे हमलों, 6 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर महाधरना सहित जिला संगठन विस्तार पर चर्चा की जायेगी। सम्मेलन में मुख्य अतिथि हजारीबाग के विधायक मनीष जायसवाल, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, डॉ विष्णु राजगढ़िया सहित कई अतिथि शामिल होंगे।

### विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बड़कागांव।** जिला विधिक सेवा अधिकार द्वारा मंगलवार को बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता प्रमुख फुलवा देवी ने किया जबकि संचालन पूजा राय ने किया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता विजय कुमार सिंह एवं मोहम्मद मोजम शामिल हुए।कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, आंगनबाड़ी सेविका के अलावा कई विभागों के कर्मी उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।मौके पर अधिवक्ताओं के द्वारा उपस्थित लोगों को कई कानूनन जानकारी प्रदान की।साथ ही दीवानी मामले को मध्यस्था के द्वारा सुलझाने पर जोर दिया गया।आगे बताया कि मध्यस्था के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को लिखित आवेदन देकर निशुल्क सेवा प्राप्त किया जा सकता है। मध्यस्था के द्वारा लोगों की बातों को सुनकर समस्या का हल निकाला जाता है।इसके अलावा कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों के हाथों विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

### एजेकेएसएस का अधिवेशन 10 को

रजरप्पा। रजरप्पा स्थित ऑफिसर्स क्लब में 10 जून को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ का एक दिवसीय केंद्रीय अधिवेशन आहूत किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी मौजूद रहेंगे। केंद्रीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर सोमवार देररात एजेकेएसएस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष रोशनलाल चौधरी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकताओं से अधिवेशन की तैयारी में जुटने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि एजेकेएसएस का केंद्रीय अधिवेशन पूरी तरह से भव्य व ऐतिहासिक होगा। मौके पर युगल किशोर, शोभा बड़ाइक, शिवशंकर महतो, बशीर अंसारी, किशुनलाल साव, रसिक तांती सहित कई लोग मौजूद थे।

# शोकॉज पूछने पर भड़के शिक्षक

## व्हाट्सएप ग्रुप में खबर शेयर करने पर डीएसई ने पूछा था शोकॉज

खबर मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के दो शिक्षकों को डीएसई ने सोमवार को अखबार में छपी खबर को एक व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करने के कारण शो-कॉज का फरमान जारी कर दिया। इसके बाद शिक्षक भड़क गए। शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल डीएसई से मुलाकात कर अपनी आपत्ति जताई। मुलाकात के दौरान डीएसई और शिक्षक प्रतिनिधियों के बीच जमकर तू-तू मैं-मैं हो गई। शिक्षकों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि अखबार में छपी खबर को किसी निजी व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करने से किसी को रोकने का अधिकार नहीं है। विभाग की खबर यदि किसी अखबार में छापा जाता है तो इसके लिए शिक्षकों को दोषी ठहराना कहीं से उचित नहीं है। शिक्षक नेता प्रवीण कुमार ने कहा कि डीएसई मनमानी पर उतारू हैं। वे तुगलकी फरमान जारी कर शिक्षकों को डरा नहीं सकते हैं। शिक्षक नेता मनोज कुमार ने कहा कि शिक्षकों को डराने का प्रयास है। कभी सरकारी काम में बाधा डालने का झूठा आरोप मढ़ कर, कभी न्यूज शेयर करने तो कभी कार्यालय आने पर स्पष्टीकरण पूछ कर शिक्षकों को डराने, अपमानित करने व उनके मनोबल को तोड़ने का कार्य लगभग एक वर्षों से किया जा रहा है। अधिकारियों को यह पता होना चाहिए कि शिक्षक साधारण नहीं होते, उनकी गोद में सृजन और प्रलय दोनों पलते हैं। यदि इन प्रवृत्तियों पर रोक नहीं लगाया गया तो हमलोग आंदोलन को विवश होंगे।

**क्या है मामला :** दरअसल पूरा मामला उत्क्रमित मध्य विद्यालय मसरातू कटकमदाग के शिक्षक धनंजय कुमार के मामले से जुड़ा है। शिक्षक के खिलाफ आरोपों की जांच में कई साक्ष्यों को नजरअंदाज किए जाने के कारण उन्हें निलंबन मुक्त करते हुए पुनः उसी विद्यालय में भेजे जाने के कारण ग्रामीणों में उबाल की खबरें अखबार में छपी थी। इसी से संबंधित खबर को शिक्षकों ने परिवर्तन दल नामक व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर कर दिया था। जो डीएसई को नागवार गुजरी। इसके बाद डीएसई ने शिक्षक धीरज कुमार व बिनोद रंजन को शोकॉज जारी कर दिया।

## नव नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों का दस दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# स्कूलों में अपनी उपयोगिता साबित करें शिक्षक : डीइओ

खबर मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के नवनियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों का दस दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हो गया। उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में चयनित जिला स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण में नव नियुक्त शिक्षक विभागीय नियमावली सहित कई बारीकियों से रू-ब-रू हुए। समापन समारोह के दौरान डीईओ उपेन्द्र नारायण ने कहा कि आप सभी जुझारू व मेहनती हैं। इसलिए उम्मीद व विश्वास है कि आपकी मेहनत से स्कूलों की व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन होगा। अब आपको अपनी उपयोगिता साबित करनी है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि समय का पाबंद व अनुशासन सहित अपने विषय पर फोकस करके बच्चों के भविष्य को संवारने के कार्य करें।

**लोक नृत्य व लोकगीतों से प्रशिक्षुओं ने बांधा शमां:** समापन समारोह के दौरान नव नियुक्त शिक्षकों ने लोक नृत्य व लोकगीतों से शमां बांध दिया। झारखंडी गीत चल तो गुइयां रे अमवा बगीचा'गाकर जहां शिक्षक मो इरफान ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया वहीं इस गीत पर शिक्षक रूपेश कुमार दास व उनकी टीम ने झूमर नृत्य कर उपस्थित लोगों की तालियां बटोरीं। मौके पर शिक्षकों ने कविता पाठ, एकल गीत, शेरो-शायरी, झूमर आदि प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

**प्रशिक्षण में कई लोगों ने निभाई अहम भूमिका:** दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंडों के बीईईओ, कार्यालय कर्मियों ने विभिन्न विषयों पर शिक्षकों को प्रशिक्षण देने में अहम भूमिका निभाई। नव नियुक्त शिक्षकों को डीईओ व डीएसई कार्यालय से संबंधित गतिविधियां, एमडीएम, विद्यालय कोष, छात्र कोष, परियोजना कार्यालय से संबंधित कई बारीकियों को साझा किया गया। मौके पर जिला स्कूल के प्राचार्य विजय कुमार सिंह, बड़कागांव के क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार, संदीप कुमार, संकाय सदस्य डायट रंजीत वर्मा,अजप्ता जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार, बीआरपी-सीआरपी महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रविंद कुमार सिंह, बिनय कुमार सिंह, मधुसूदन सिंह, अख्तरी खातून सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अभिभावकों को जमा करना होगा सर्टिफिकेट

**हजारीबाग।** जिले के चार उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतू अभिभावकों द्वारा जमा कराए गए नामांकन फॉर्म में बीसी-वन और टू न लिखे जाने के कारण रिजल्ट प्रकाशन में एक दिन की देरी हो गई। दरअसल अभिभावकों ने जो फॉर्म नामांकन के लिए जमा कराए हैं उसके कैटेगरी में सिर्फ ओबीसी लिखा है। जबकि राज्य में ओबीसी को दो श्रेणियों बीसी-वन व टू में बांटा गया है। डीईओ कार्यालय के अनुसार नामांकन फॉर्म में सिर्फ ओबीसी लिखे जाने के कारण आरक्षण नियमावली का पालन सुनिश्चित करने में परेशानी आ रही है। इसी कारण सभी अभिभावकों से अपील की गई है कि जिस विद्यालय में नामांकन हेतू फॉर्म जमा कराए हैं उसी विद्यालय में बुधवार को पूर्वाह्न में बीसी-वन व टू का सर्टिफिकेट जमा करा दें।

### जय शंकर पाठक को वारसी ने दी बधाई

**बरही।** झारखंड हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड का जय शंकर पाठक को अध्यक्ष बनाने पर कांग्रेस प्रखड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी हार्दिक शुभकामनाएं दी है। वारसी ने कहा कि श्री पाठक अपने कुशल नेतृत्व में धार्मिक संस्थाओं का युद्ध स्तर पर विकास करेंगे।

### रिम्स के प्रभारी निदेशक बनने पर डॉ राजीव गुप्ता को वैश्य समाज ने दी बधाई

**रामगढ़।** रामगढ़ के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रिम्स नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव कुमार गुप्ता को रिम्स रांची का प्रभारी निदेशक बनाए जाने पर झारखंड वैश्य समाज एवं झारखंड सेवा समिति ने बधाई दी है। इसको लेकर झारखंड वैश्य समाज एवं झारखंड सेवा समिति की मंगलवार को बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू व अन्य मौजूद थे। नंदू बाबू ने कहा कि रामगढ़ के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव कुमार गुप्ता का रिम्स का प्रभारी निदेशक बनना रामगढ़ के लिए गर्व की बात है। डॉ राजीव कुमार गुप्ता को रिम्स का प्रभारी निदेशक बनने पर बधाई देने वालों में सीए अजीत जायसवाल, राजीव जायसवाल, रवि साहू, शिव शंकर साहू, मनोज मंडल, रंजन फौजी,विनोद शाह, अधिवक्ता आनंद सिन्हा,जितेंद्र प्रसाद उर्फ डब्लू सहित कई अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## यौन शोषित पीड़िता ने थाना में लगायी न्याय की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** हजारीबाग सदर महिला थाना क्षेत्र कांड संख्या 03/2023 की यौन शोषित पीड़िता ने दो दिनों से बरही थाना में न्याय की गुहार लगा रही है।इस बाबत पीड़िता ने बताया कि बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोत निवासी वर्तमान पता बाबा पथ हुडहुडू हजारीबाग निवासी राजन कुमार पिता गुडून राम से लगभग छः वर्ष पहले मुलाकात हुई थी और दोनो छः वर्षो से रिलेशनशिप में रह रहे है। इस दौरान आरोपी राजन कुमार द्वारा शादी का प्रलोभन देकर लगातार यौन शोषण करता रहा।परन्तु शादी करने की बात करने पर टाल मटोल करता रहा।लाचार होकर पीड़िता हजारीबाग सदर महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।परंतु आरोपी अब तक पुलिस के आंखो में धूल झोंकने में सफल रहा है। पीड़िता के अनुसार युवक चोरी छिपे बरही बरसोत स्थित अपने आवास से एक अन्य लड़की से चोरी छिपे शादी करने जा रहा है, जिसे रोकने के लिए महिला ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी से शादी रुकवाने एवं खुद के लिए न्याय की मांग की है।

### गोला में युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के सुतरी गांव निवासी एक युवक ने सोमवार रात को दुर्गा मंदिर के समीप पेड़ पर चढ़कर गले में रस्सी का फंदा डालकर आत्महत्या कर लिया। अहले सुबह जब गांव के लोग सोकर उठे तो देखा कि पेड़ पर एक युवक का शव पेड़ पर लटक रहा है। इसकी जानकारी कानों कान गांव में आग की तरह फैल गई। इसकी सूचना मृतक युवक के परिजनों को भी दी गई।

### चरही : कस्तुरबा विद्यालय के जमीन की हुयी मापी

**चरही ।** उंटमरवा में अवस्थित कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय के भूमि की मापी दूसरे भी किया गया। ज्ञात हो कि विद्यालय के निर्माण के लिए सरकार ने वर्ष 2008-09 में खास गैरमजुरुआ भूमि जिसका खाता संख्या 48 प्लॉट नंबर 603 रकवा 6.28 एकड़ भूमि को विद्यालय के नाम से आवंटित किया गया है।लेकिन विद्यालय के पास मात्र 2.16 एकड़ जमीन है।बाकि भूमि को चरही गावं के लोगों ने कब्जा कर लिये हैं।कब्जे वाली भूमि पर मकान बनाकर रह रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि भूमि पर ग्रामीणों को कई वर्षों से दखल-कब्जा है।इस भूमि पर जोत-आबाद करते रहे है। विद्यालय के नाम से मात्र 2.16 एकड़ भूमि को ही सरकार द्वारा दी गई है।इसके अलावे बचे भूमि पर ग्रामीण मकान बना लिए हैं। सीओ शशि भूषण सिंह के नेतृत्व में अंचल अमीन,सीआई और कर्मचारी के द्वारा विद्यालय भूमि की मापी की गई। जमीन कब्जा कर मकान बनाने वाले ग्रामीणों को चिन्हित किया गया।सीओ ने बताया कि सरकारी जमीन को कब्जा करने वाले लोगों को चिन्हित कर लिया गया है।सभी लोगों को जल्द ही नोटिस किया जायेगा।साथ जमीन से संबंधित कागजातों को मांग किया जाएगा।।आगे कहा कि कागजातों की जांच पड़ताल की जाएगी।इस क्रम में गलत कागजात पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।साथ ही मकान को भी हटाया जाएगा।

## वेतन समझौता के लिए एटक ने रमेंद्र कुमार को दी बधाई

### एटक ने भुरकुंडा कोलियरी के हाथीदाड़ी खदान में की पिट मीटिंग

खबर मन्त्र संवाददाता



**भदानीनगर (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोलियरी के हाथीदाड़ी खदान में मंगलवार को एटक द्वारा पिट मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस दौरान झारखंड राज्य एटक सह यूनियन के केंद्रीय सचिव और जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल ने बेहतर और सम्मानजनक वेतन समझौता कराने के लिए एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार को कोयला कामगारों की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार जताया। पिट मीटिंग में नरेश मंडल ने कोयला मजदूरों को जेबीसीसीआई 11वां वेतन समझौता के बावत विस्तृत जानकारी दी। साथ ही श्री मंडल ने कहा कि एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेन्द्र कुमार को सही मायने में मजदूरों के हितों की रक्षा करने वाले मसीहा हैं। वहीं सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार ने भुरकुंडा कोलियरी के भूमिगत खदान के भविष्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भुरकुंडा कोलियरी के भूमिगत खदान को चलाने के लिए हमारा संगठन पूरी तरह से प्रयासरत है। इसके लिए हमें आंदोलन भी करना पड़े तो हमसभी तैयार हैं। पिट मीटिंग के अंत में रेल दुर्घटना में मारे गए लोगों और बरका-सयाल एरिया के सड़क दुर्घटना में मृत अधिकारी और कर्मचारी के निधन पर एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। पिट मीटिंग को शाखा सचिव लखेन्द्र राय सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य अनुज कुमार, सुनील सिह, अशोक राम, फारूक रजा, ठुप्पा भुइयां, सुरेन्द्र महतो, परदेशी, सरबिंद कुमार, नागेन कुमार, रंजन पासवान, चंद्रदेव कुमार, बुलेटेन सिह, संतोष कुमार, उमेश कुमार, अरुण अग्रवाल, आलोक पुरखत सहित दर्जनों मजदूर और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### छह युवतियों को विधायक ने दिया लहंगा



**हजारीबाग।** विधायक मनीष जायसवाल सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड और दारू प्रखंड में मगंलवार को बहनों के दर पंहुचे और उनके शादी से पूर्व उन्हें अपनी ओर से आकर्षक लहंगा भेंट किया। सदर प्रखंड के ग्राम मेरू निवासी स्व. महावीर पांडेय की सुपुत्री, महादेव राम की सुपुत्री, कृष्णा प्रसाद की सुपुत्री और विजय ठाकुर की सुपुत्री एवं दारु प्रखंड के दारू पंचायत के बासोबार निवासी विजय प्रसाद की सुपुत्री और इरगा पंचायत के बड़का इरगा निवासी भीम राणा की सुपुत्री को उनके घर पहुंचकर लहंगा भेंट किया। विधायकने अपने सदर प्रखंड दौरे के क्रम में लाखे और रोला एवं दारू प्रखंड दौरे के क्रम में ग्राम चिरुवा और जिनगा में लोगों से मिलकर उनकी समस्या जानी और यथासंभव समाधान का भरोसा जताया। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की हजारीबाग की किसी भी बेटी के कन्यादान में यथासंभव सहयोग कर पाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है । मौके पर विशेष रूप से भाजपा कार्यकर्ता सीताराम मेहता, दारु विधायक प्रतिनिधि बालदेव कुमार, दारु सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार, विकास कुमार यादव, लखन यादव, रामनारायण कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### गौशाला में छप्पन भोग कार्यक्रम आयोजित



**हजारीबाग।** शहर में पिछले कई दिनों से लगातार भक्ति भाव का माहौल देखने को मिल रहा है प्रचंड गर्मी के बीच भी लोगों की आस्था बनी हुई है। इसी आस्था के बीच शहर से 12 किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में मंगलवार को दोपहर 2:00 से भव्य छप्पन भोग का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत सर्वप्रथम राधा कृष्ण मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना के उपरांत प्रारंभ हुआ। जिसके बाद सभी गौ भक्तों ने गौ माता को भोग लगाया। छप्पन भोग में गौ भक्तों की उत्साह काफी देखने को मिली। गौ भक्तों के साथ उनके बच्चे भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। छप्पन भोग व्यंजन में गुड, उरद दाल, मसूर दाल, रोटी, पुरी,चोकर, जलेबी, बुंदिया सहित अनेकों प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया गया।मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक सह पूर्व सचिव गौशाला चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से गौ भक्तों में काफी प्रसन्नता होती है। मौके पर बजरंग अग्रवाल, फतेहचंद अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, संजय कुमार,रितेश खण्डेलवाल,प्रणीत जैन,विकाश तिवारी,विकाश केशरी,लता जैन,मेघा जैन,मंजू जैन,स्वेता अग्रवाल, प्रिशा जैन, अर्हम जैन,अर्शिव जैन,अंकुर जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

### चरही में सरकारी जमीन की हुई मापी

**चरही ।** चुरचू अंचल के तहत चरही मौजा के हल्का 6 के उंटमरवा में खाता नंबर 48 प्लॉट नंबर 603 जिसका रकवा 6.28 एकड़ सरकारी भूमि अवस्थित है।इस जमीन पर कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय भी स्थापित है।इस भूमि पर चरही गावं के कई लोगों ने कब्जा कर मकान बना लिए हैं।जिसको लेकर सोमवार को चुरचू सीओ शशि भूषण सिंह के देखरेख में विद्यालय की जमीन को मापी कराने को लेकर उंटमरवा पहुंचे।यहां के कुछ ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मापी का विरोध करने लगे।सीओ श्री सिंह ने इसकी जानकारी चरही थाना को दिया। चरही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जमादार सुरेंद्र रजक के नेतृत्व में पुलिस उंटमरवा पहुंची।पुलिस प्रशासन के देखरेख में कुछ भूमि की मापी की गई। सीओ ने ग्रामीणों से कहा कि भूमि से संबंधित वैध कागजा होने पर ही मान्यता दी जाएगी।अगर अवैध होने पर कार्रवाई की जाएगी।

### सदर थाना क्षेत्र में चला चेकिंग अभियान

**हजारीबाग।** शहर के सदर थाना में चला चेकिंग अभियान जिसमें सड़क सुरक्षा को लेकर वीडियो के साथ संयुक्त सदर थाना समेत अभियान चलाया गया जिसमें तकरीबन 40 से 50 वाहनों से फाइन वसूला गया। कहा गया कि सड़क सुरक्षा नियम का पालन करें बिना हेलमेट बिना कागजात घर से बाहर ना निकले और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### तेज आंधी में उजड़ गया मुर्गी फार्म

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कपका में मंगलवार को हुई तेज अंधड़ पानी में उपेंद्र कुमार रवानी पिता बिहारी राम का निर्मित मुर्गी पालन फार्म पूरी तरह से उजड़ गया। फार्म के संचालक उपेंद्र कुमार राम ने बताया की घटना में करीब 12लाख रुपए की नुकसान हुआ है। फार्म के सभी दीवार अंधड़ में उलट गया। ऊपर के छावनी गिर गया। लेकिन किसी जलमाल की नुकसान नहीं हुई है। घटना को लेकर स्थानीय मुखिया कमलेश कुमार ने बताया की पीड़ित उपेंद्र कुमार रवानी इसी मुर्गी फार्म का संचालित करके घर,परिवार चलता था। उजड़ जाने से काफी समस्या उत्पन हो गई है। फिलहाल पूरी घटना की जानकारी सीओ बरकट्ठा को दूरभाष दे दी गई है।

### नलजल योजना का विधायक ने किया शिलान्यास



**बरकट्ठा ।** प्रखंड के पंचायत शिलाडीह में विधायक अमित कुमार यादव ने हर घर जल नल आपूर्ति योजना का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि बड़ी तेजी से भूगर्भ जलस्तर नीचे चला गया है। गर्मी के मौसम में पेयजल की भारी किल्लत से लोंगो को जूझना पड़ता है। लोंगो को शुद्ध जल मुहैया के लिए सरकार का हर घर नलजल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति का उद्देश्य है। नलजल योजना से सभी को लाभ होगा। नलजल योजना के तहत 25 घरों पर एक पॉइंट बनेगा। झमन से पेयजल आपूर्ति लोंगो तक पहुंचेगा। शिलान्यास कार्यक्रम में उपमुखिया सहदेव पासवान, उतिम महतो, परमेश्वर प्रसाद साहू, राजकुमार गिरी, अशोक कुमार गुप्ता, विजय यादव, विजय सिंह, मंटू पांडेय, अर्जुन पांडेय, शमीम अंसारी, अखलाख अंसारी, मुकेश कुमार पांडेय, उमेश चौधरी समेत आदि लोग उपस्थित थे। ।इस मौके पर प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, पंस सदस्य ज्योति कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, रीतलाल प्रसाद, इंद्रदेव यादव, रविन्द्र पांडेय, सुनील पांडेय, श्यामकिशोर सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे।

### रौनियार वैश्य समाज ने बांटा फल और जूस



**हजारीबाग।** शहर के बंसीलाल चौक के समीप कार्यालय के बाहर रौनियार वैश्य समाज की ओर से महिलाओं ने तकरीबन 100 से ऊपर लोगों को फल और जूस का वितरण किया और कहा कि प्रचंड गर्मी को देखते हुए आम जनों के लिए फल और जूस का वितरण लगातार अभी जारी रहेगा यह गर्मी से निजात पाने के लिए हम रौनियार समाज की ओर से नई मिसाल पेश कर रहे हैं।

# स्पीड न्यूज

## भाजपा युवा मोर्चा के कुडू मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न

लोहरदगा। भाजपा युवा मोर्चा कुडू मंडल अध्यक्ष सरजु कुमार साहू की अध्यक्षता में मंडल कार्यसमिति की बैठक कुडू स्थित संजय होटल में हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु , भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीष शिखर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी , मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद उपस्थित रहे। बैठक की विषय प्रवेश सरजु कुमार साहू के द्वारा किया गया एवं मंडल में युवा मोर्चा के द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। वही प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, जिलाध्यक्ष मनीष शिखर, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय चौधरी ,मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने भी संबोधित किया एवं युवा मोर्चा के कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया। मंच संचालन महामंत्री भरत वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन मंत्री मुन्ना यादव द्वारा किया गया। मौके पर नंदकिशोर यादव, मुकेश तिवारी, पप्पू यादव ,अमित कुमार ,अनूप कुमार ,तपस्वी यादव, कृष्णा प्रजापति ,धीरज कुमार, बबलू यादव ,मोहन कुमार ,प्रिंस कुमार, भरत कुमार वर्मा ,लखन राम, निशांत कुमार यादव ,कमलेश दुबे, विकास कुमार ,धीरज कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## मुक्तिधाम समिति ने सांसद को सौंपा मांग पत्र

लोहरदगा। जिला केंद्रीय मुक्तिधाम समिति का एक शिष्टमंडल समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता की अगुवाई में,लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत से मिलकर एक मांगो से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हरमू भक्सो मुक्तिधाम में शवदाह हेतु शेड, चूल्हा एवं चबूतरा आदि का निर्माण हेतु एक मांगपत्र सौंपते हुए कहा गया की बरसात एवं गर्मी आदि के मौसम में शव दाह करने में काफी कठिनाई होती है। शेड शवदाह हेतु चूल्हा एवम चबूतरा की अति आवश्यकता है। इस पर करीबन 10 लाख रु का खर्चा आएगा,जो सांसद कोष से देने की मांग की गई। इस पर सांसद सुदर्शन भगत ने पूर्ण आश्वाशन देते हुए कहा कि,जैसे ही कोष आएगा मैं सबसे पहले प्राथमिकता इसे ही दूंगा।प्रतिनिधि मंडल ने बरसात गिरने के पूर्व इस कार्य को कराने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, समिति अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, दीपक सर्राफ, विनोद सिंह, सोहन साहू, अतुल कुमार आदि शामिल थे।

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

लोहरदगा। झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन के मंगलवार लोहरदगा पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा।राज्यपाल को भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के मामले को उनके संज्ञान में लाया। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल को बताया कि यह एक ऐतिहासिक उच्च विद्यालय है जिसकी स्थापना वर्ष 1931 ईस्वी में बिरला जी एवं लोहरदगा के गणमान्य लोगों के सहयोग से गई थी। जिसे बाद में सरकारी करण किया गया। सरकारी करण करने के समय स्पष्ट रूप से विद्यालय का नाम नदिया ग्राम में होने के कारण नदिया हिंदू उच्च विद्यालय रखा गया। इस विद्यालय के नामकरण को नहीं बदलने की बात कही गई थी। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल म को बताया लोहरदगा एक ऐतिहासिक शहर है और लोहरदगा वासी ऐतिहासिक स्थलों में छेड़छाड़ से काफी रोष में है । जनता की भावनाओं को देखते हुए राज्यपाल से आग्रह किया गया की उक्त उच्च विद्यालय का नामकरण नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के रूप में ही रखा जाए।

## नशे की हालत में खाया कीटनाशक गंभीर स्थिति में रांची रिम्स रेफर

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के हरिजन मुहल्ला निवासी 45 वर्षीय देवलाल नायक सोमवार की देर शाम कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसे गंभीर स्थिति में परिजन नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां गुमला सदर अस्पताल से चिकित्सकों ने तत्काल रांची रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संदर्भ में परिजन ने बताया कि देवलाल काफी नशे में था और घर के लोगों से तू तू मैं मैं कर रहा था। जिसके बाद अपने कमरे में जाकर कीटनाशक का सेवन कर लिया।

## सांप ने युवक को काटा

**गुमला।** रोड निर्माण कार्य में लगे आरकेडी कंपनी के सुपरवाइजर मदनपुर औरंगाबाद निवासी 22 वर्षीय निरंजन कुमार को जहरीले सांप ने काट लिया। जिसे कंपनी के लोगों के द्वारा इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां देर शाम डॉक्टरों की देखरेख में युवक का इलाज जारी है। घटना की जानकारी देते हुए निरंजन ने बताया कि जैसे ही अपने रूम से निकला तभी जहरीले सांप ने पैर पर डस लिया।

## युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के तर्री डीपाटोली निवासी इग्नासियुस कुजूर का 18 वर्षीय पुत्र अविनाश कुजूर ने घर में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के पिता इग्नासियुस ने बताया कि मृतक का मां डोम्बाडाढ मेहमान गई हुई थी और मैं ऑटो चलाने का काम करता हूं। वही मेरा पुत्र घर में अकेला था। जब घर वापस आया तो देखा कि घर का दरवाजा बंद है। जिसके बाद बहुत आवाज देने पर घर का दरवाजा किसी ने नहीं खोला तब जाकर खिड़की को धक्का दिया तो देखा कि मेरा पुत्र अविनाश घर में ही दुपट्टे के सहारे फांसी लगा लिया है।

## चार दिवसीय त्रैमासिक पेंशन शिविर का हुआ समापन

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत चल रहे चार दिवसीय त्रैमासिक पेंशन शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। शिविर में 63 वृद्धा, विधवा, विकलांगता पेंशन की स्वीकृति प्रमाण पत्र पीपीओ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बिष्णुदेव कच्छप, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने संयुक्त रूप से वितरण किया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बिष्णुदेव कच्छप ने कहा कि पेंशन से संबंधित स्वीकृति पत्र पीपीओ बांटा गया है ताकि लोगों को पेंशन का लाभ सुलभ तरीके से मिल सके। 4 दिवसीय शिविर में 100 पेंशन धारियों का आधार अपडेट, बैंक खाता अपडेट एवं 30 पेंशन धारियों का मोबाइल नंबर अपडेट, 195 पेंशन धारियों को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

---

### लोहरदगा जिला के भक्सो और रामपुर गांव में राज्यपाल ने किया ग्रामीणो से संवाद, बोले

# गांव विकसित होंगे तो सभी का होगा विकास


संबोधित करते राज्यपाल


टाना भगत से मिलते राज्यपाल


पौधारोपण करते राज्यपाल

- आपसी संघर्ष से बेहतर है सभी मिलजुल कर करें कार्य
- एसएचजी से जुड़कर बेहतर कार्य कर रही है लोहरदगा जिला की महिलाएं
- जलजीवन मिशन में लोहरदगा जिला का औसत से बेहतर

### महिलाएं एसएचजी से जुड़ें, बच्चों को शिक्षित बनाएं

राज्यपाल ने कहा कि जो माताएं बहनें हैं वे आय का एक साधन अवश्य अपनायें। इसके लिए, अपने क्षेत्र की महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ें और आय में वृद्धि करें। शिक्षा के बगैर कोई भी भविष्य नहीं है, इसलिए जो भी अभिभावक हैं वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा अवश्य प्रदान करें। बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठाएं। राज्यपाल द्वारा कार्यक्रम के बाद भक्सो में एक आम का पौधा रोपण किया गया।

### लोहरदगा जिला की स्थिति बेहतर

लोहरदगा जिला में 32 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला हुआ है जिनमें से 92 प्रतिशत लोगों ने अपना आवास पूर्ण कर लिया है, जो काफी बेहतर उपलब्धि है। बाबा साहेब भीम राम अंबेडकर आवास योजना में भी अच्छी संख्या में लोगों का लाभ दिया गया है। उज्जवला योजना अंतर्गत महिलाओं को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन मिला हुआ है। बिरसा हरित ग्राम योजना के 2284 लाभुक हैं जिनके द्वारा 2 लाख से अधिक फलदार और इमारती वृक्षों के पौधे लगाये गये हैं। बागवानी सखियों द्वारा इनका रखरखाव किया जाता है। जलजीवन मिशन अंतर्गत जिला में 35 प्रतिशत उपलब्धि है जो बेहतर है।

### आने वाले समय में रामपुर बनेगा उत्कृष्ट गांव

रामपुर पंचायत के रामपुर गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री कृष्णन ने कहा कि रामपुर गांव आनेवाले वर्षों में निश्चित रूप से उत्कृष्ट गांव बनेगा। इस क्षेत्र के लोग बहुत जागरुक है जो व्यक्तिगत विकास के बारे ना सोचकर सामूहिक विकास के बारे सोचते हैं। इस क्षेत्र में जो भी सड़कें मरम्मति योग्य हैं उनकी मरम्मति करायी जायेगी। अगर नई सड़कों की आवश्यकता होगी तो उसे भी विभिन्न योजना में लेने का कार्य किया जाएगा। सिंचाई की समस्या दूर करने के लिए नये चेकडैम बनाये जायेंगे। पानी की उपलब्धता के लिए नये चेकडैम बनाये जायेंगे। चिकित्सीय समस्याओं को दूर करने के लिए नये अस्पतालों का भी निर्माण होगा।

### परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

रामपुर ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल श्री कृष्णन द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसमें सर्वप्रथम दो लाभुकों के बीच कन्यादान योजना की स्वीकृति, दो बालिकाओं के सावित्रीबाई फुले योजना की स्वीकृति, भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा की ओर से पंप सेट का वितरण, श्रम विभाग द्वारा निबंधित श्रमिकों के बीच 13 लाख 40 हजार रुपए, सहकारिता, कृषि एवं सहायक निबंधक सहयोग समितियां की ओर से वर्ष 2022-23 में धान बीच एवं मूंगफली बीज का 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर किसानों के बीच वितरण किया गया। राज्यपाल द्वारा कार्यक्रम के बाद एक महोगनी का पौधा रोपण किया गया।

### स्टॉल का निरीक्षण

राज्यपाल द्वारा रामपुर पंचायत में कार्यक्रम स्थल पर लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। इसमें भूमि संरक्षण, मनरेगा, श्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण, भूमि संरक्षण, कृषि/ सहकारिता/ निबंधक समितियां, राजस्व विभाग के स्टॉल प्रमुख थे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, गुमला-सह-प्रभारी पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा ,जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, संबंधित पंचायत के मुखिया, प्रमुख, उपप्रमुख, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**रोशन कुमार**

**लोहरदगा।** राज्यपाल ने कहा कि लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर बेहतर कर रही है और आय का सृजन कर रही हैं। जब गांव विकास होंगे तो निश्चित रूप से हम सभी का विकास होगा। हम सभी के पंथ व समुदाय है बेशक अलग है लेंकिन आपसी संघर्ष से बेहतर है कि सभी मिलजुल कर कार्य करें और गांव में खुशहाली लाएं। उक्त बातें महामहिम राज्यपाल ने आज मंगलवार को लोहरदगा जिला के सदर प्रखण्ड में ग्राम भक्सो ग्राम में आयोजित ग्रामीणों के संवाद कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम से पूर्व राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि तमिलनाडु के त्रिसुर से आज लोहरदगा जिला में आने से अपार खुशी मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के रहन-सहन में काफी सुधार हुआ है। लोहरदगा जिला उन जिलों में अग्रणी है जहां लाभुकों उनका अधिकार समय से मिल रहा है।

**योजनाओं की जानकारी रखें :** आप केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानरकारी अवश्य रखें और साथ-साथ दूसरों को भी इन योजनाओं की जानकारी दें ताकि सभी का कल्याण हो सके। राज्यपाल होने के नाते मैं हमेशा लोगों के कल्याण के लिए खड़ा हूं और जिला की बेहतरी के लिए प्रयासरत हूं।

**राज्यपाल ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, समाधान का दिया निर्देश :** महामहिम राज्यपाल ने सर्वप्रथम भक्सो ग्राम में आमजनों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों में अमृता लकड़ा द्वारा एलपीजी गैस कनेक्शन, बिजली की समस्या, खराब जलमीनार की समस्या रखी गई। समाजसेवी गोसाई भगत द्वारा मनरेगा मजदूरी दर में बढ़ोत्तरी, विद्युत कनेक्शन, विधवा पेंशन में उम्र कम करने, बारिश में सड़क में जलजमाव की समस्या रखी गई। रामपुर पंचायत में आयोजित ग्रामीणों के साथ संवाद कार्यक्रम में रामचंद्र टाना भगत द्वारा टाना भगतों के भूमि की वापसी, जमीन की बंदोबस्ती, रक्षा शक्ति विवि में पढ़ाई कर चुके युवाओं को रोजगार से जोड़ने, रणधीर सिंह द्वारा जलस्त्रोतों की गहराई बढ़ाने, चेकडैम का निर्माण कराये जाने, फुलदेव भगत ने प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने, पानी की समस्या को दूर करने, विद्युत व्यवस्था में सुधार किये जाने, शंभू सिंह द्वारा सड़कों का निर्माण, एक अस्पताल, सिंचाइ से संबंधित समस्याएं रखी गईं। महामहिम राज्यपाल द्वारा उपरोक्त संबंध में उपायुक्त, लोहरदगा को आवश्यक निर्देश दिये। राज्यपाल ने कहा कि जो महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं वे स्कूली बच्चों के लिए पॉल्ट्री फार्म के जरिये अंडे का उत्पादन, आंगनवाड़ी केंद्र के लिए दूध का उत्पादन कर सकती हैं। स्कूलों के लिए किताबें और पोशाक तैयार कर सकती हैं। इसके लिए सरकार के साथ एक चर्चा की जाएगी।

**किसानों को फायदा :** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण : कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि मनरेगा अंतर्गत योजनाओं में यहां के किसानों को फायदा मिल रहा हैं। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत 12 एकड़ में इस क्षेत्र में फलदार एवं इमारती पेड़ों का पौधरोपण किया गया है। तीन वर्ष बाद यहां के किसानों को फल प्राप्त होगा। मुनाफा में बढ़ोत्तरी हुई। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि यहां के किसान मनरेगा में बेहतर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में बेहतर उपलब्धि हासिल हुई है। जेएसएलपीएस के जरिये यहां की महिलाओं को जोड़ा गया है। इस जिला में पांच हजार से अधिक संख्या में महिला स्वयं सहायता समूह हैं। यहां की महिलाएं काफी जागरूक हैं और आयसृजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

## डीएमएफटी एवं एससीए मद अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की हुई समीक्षा

**गुमला।** डीएमएफटी एवं एससीए की राशि से जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक मंगलवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे छात्रावास भवन जीर्णोद्धार कार्य, पीसीसी पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार, आंगनवाड़ी केंद्रों निर्माण , विभिन्न सरकारी भवनों के जीणोर्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही नए योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान उक्त मद से बिजली कनेक्शन संबंधित कार्यों की भी समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी योजनाओं को निर्धारित तिथि के अंतर्गत पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि बाद में किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने पोटो हो खेल मैदान, नव निर्मित पुस्तकालयों आदि के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच करते हुए जांच प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु निर्देशित किया।

## विकास कार्यों में रूचि नहीं लेने पर आदर के पंचायत सेवक के वेतन पर लगी रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ विष्णु देव कच्छप की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास योजना संबंधित समीक्षा बैठक हुई। बैठक में बीडीओ ने पंचायत सचिवों को लाभुको से आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। वहीं 6 माह से बारंबार निर्देश के बावजूद मृत लाभुक के स्थान पर आश्रित का नाम बदलने हेतु आवश्यक कागजात नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने इस पर खेद प्रकट करते हुए एक सप्ताह के अंदर सबंधित पंचायत सचिव को कागजात जमा करने का निर्देश दिये। जनसेवक के हड़ताल को देखते हुए प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को सर्टिफिकेट निर्गत करने का निर्देश दिये। बैठक में पंचायत सचिव आवास लाभुक भौगोलिक जानकारी नहीं बता सके। सभी को लाभुकवार भौतिक स्थिति, भौगोलिक जानकारी रखने, घर घर जाकर आवास पूर्ण कराने संबंधी दिशा निर्देश देने हेतु निर्देशित किए। आदर के पंचायत सचिव का प्रधानमंत्री आवास योजना में धीमी प्रगति, सरकारी कार्य में रुचि नहीं लेने के आलोक में उनका वेतन अगले आदेश तक रोकने का निर्देश दिये। मनरेगा के तहत सभी रोजगार सेवकों को योजनाओं में एक सप्ताह के अंदर योजना बोर्ड लगाने, कार्यस्थल पर छाया,पीने का पानी,मेडिकल किट आदि सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिए।


बैठक में शामिल बीडीओ व प्रखंड कर्मी

## एक नजर में

## रेल लाइन व अल्युमिनियम कारखाना लोकसभा चुनाव में जेएनडी का होगा मुद्दा : विजय सिंह

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) गुमला इकाई द्वारा मंगलवार को गुमला को रेल लाइन से जोड़ने व रोजगार विहीन गुमला-लोहरदगा जिला के सीमांत पर एल्युमिनियम कारखाना खोलने की मांग को लेकर कचहरी परिसर में धरना दिया। धरना कार्यक्रम की कार्यवाही शुरू करने के पूर्व उड़ीसा के बालासोर में हुए भीषण रेल दुर्घटना में अपनी जान गवाने वाले सैकड़ों यात्री को एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई । धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि रेल लाइन व अल्युमिनियम कारखाना को आगामी लोकसभा चुनाव में दल चुनावी मुद्दा बनाएगी। श्री सिंह ने यह भी कहा कि बुलेट ट्रेन का सपना दिखाने वाली नरेंद्र मोदी सरकार गुमला को अपने शासन के 9 सालों में रेल लाइन से भी नहीं जोड़ पाई है। जबकि दो मर्तबा से यहां भाजपा का ही सांसद हैं। 9 साल की उपलब्धि को बताने के लिए भाजपा का महाअभियान पर चुटकी लेते हुए श्री सिंह ने कहा कि नैतिकता बची है तो सांसद अपने गोद लिए हुए गांव की असली तस्वीर को सार्वजनिक करें। जहां 3 साल बाद भी बुनियादी सुविधा को लोग तरस रहे हैं। श्री सिंह ने हिंडाल्को कंपनी द्वारा बॉक्साइट लूट पर कहा कि हमारा बॉक्साइट और कारखाना उत्तर प्रदेश के रेणुकूट में यह नहीं चलेगा । केंद्र व राज्य सरकार की नाकामी के कारण हिंडाल्को व बॉक्साइट माफिया मलाई खा रहे हैं और माइंस क्षेत्र के गरीब मजदूर लोग धूल फांकने को विवश हैं। कार्यक्रम के उपरांत रेल मंत्री भारत सरकार तथा मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम प्रतिनिधि मंडल ने दो सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा।

## डीएवी स्कूल में दो दिवसीय समर कैंप हुआ आरंभ

**गुमला।** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल गुमला में मंगलवार को दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को योग तथा आर्ट एंड क्राफ़्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप में 68 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने रमाकांत साहु ने कहा कि कैंप से हमें कई बातों को सीखने का मौका मिलता है। इस तरह के कैंप हमें छुट्टियों का सदुपयोग करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि डी.ए.वी. संस्थाएं पढ़ाई के साथ साथ संस्कारों की शिक्षा भी देती हैं। जिसमें प्रमुख रूप से योग को प्रारंभ से ही महत्व दिया गया है। योग प्रशिक्षक श्री भोला प्रसाद ने आसन एवं प्राणायाम की जानकारी देते हुए कहा कि योग हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। योग एक ऐसी विधा है जिसके माध्यम से हम सुख और शांति प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय के कला शिक्षक श्री पार्थ प्रतिम मैती ने आर्ट एवं क्राफ़्ट की कक्षाएं लीं। उन्होने बच्चों को कोलाज बनाने की तकनीक बतायी। इस दौरान सीसीए इंचार्ज श्रीमती संजुक्ता खटुआ,श्री शांतनु कुमार पटनायक,श्री अभिजीत झा उपस्थित थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने मंगलवार को जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी और उसके समाधान का अश्वासन दिया। जनता दरबार में ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 30 से अधिक लोगों ने अपना आवेदन उपायुक्त के समक्ष समर्पित करते हुए अपने समस्याओं से अवगत करवाया। कार्रवाई के क्रम में संबंधित पदाधिकारी को तुरंत फोन कॉल करते हुए आवेदकों को उनके पास भेजा तो वहीं कुछ पदाधिकारियों को कार्यालय बुलाकर आवेदकों की समस्या के निवारण हेतु निर्देशित किया। वहीं जिन आवेदनों पर कार्रवाई संभव नहीं थी वैसे आवेदकों को सरल भाव से समझाया। साथ ही उन्हें वैकल्पिक सलाह भी दी। जनता दरबार में विशुनपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद ने अपने गांव जाहूप कोकोटोली में तालाब विवाद के मामले को उपायुक्त के समक्ष रखा। वहीं विशुनपुर स्थित केचकी टोली चीरोपाठ के ग्रामीणों ने अपने गांव में पेय जल एवं सड़क मार्ग को दुरुस्त करने को लेकर उपायुक्त से सहायता की मांग की। चैनपुर की कौशल्या देवी ने अपने जमीन विवाद के मामले से उपायुक्त को अवगत करवाया। विकास नगर बरटोली निवासी जया देवी ने अनुबंध पर कार्य पर रखने हेतु उपायुक्त से निवेदन किया। जनता दरबार में एक आवेदन भरनो की रहने वाली इरफान गंगी का आया जो कई विद्यार्थियों को निः शुल्क शिक्षा दान करती हैं।


जनता दरबार में समस्या सुनते उपायुक्त

## युवक पर अज्ञात लोगों ने किया चाकू से हमला

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के नवाडीह ईटकिरी निवासी 28 वर्षीय रविंद्र उरांव पर देवाकी गांव के समीप अज्ञात लोगों ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे ससुराल वालों ने तत्काल नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए देर शाम गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उपचार की जा रही थी परंतु अचानक रात्रि 10:00 बजे युवक की स्थिति गंभीर होने लगी। घटना की जानकारी देते हुए घायल रविंद्र ने बताया कि बाइक में सवार होकर अपने ससुराल देवाकी अपनी पत्नी को लाने गया था।

# हर पंथ के लोगों के लिए केंद्र सरकार ने चलायी योजनाएं : वाजपेयी

झारखंड का विशेष ध्यान रखते हुए केंद्र सरकार ने अपने कई महत्वकांक्षी योजना का शुभारंभ राज्य में किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड भाजपा के संगठन प्रभारी सह राज्यसभा में पार्टी के सचेतक लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने 9 वर्षों के कार्यकाल में गरीब जनमानस का ध्यान रखते हुए किसी भी पंथ को मानने वाले लोगों के लिए जाति धर्म से हटकर कार्य किया। यही कारण है कि हर गरीब को पीएम आवास, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का लाभ, आयुष्मान योजना सहित कई योजनाओं का लाभ दिया गया। जिसमें झारखंड राज्य को सरकार ने केंद्र बिंदु बनाते हुए मुद्रा योजना का शुभारंभ दुमका से, झारखंड को राष्ट्रीय जलमार्ग से जोड़ा गया, रांची से आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की गई। वहीं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने, हजारीबाग व पलामू में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। श्री वाजपेयी मंगलवार को स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में ऐसी पहली घटना होगी जहां झारखंड के निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपनी कलम से अपनी पत्नी और भाई के नाम से खनन का पट्टा किया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के अपने सुरक्षाकर्मी के हथियार दलालों के यहां बरामद होना लोकतंत्र के लिए घातक है। इडी के करवाई से सभी भ्रष्टाचारी के होश उड़ गए हैं। तुस्टीकरण की राजनीति कर राज्य सरकार स्कूल से हिंदू और राम नाम को हटाने का कुचक्र रच रही है। कोरोना काल में अपने राज्य वासियों की चिंता ना कर बांग्लादेशी घुसपैठियों बसों में भरकर राज्य सरकार ने पहुंचाया। उन्होंने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति लागू करने में राज्य सरकार की नियति और नियत साफ नहीं है। राज्य में अराजकता बेरोजगारी का माहौल कायम हो गया है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि लव जिहाद पर राज्य सरकारें कानून बनाये। श्री वाजपेयी ने कहा कि झारखंड राज्य में नेता प्रतिपक्ष नहीं है। जिसके कारण लोकायुक्त व सूचना आयुक्त का पद रिक्त है। उन्होंने कहा कि अगले विधान सभा चुनाव में झारखंड के लोग भाजपा पर विश्वास जताते हुए अपना आर्शीवाद प्रदान करेंगे। प्रेस वार्ता में सांसद सुदर्शन भगत, जिलाध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी ,अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, जिला सह मीडिया प्रभारी संतोष सिंह आदि उपस्थित थे।


प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल भाजपा के संगठन प्रभारी, सांसद व अन्य

स्पीड न्यूज

## डकरा महाप्रबंधक कार्यालय को टंडवा आम्रपाली में किया शिफ्ट

**टंडवा(चतरा)।** आम्रपाली- चंद्रगुप्त कोलपरियोजना क्षेत्र के महा प्रबंधक कार्यालय डकरा से टंडवा लाने की माँग विस्थापित रैयतों एवं कार्यरत श्रम संगठन भारतीय मजदूर संघ की ओर से लगातार की जारी रही थी। जिसे महाप्रबंधक की पहल पर मंगलवार को डकरा महाप्रबंधक कार्यालय को टंडवा आम्रपाली में शिफ्ट करवाया गया। इस कार्य से खुश होकर सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ, भारतीय मजदूर संघ एवं क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्यों के द्वारा महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय कुमार एवं सचिव शिव कुमार सिंह के साथ कल्याण सदस्य मुकेश कुमार, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता, परियोजना अध्यक्ष पवन कुमार एवं सचिव आदर्श जुगेश्वर समेत अन्य मौजूद थें।

## समाजसेवी जीतन दास की आठवीं पुण्यतिथि मनी

**कोडरमा।** जलवाबाद अम्बेडकर नगर निवासी जीतन दास का आठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए एवं सभी बारी-बारी से स्व. जीतन राम की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किये। वहीं पुष्पांजलि के पूर्व स्व. जीतन दास की पत्नी राधा देवी के द्वारा माल्यार्पण किया गया। मौके पर बालेश्वर राम, सुरेश राम, मीरा देवी, मीनाक्षी देवी, प्रशांत, रिशु, तन्नू, पारुल, दिनेश रविदास, सहदेव दास, अर्जुन राम, बासो दास, विजय दास, सीताराम भगत, राजन कुमार, सुरेंद्र दास आदि मौजूद थे।

## कलाकंद के जीआई टैगिंग की डीडीसी ने दी जानकारी

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकार बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिले की सुप्रसिद्ध मिठाई कलाकंद को भारत और विश्वस्तर पर नयी पहचान दिलाने के लिए जीआई टैगिंग करने का प्रयास में सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं और इस कार्य को पूर्ण करने के लिए जो आवश्यकता है, उन्ही को पूरा करने के उद्देश्य से कई कार्य किये जा रहे हैं। जिले के कलाकंद निमार्ता से भी कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध की गई है। उन्होंने कलाकंद के जीआई टैगिंग करने से होने वाले फायदे से उन्हें रूबरू कराया और भविष्य में इसके दूरगामी परिमामों की भी चर्चा की गई। मौके पर राहुल कुशवाहा, राजीव कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## जनता दरबार में डीसी ने आमजनों की सुनी समस्या

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने अपने कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। तालाब के गहरीकरण हेतु ग्राम नवडीहा से आये जन प्रतिनिधि ने बताया कि पूर्वनिर्मित हरैया आहर मिट्टी एवं अन्य प्राकृतिक कारणों से भर गया है जिसके कारण तालाब का अस्तित्व खतरे में हैं। उन्होंने उक्त तालाब का गहरीकरण जनहित में करने की अर्जी की है जिससे कि क्षेत्र की जनता के समक्ष जल संकट का समाधान हो सके। अन्य समस्याओं में मुख्य रूप से आवास संबंधित, भूमि संबंधित, आंगनबाड़ी संबंधित मामले शामिल थे।

## कज राज बने हिंदू राष्ट्र संघ के जिला प्रभारी

**टंडवा(चतरा)।** क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन करने वाला युवा समाजसेवी पंकज राज को हिन्दू राष्ट्र संघ के जिला प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। हिंदू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केसरी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री दीप प्रकाश नारायण ने नियुक्ति पत्र जारी कर मनोनीत किया। लोगों की माने तो पंकज राज की सामाजिक छवि बहुत ही सुशील वा दिलेर है, उनकी कार्यकाल से सिमरिया विधानसभा का भविष्य चमकता नजर दिखाई पड़ता है।

# पत्थर से कुचलकर व्यक्ति की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता



**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरबे के चिरकुटही टोला में घर से लगभग 15 मीटर की दुरी पर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। व्यक्ति की पहचान चिरकुटही गांव निवासी स्व. वैद्यनाथ पाल के लगभग 55 वर्षीय पुत्र अशोक पाल के रूप में हुई है। इधर पत्नी सरोज देवी एवं पुत्री खुशबू कुमारी का कहना है कि सोमवार की रात्रि लगभग 10 बजे घर से यह कहते हुए निकले थे कि सड़क किनारे नए मकान बनाने को लेकर सत्येंद्र यादव, भोला यादव के ट्रैक्टर से बालू गिरवाने की बात हुई है। हम बालू गिरवाने जा रहे हैं। लेकिन सुबह तक नहीं आने पर काफी खोजबीन किया गया। इसी दौरान परिजनों को सूचना मिली कि घर से पीछे कुछ ही दूरी पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इसकी सूचना तत्काल थाना को दी गई। सूचना पाते ही थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो, एएसआई चंद्रशेखर आजाद एवं काजल कुमार पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। थाना प्रभारी ने शव को घटनास्थल से पंचनामा करते हुए कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि चेहरा पर चोट का निशान है तथा शरीर के अन्य अंगो में चोट लगा हुआ है, ऐसा लगता है कि उसे बुरी तरह से बेदर्दी से पिटाई की गई है। इसके बाद चेहरा पर पत्थर से भी मारा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ पता चल पाएगा। इधर ग्रामीणों क्या कहना है कि बेरहमी से मारपीट कर अशोक पाल का गला भी दबाया गया है। इधर मृतक की पत्नी सरोज देवी एवं पुत्री ने बताई की दो साल पहले से ही गांव के ही राम चंद्र पाल, वासुदेव पाल एवं बिगन पाल से रास्ता को लेकर विवाद चल रहा था और किसी से कोई विवाद नहीं है। इधर परिजनों ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। मौके पर मोरबे पंचायत मुखिया प्रतिनिधि ललन प्रसाद सिंह, खरसोता पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विजय राम, वार्ड नंबर 12 वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सुधीर प्रसाद सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अपराधियों ने युवक को मारकर उसका शव घर के पास फेंका



**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के भौरूडीह गांव में सोमवार को रात्रि में अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की हत्या कर शव को उसके घर के पास फेंक कर फरार हो गया। मृतक युवक की पहचान 18 वर्षीय नंदकिशोर यादव पिता लखन यादव के रूप में किया गया। मृतक युवक के गले में रस्सी लगा हुआ है। घटना की सूचना पाकर कुंदा थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दिया है। इधर घटना की सूचना पाकर सिकीदाग पंचायत मुखिया अनीता देवी मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश प्रसाद यादव घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। उक्त जानकारी परिजनों ने बताया कि नंदकिशोर यादव रविवार को एक विवाह समारोह में गया हुआ था तब से नंदकिशोर वापस घर नहीं आया, काफी खोजबीन के बाद सोमवार को रात्रि 8:00 बजे मेरे पुराने घर पर मृत अवस्था में देखा गया। नंदकिशोर दूसरे जगह हो पर मार कर मृत शरीर को अपराधियों द्वारा फेंका गया है। और परिजनों ने बताया कि आपसी रंजिश में नंदकिशोर का हत्या किया गया है। कुंदा थाना प्रभारी कौशल कुमार ने बताया लाश को देखने से प्रतीत होता है कि बहुत ही बेरहमी तरीके से हत्या किया गया है। मामला को छानबीन की जा रही है। परिजनों द्वारा आवेदन दिया गया है। इसमें संदिग्ध लोगों को को पर मामला दर्ज किया गया है। मामले को छानबीन कर अपराधी को जल्द ही न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

## राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान ने नाबालिक की शादी होने से रोका



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में प्रशासन की लाख कोशिशों और जागरूकता के बाद भी जिले में बाल विवाह थमने का नाम नहीं ले रहा है। लोग अभी भी जागरूक नहीं हुए हैं, यही वजह है कि आए दिन नाबालिगों की शादी शासन प्रशासन द्वारा रोके जाने की खबर मिलती रहती है। वहीं इस दौरान मंगलवार को राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान चाइल्डलाइन सतगांवा टीम मरकच्चो सीओ रामसुमन प्रसाद, मरकच्चो थाना प्रभारी लवकुमार के द्वारा आदर्श पंचायत चोपनाडीह के ग्राम बभनडीह में गुप्त सूचना के आधार पर एक 15 वर्षीय किशोरी की शादी रोका गया। बताते चलें कि जिस लड़की की शादी हो रही थी, उसकी उम्र संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई तो उसकी उम्र 15 वर्ष थी, उम्र कम होने पर अधिकारियों ने किशोरी के घरवालों को समझाया और जहां से बारात आनी थी, उन्हें भी अवगत कराया। बाद में बालिका पक्ष के लोगों ने लड़की के बालिग होने पर शादी करने की सहमति दी और शपथ पत्र भरवाया गया। मौके पर राकेश कुमार, सुनीता देवी, उमेश कुमार, सुभाष यादव, सर्कल ऑफिसर आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं विधायक ने की नये पुस्तकालय भवन का शिलान्यास

- दो करोड़ की लागत से बनेगा पुस्तकालय भवन
- 300 से 400 बच्चों को बैठने की होगी व्यवस्था



नए पुस्तकालय भवन का शिलान्यास करतें केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं विधायक डॉ. नीरा यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया नगर परिषद अन्तर्गत प्रखंड परिसर के समीप तकरीबन दो करोड़ की लागत से नए पुस्तकालय भवन का निर्माण किया जाएगा। जिसका केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं विधायक डॉ. नीरा यादव ने मंगलवार को संयुक्त रूप से पुस्तकालय भवन का शिलान्यास किया। वहीं उपायुक्त अदित्य रंजन व डीडीसी ऋतुराज उपस्थित रहे। बताते चलें कि पुस्तकालय भवन में एक साथ 300 से 400 बच्चों को बैठने की व्यवस्था होगी। इसके अलावे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए इस नए पुस्तकालय भवन में व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। पुस्तकालय भवन के शिलान्यास के साथ आज जेएसएलपीएस के कोडरमा प्रखंड कार्यालय और स्पेशल ब्रांच के नए भवन का भी उद्घाटन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी और विधायक डॉ. नीरा यादव ने दोनों भवनों का अवलोकन भी किया और वहां बहाल की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि वर्तमान में जिला प्रशासन के प्रयास से लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है, मगर इस नए भवन के बन जाने से यहां के युवाओं को काफी फायदा होगा। मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, जेवियर एक्का, शिखा एवं जेएसएलपीएस के समस्त कर्मचारी मौजूद थे।

## अस्पताल के स्टोर रूम में लगी आग

### दवा, दस्तावेज समेत लाखों रुपए का सामान जला

खबर मन्त्र संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय अस्पताल के स्टोर रूम में आग लगने से दवा और दस्तावेज समेत लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। घटना मंगलवार सुबह लगभग सात बजे की है। घटना की सूचना मिलने के बाद अस्पतालकर्मियों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। स्टोर रूम में रखा दवा व अन्य सामग्री जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर दमकल वाहन भी अस्पताल पहुंचा लेकिन अस्पताल जाने के लिए रास्ता नहीं होने के कारण दमकल वाहन से आग नहीं बुझाया जा सका। अस्पताल के सफाईकर्मी राजमति अस्पताल की सफाई के दौरान स्टोर रूम से धुआं निकलता देख वहां जाकर देखा और ड्यूटी पर तैनात कैसर आलम को सूचना दी। कैसर आलम ने डीएस डॉ सुचित्रा को सूचित कर अस्पतालकर्मियों के आग बुझाने में जुट गये। फौरन डीएस भी अस्पताल पहुंच गईं, उन्होंने स्टोर रूम में लगे आग को देख ताला तोड़कर सामान को बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक काफी देर हो चुका था। स्टोर रूम में रखा गया दवा, फर्नीचर, पुराना दस्तावेज सहित अन्य सामान जल चुका था। अस्पताल की बाउंड्री में स्थित आम को तोड़ने वाले बच्चों द्वारा आग लगाने की संभावना जतायी जा रही है। हालांकि गनीमत रही कि आग को समय पर काबू पा लिया गया नहीं तो बड़ा हादसा भी हो सकता था।

इस संबंध में डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी ने बताया कि सफाईकर्मी राजमति ने सफाई के दौरान अस्पताल की बाउंड्री में कुछ बच्चों को आम तोड़ते देखा था। उन्होंने संभावना जतायी कि आम तोड़ने के क्रम में बच्चों ने ही आग लगा दी जिसके कारण स्टोर रूम जलकर राख हो गया। घटना में एक्सपायर दवाएं, पुराने दस्तावेज, पुराने फर्नीचर व लगभग 40-50 हजार रुपये का अन्य सामान जल गया है। डीएस ने इसकी सूचना अधिकारियों को दे दी है।

## आत्महत्या का प्रयास

**कांडी।** कांडी प्रखंड क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत तेलिया निजामत गांव निवासी नरेश चौधरी के पुत्र उपेंद्र चौधरी 25 वर्ष ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर उपेंद्र की मां उर्मिला देवी उसे लेकर सदर अस्पताल गढ़वा पहुंची। अस्पताल में भर्ती कराने पर डॉक्टरों ने उसे उल्टी कराई।

## चुप्पी तोड़ो-स्वस्थ रहो राज्य स्तरीय अभियान के चैथे चरण का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया, कोडरमा अंतर्गत चुप्पी तोड़ो-स्वस्थ रहो राज्य स्तरीय अभियान के चैथे चरण का आयोजन की शुरूआत में केंन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, उपायुक्त आदित्य रंजन, डीएफओ सूरज कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से माहवारी स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। माहवारी में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रथ के माध्यम से माईकिंग द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों में माहवारी के दौरान हाइजीन और स्वच्छता के महत्व को संगीत के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। वहीं 5 जून से 12 जून तक चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान का विषय माहवारी संबंधित चुनौतियों को जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय स्थिरता को समुदाय के कृष्टिकोण से दूर करना तथा आवश्यक समाधानों को प्रोत्साहित करने पर केन्द्रित है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम स्तर पर सुरक्षित अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य अभिसरण के आधार पर किया जाना है। इस कार्य हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं 15वें वित आयोग मद, पंचायती राज विभाग में प्रावधान किया गया है। उपरोक्त विभागों के सम्मलित प्रयास से ही हम ग्राम स्तर पर माहवारी अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत भरमक अधिस्थापन के कार्यो के क्रियान्वयन कर पूर्ण रूप से सक्षम हो पायेंगे एवं महिलाओं और किशोरियों के सामाजिक भावनात्मक, सवार्गीण विकास को प्राथमिकता मिलेगी। कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता एवं जिला समन्वयक और सभी कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

## कोडरमा जिला के लिए गौरवान्वित क्षण: उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने नौवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। रिजल्ट जारी होते ही एक बार फिर जिला में उपायुक्त आदित्य रंजन के परिकल्पना से परे प्रोजेक्ट रेल व प्रोजेक्ट इंपैक्ट का असर दिखा है। दसवीं, बारहवीं और आठवीं बोर्ड के नौवीं बोर्ड में भी कोडरमा जिला पूरे राज्य में प्रथम स्थान पर है। नौवीं बोर्ड में कोडरमा जिला 99.452 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर है। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का हमेशा प्रयास रहा है और इसके लिए प्रोजेक्ट रेल और प्रोजेक्ट इंपैक्ट की शुरूआत कर बच्चों का साप्ताहिक टेस्ट लिया जाता रहा है और बच्चों की तैयारी को लेकर मॉनिटरिंग की गई। जिसके परिणाम स्वरूप कोडरमा जिले ने 9वीं के रिजल्ट में पूरे राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। ज्ञात हो कि आठवीं बोर्ड में कुल 15510 बच्चे में से 15186 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें से कुल 14920 बच्चे पास हुए। कोडरमा जिला 98.25 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर है। वहीं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 में कुल 12525 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 12405 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

## एक नजर में

### विधुत तार की चपेट में आने से विधुतकर्मी की मौत

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बांझेडीह फोरलेन स्थित पेट्रोल पंप के समीप बिजली तार की चपेट में आने से विद्युत कर्मी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सीताराम प्रसाद कंपनी में कार्यरत तिलैया डैम ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गैंडा निवासी 27 वर्षीय मंटु यादव पिता महादेव यादव चंदवारा बांझेडीह फोरलेन स्थित टावर लाइन में बिजली तार से छू रहे पेड़ काट रहे थे, इसी दौरान पेड़ की डाल पर बिजली तार गिर गया। जिसमें उक्त कर्मी को जोरदार करंट का झटका लगा। जिसके बाद घायल अवस्था में कर्मी को स्थानीय लोग व सहकर्मियों के द्वारा सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने बताया कि सीताराम प्रसाद कंपनी के द्वारा सेफ्टी कीट नहीं देने का कारण आज मंटु की जान गई है। वहीं सदर अस्पताल में चिकित्सकों के द्वारा शव को पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी सदर अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाया। साथ ही उन्होंने कंपनी से बात कर परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही।

### आंगनबाड़ी केंद्र में अनियमितता को लेकर विरोध

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के बोदरा पंचायत के इमलिया टिकर टोला में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संचालन में सेविका के द्वारा भारी अनियमितता बरतने के शिकायत पर मंगलवार को लगभग तीन दर्जन ग्रामीण अभिभावकों ने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे और विरोध जताया। इसके पश्चात अभिभावक पारस पासवान, सकेंद्र रजवार, कुंती देवी, पांचों देवी, सविता देवी, मानती देवी, अखिलेश पासवान, छोटे लाल रजवार आदि अभिभावकों ने सेविका बसंती देवी के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि सेविका के द्वारा केंद्र में आने वाले बच्चों को पोषाहार के चूरन में कीड़ा एवं किरी मिला हुआ हलवा बनाकर खिलाया जाता है। और खाने में प्रतिदिन नाम मात्र का दाल मिला हुआ खिचड़ी बनाकर वगैर चोखा-चटनी, आचार या सब्जी के बच्चो को खाने के लिए दिया जाता है। इतना ही नहीं सेविका के द्वारा केंद्र में बच्चों की उपस्थिति से अधिक हाजिरी बनाकर पोषाहार एवं राशन गोलमाल किया जाता है। इस दौरान केंद्र में बच्चों को खाने के लिए नाम मात्र के दाल के साथ बन रहे खिचड़ी को देखते ही भड़क गए और सेविका बसंती देवी से इस संबंध में पूछताछ करने लगे तो उन्होंने ग्रामीण अभिभावकों को धमकी देते हुए कहा कि तुम लोग पूछने वाले कौन होते हो। यहां से चले जाओ नहीं तो सभी को जेल भिजवा दूंगी। इतना ही नहीं सेविका के द्वारा बाल विकास परियोजना कार्यालय के किसी महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा दूरभाष के माध्यम से ग्रामीणों को डरवाया गया कि आप लोग वहां से चले जाइए नहीं तो आप लोग को जेल जाना पड़ेगा।

### पिकअप में प्रतिबंधित मांस के साथ तीन गिरफ्तार

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में बाघीटांड अस्थायी चेकनाका के समीप सोमवार देर रात कोडरमा थाना के पैंथर के जवानों के द्वारा एक पिकअप वैन में प्रतिबंधित मांस के साथ तीन लोगों को पकड़ा गया। मिली जानकारी के अनुसार बिहार शरीफ से पिकअप वैन बीआर21जीसी/0240 में प्रतिबंधित मांस लेकर कोलकाता जा रही थी। इसी क्रम में बाघीटांड चेकनाका के समीप पैंथर के जवानों ने पिकअप वैन को रोका, जिसके बाद सभी को कोडरमा थाना लाया गया, जहां पूछताछ में प्रतिबंधित मांस की पुष्टि हुई। वहीं मंगलवार को तीनों को कानूनी प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न



**कोडरमा।** भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष सुरज प्रताप मेहता की अध्यक्षता में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव के आवासीय कार्यालय में आहूत की गई। बैठक में शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव एवं जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि प्रदेश द्वारा निर्देशित राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम प्रधानमंत्री जी के 9 वर्ष पूर्ण होने पर महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम में युवा मोर्चा के कार्यकताओं की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। वहीं विधायक ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मंडल स्तर पर नव मतदाता सम्मेलन 7 से 10 जून तक करेगी, 10 से 20 जून तक विकास तीर्थ बाइक रैली एवं 19 से 21 जून के बीच लाभार्थी सम्मेलन तथा 25 जून को ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि युवा मोर्चा किसी भी दल का रीढ़ होता है। वहीं जिला अध्यक्ष सूरज प्रताप मेहता ने कहा कि अगर भाजपा कमजोर होता है तो देश कमजोर होगा, इसलिए सभी कार्यकर्ता अपने दायित्व अनुसार अपने काम को करें। बैठक में राजकुमार यादव, मनोज यादव, सौरव कुमार, श्याम सुंदर यादव, दिलीप यादव, विनय शाण्डिल्य, राजा यादव, मनोज कुमार, सुनील कुमार मेहता, मंडल टिंकू यादव, लक्ष्मण रजक, रामबचन यादव, सुनील सिंह, रोहित जयसवाल, जिला के सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल के महामंत्री सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नाबालिग सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**मेराल।** थाना पुलिस ने अलग अलग मामलों में एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नाबालिग किशोर को संप्रेक्षण गृह पलामू एवं अन्य तीन आरोपियों को गढ़वा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पहले मामले में थाना क्षेत्र के हासनदाग पंचायत भवन में लगे सोलर प्लेट की चोरी करने के दौरान एक किशोर को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौपा। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया की मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना में संलिप्त नूरानी अंसारी को उसके घर तीसटेटुका से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में नूरानी अंसारी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में सोलर प्लेट की चोरी करने का प्रयास करने एवं गांव वालों द्वारा हल्ला करने पर भाग जाने की बात स्वीकार किया गया। स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को न्यायालय में भेज दिया गया। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के लातदाग गांव में एक विवाहिता के आत्महत्या मामले में उसके पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि लातदाग गांव निवासी उमाशंकर पासवान पर पत्नी को प्रताड़ित व मारपीट करने के कारण उसकी पत्नी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक तेतरी देवी के भाई द्वारा मेराल थाने में कराई गई प्राथमिकी के आधार पर पति उमाशंकर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें मिशन लाईफ अंतर्गत निम्न थीम पर उर्जा बचाना, जल बचाना, सिंगल यूज प्लास्टिक का कम करना, दीर्घकालिक खाद्य पद्धितियां अपनाना, कूडा कचरा कम करना, स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाना और इलेक्ट्रॉनिक कचरा कम करना पर पेंटिंग प्रतियोगिता आधारित की गयी थी। इसी क्रम में मंगलवार को केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, उपायुक्त आदित्य रंजन, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, डीडीसी ऋतुराज एवं एसएसपी प्रवीण पुष्कर की उपस्थिति में पेंटिंग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसके तहत प्रथम पुरस्कार वाले को पांच हजार रूपया, द्वितीय पुरस्कार वाले को तीन हजार एवं तृतीय पुरस्कार पाने वाले दो हजार रूपया, चतुर्थ पुरस्कार पाने वाले को एक हजार रूपया, पंचम स्थान प्राप्त करने वाले को पांच सौ रुपए पुरस्कार की राशि दी गयी।

**पुरस्कार पाने वालों में**

प्रथम पुरस्कार पाने वाले प्रतिभागी सिद्धांत कुमार जवाहर नवोदय विद्यालय, द्वितीय पुरस्कार सुजाता कुमारी आरपीवाईटीटी, तृतीय पुरस्कार अंकित कुमार कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, चतुर्थ पुरस्कार प्रशांत कुमार कैलाश राय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और सलोनी कुमारी सीडी गर्ल हाई स्कूल, पांचवा पुरस्कार रिमा बोस जे.जे कॉलेज एवं लवली कुमार जवाहर नवोदय के नाम शामिल है। इसके अतिरिक्त 20 अन्य को संतवांना पुरस्कार दिया गया।

साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वनरक्षी एवं उपायुक्त कार्यालय के डीपीएमयू सदस्य धनपाल सिंह, सौरभ मौठे, विशाल कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही डीजीइएस के 15 छात्रों को मंत्री के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सांसद एवं उपायुक्त के द्वारा ध्वजाधारी धाम में सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई की गयी और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिये।

## स्पीड न्यूज

### पानी की समस्या को ले मुखिया ने लिखा उपायुक्त को पत्र

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखण्ड में इन दिनों बढ़ती गर्मी के बीच लोगो को पानी की हो रही दिक्कत के संबंध में बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने लातेहार उपायुक्त को आवेदन देकर नल जल योजना के तहत बालूमाथ पंचायत में पानी उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। दिए आवेदन में लिखा है कि बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में करोड़ो रुपये की लागत से पांनी टंकी का निर्माण हुआ था। जिसका पानी बालूमाथ के रामघाट नदी से आता था। लेकिन करीब एक वर्ष से देखरेख के अभाव में जलमीनार बेकार पड़ा हुआ है। साथ ही मुखिया ने लातेहार उपायुक्त से बालूमाथ पंचायत क्षेत्र में विभिन्न मद से लगे खराब पड़े सोलर जल मीनार की मरम्मत कराने की मांग किया है। ताकि लोगों को पीने का साफ पानी मिल सके।

### वस्तानिया और फोकानिया की परीक्षा संपन्न

**बालूमाथ।** मदरसा शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित वस्तानिया और फोकानिया की परीक्षा बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय में संपन्न हुई। आयोजित वस्तानिया की परीक्षा में कुल 96 परीक्षार्थियों में 93 ने परीक्षा में भाग लिया। वहीं तीन अनुपस्थित पाए गए। वहीं फोकानिया की परीक्षा में 40 परीक्षार्थियों में 38 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। वही दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आयोजित परीक्षा को राजकीयकृत उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सह केंद्राधीक्षक रूबी बानो दंडाधिकारी अजय उरांव, शिक्षक पंकज कुमार, ललिता कुमारी,अश्वनी कुमार,प्रयाग कुमार,भोलेनाथ श्रीवास्तव,सुरेंद्र प्रसाद,अनिल कुमार निरंजन कुमार,शिव कुमार भगत,सुनीता देवी ने कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराया।

# लातेहार में दो दुर्दांत माओवादी नागेंद्र और गोदम गिरफ्तार

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता, माओवादियों के गुरिल्ला विंग का कमांडर है नागेंद्र, गोदम है सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन।

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने भाकपा माओवादी के दो दुर्दांत नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। गिरफ्तार नक्सलियों में भाकपा माओवादी के गुरिल्ला विंग का कमांडर नागेंद्र उरांव उर्फ बहरा उर्फ डॉक्टर उर्फ बुलबुल उर्फ नागेंद्र (24), पिता सुरज उरांव (गडिहारा, पांकी, पलामू) और गुरिल्ला विंग का सदस्य गोदम कोरवा उर्फ गोदम (30), पिता स्व. गुजाटी कोरवा (बहराखांड, भंडरिया, गढ़वा) वर्तमान (पुनदान, सामरीपाठ, बलरामपुर, छत्तीसगढ़) का रहने वाला है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर दी।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नागेंद्र उरांव उर्फ डॉक्टर आइइडी एक्सपर्ट है। पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए जंगल में आइइडी प्लांट करने में माहिर है। वह माओवादियों के बीमार होने पर छोटे-मोटे इलाज भी करता था। नागेंद्र माओवादी के गुरिल्ला विंग का कमांडर है। वहीं, दूसरा गिरफ्तार नक्सली गोदम कोरवा गुरिल्ला विंग का सदस्य है। दोनों भाकपा माओवादी के दुर्दांत नक्सली है। इसकी गिरफ्तारी से भाकपा माओवादी को काफी नुकसान हुआ है।

नागेंद्र 9 साल की उम्र से ही बन गया था नक्सली : गिरफ्तार नक्सली नागेंद्र उरांव 9 वर्ष की उम्र में ही भाकपा माओवादी में शामिल हो गया था। वह भाकपा माओवादी से 14 वर्षों से जुड़ा हुआ है। वह गुरिल्ला विंग का कमांडर था। इस दौरान वह अनेकों हमला में शामिल रहा है। पुलिसकर्मियों के अमानवीय तरीके से हत्या की है। भाकपा माओवादी के कई बड़ी घटना में शामिल रहा है।

नागेंद्र उरांव जनवरी 2013 में कटिया जंगल में हुई मुठभेड़ में शामिल रहा है। इस मुठभेड़ में 12 जवान व चार आग नागरिक मारे गये थे। मुठभेड़ के बाद जवान के पेट फाड़कर आइइडी लगाया था। जून 2018 में झारखंड जगुआर की टीम खपरी महुआ में अभियान में निकली थी। जहां नागेंद्र उरांव की टीम ने आइइडी ब्लास्ट किया था। इसमें झारखंड जगुआर के छह जवान शहीद हुए थे। वर्ष 2019 में चंदवा थाना क्षेत्र के लुकईया मोड़ में पुलिस की पीसीआर वाहन को टारगेट कर अंधाधुंध फायरिंग की गयी थी। इसमें एक सहायक अवर निरीक्षक व तीन गृह रक्षक जवान शहीद हुए थे। इस घटना में नक्सलियों का नेतृत्व करते हुए नागेंद्र उरांव ओपनर फायर के रूप में शामिल था।

छापेमारी अभियान में ये थे शामिल : छापेमारी अभियान में गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत, बारेसाढ़ थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, गारू थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मोहम्मद शाहिद अंसारी, सरज कुमार, गारू थाना के सैट-06 के सअनि तारापद महतो, गारू थाना सैट-06, बारेसाढ़ थाना के सैट-02 के पदाधिकारी, हवलदार व जवान शामिल थे।

### ऐसे हुई दोनों नक्सलियों की गिरफ्तारी

**एसपी** अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गारू थाना क्षेत्र के मिर्चिया, भंवरबंधा जंगल में भाकपा माओवादी के शीर्ष कमांडर मारकुश उर्फ सौरव बाबा, छोटू खेरवार उर्फ सुजीत, रविंद्र गंझू, मृत्युजय भुइयां, नागेंद्र उरांव उर्फ डॉक्टर, गोदम कोरवा, सुखलाल बुजिया उर्फ एकेला बुजिया अपने 20-25 की संख्या में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए थे। इसके बाद एक टीम गठित कर भंवरबंधा जंगल में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान दो नक्सली जंगल में संदिग्ध अवस्था में देखे गये। पुलिस को देखते ही दोनों नक्सली भागने लगे। पुलिस ने दोनो को दौड़ाकर पकड़ने में सफलता पायी।

## पीएचइडी विभाग का लगाया सोलर पंप पिछले एक साल से है खराब



सोलर पंप के संबंध में जानकारी देते ग्रामीण।

संजय राम

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत चुंबा के करमबोहा मे लाखों रुपये खर्च कर कृषि उत्पादन के लिए पीएचइडी विभाग द्वारा लगाए गए सोलर पंप पिछले एक वर्ष से खराब पड़ा है। जिससे किसानों को पटवन के लिए नहीं मिल रही है सुविधा। उक्त संबंध मे जानकारी देते हुए शीतल गंझु, प्रकाश राम, विकास राम, रामकुमार केशरी, मुकेश राम, राजेन्द्र राम, जागो राम, संजू साव, लखन गंझु, विरोधी गंझु सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि चुंबा गांव के करमबोहा में किसानों को कृषि उत्पादन मे पानी पटवन मे सुविधा के लिए लाखों खर्च कर पीएचडी विभाग द्वारा दो जगहों पर सोलर पंप लगाया गया है। परंतु लगते ही दोनों जगह के सोलर पंप खराब हो गया है। इससे किसानों को खेत मे पटवन के लिए कोई सुविधा नहीं मिल रही है। सरकार किसानों को कृषि उत्पादन मे बढ़ावा देने के लिए मोटर युक्त सोलर व सुरक्षा के लिए रूम बनाया है, लेकिन हाथी का दांत साबित हो रहा है। अभी तक आसपास के कृषको को पानी का कोई सुविधा नहीं मिली है। पिछले एक वर्ष कार्य को पूर्ण किया गया था तब से खराब होकर बेकार पड़ा हुआ है। योजना स्थल पर संबंधित विभाग का कोई बोर्ड भी नहीं लगा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांच कर कृषि उत्पादन के लिए सोलर व मोटर दुरुस्त कराकर पटवन सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

# चंदवा में हाई टेंशन टावर और तार काटते 4 चोर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार।

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई चंदवा पुलिस की टीम ने हाई टेंशन टॉवर व तार को काटने में लगे चोर गिरोह के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के आन-कीता जंगल से केईसी कंपनी द्वारा लगाए गए हाई टेंशन टावर व तार को काटते 4 चोरों को रंगे-हाथ गिरफ्तार कर लिया।

चंदवा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकरी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि केईसी इंटरनेशनल मिलिटेड कम्पनी के द्वारा चंदवा थाना क्षेत्र के आनगड़ा से लातेहार सबस्टेशन के बीच 400 केवीए हाईटेनशन तार का खीचाव कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के दौरान केईसी इंटरनेशनल कम्पनी का कई बार हाईटेंशन तार एवं टावर को अज्ञात चोर के द्वारा काट कर चोरी कर लिया गया, जिसमें चंदवा थाना में कई प्राथमिकी पूर्व में दर्ज की गई है व अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस के द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात्रि कम्पनी के सुपरवाईजर नारायण महतो के द्वारा लिखित आवेदन देते हुए बताया गया कि चंदवा थाना क्षेत्र के आन-किता जंगल में लगे टावर पार्टस को अज्ञात चोरों के द्वारा काट कर चोरी किया जा रहा है। सूचना के आलोक में एसपी श्री अंजन के निदेर्शानुसार छापामारी दल का गठन कर आवश्यक कार्रवाई की गई। इसी क्रम में छापामारी दल ने ग्राम किता के पश्चिम झाड़ीदार इलाकों से टावर कटिंग करते हुए 4 चोरों को रंगे हाथ चार गिरफ्तार किया वहीं एक चोर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा।

गिरफ्तार चोरों में बिनोद उरांव उर्फ सतेन्द्र उरांव पिता देव उरांव (ग्राम चिरुआ माण्डर, थाना टंडवा जिला चतरा), विकास उरांव पिता शामू उराँव (ग्राम मूर्तिया (किता) थाना चंदवा), बिरबल उरांव पिता चयता उरांव (हिसरी चंदवा) व सुलेन्द्र गंझू पिता स्व. रामसुंदर गंझू (पाराटोली चंदवा) शामिल हैं।

**देसी कट्टा, 10 क्विंटल लोहा समेत कई समान बरामद :** गिरफ्तार अभियुक्त में से बिनोद उरांव उर्फ सतेन्द्र उरांव की तलाशी लेने पर उसके कमर में खोसा हुआ एक लोडेड देशी कट्टा पाया गया। जिसके सम्बंध में पुछताछ करने पर बताया कि उक्त हथियार का प्रयोग अपने गैंग में जब कभी तार एवं टावर कटिंग किये जाने की योजना रहती है उसमें बाधा पहुचाने वाले को भय दिखाने के लिए करते थे। छापामारी के दौरान पुलिस द्वारा घटनास्थल से टावर कटिंग का पार्टस वजन करीब 10 क्वींटल लोहा, इलेक्ट्रीकल कटर मशीन, कटर ब्लेड एवं तार काटने का मशीन, घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाईकिल, 4 मोबाईल फोन तथा अन्य कई महत्वपुर्ण समान की बरामदगी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने गैंग के माध्यम से कई चोरी की घटना को अंजाम दिये जाने की बात स्वीकार किये है। इस चोरी के गैंग में शामिल अन्य लोगो विरुद्ध छानबीन कर अग्रत्तर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त एवं गैंग में शामिल अन्य के विरुद्ध चंदवा थाना काण्ड सं-126/23 में धारा-379/411 भादवि एवं 25 (1-बी)ए/26 (1)/35 आर्म्स एक्ट तथा लोक सम्पति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा-3 के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापामारी अभियान में पुअनि कुंदन कुमार, दिव्य प्रकाश, सुनील टुटी, हव कलिमुल्लाह आजाद, बाबुलाल राम, रिजर्व गार्ड एवं सैट-202 के सशस्त्र बल शामिल थे।

## पर्यावरण दिवस पर सीसीएल ने निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



विजेता को पुरस्कृत करते पदाधिकारी।

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित मगध परियोजना में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायन ने झंडोत्तोलन कर किया। मौके पर उपस्थित ग्रामीण एवं बच्चों ने प्राकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए वृक्षारोपण व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कोल इंडिया के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल का संदेश को परियोजना पदाधिकारी ने पढ़कर सुनाया। मौके पर स्कूली बच्चों के बीच चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा एक से चार तक के श्रेणी में प्रथम पुरुष्कार अभय कुमार, द्वितीय पुरुष्कार अनीश राज एवं तृतीय पुरस्कार नब्या ने जीता। जबकि कक्षा 5 से 7 तक के श्रेणी में प्रथम पुरुसकार लक्ष्मी कुमारी, द्वितीय पुरुसकार श्रीष्टि कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार कल्पना ने जीता एवं कक्षा 8 से 10 तक के श्रेणी में प्रथम पुरुस्कार सपना कुमारी, द्वितीय पुरुस्कार लक्ष्मी कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार छोटी कुमारी ने जीता। साथ ही साथ निबंध लेखन प्रतियोगिता की श्रेणी में प्रथम पुरुस्कार तूफान प्रिंस, द्वितीय पुरुस्कार आकाश कुमार एवं तृतीय पुरस्कार प्रियंका कुमारी ने जीता। इसके अलावा दो बच्चों (शिवंश और मुकुन्द) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर विशेष पर परियोजना पदाधिकारी सहित बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम, खान प्रबंधक राकेश कुमार, डिस्पैच पदाधिकारी दया शंकर ओझा, परियोजना अभियंता अजय कुमार सिन्हा सहित परियोजना के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीएचसी प्रभारी ने पुलिसकर्मियों को दिया प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना परिसर में बालूमाथ सीएचसी प्रभारी सुरेश राम ने थानेदार व पुअनि सहित अन्य पुलिस कर्मियों को प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड ) का प्रशिक्षण मंगलवार को दिया।

सीएचसी प्रभारी श्री राम ने थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, एसआई, पुलिस कर्मियों को प्राथमिक उपचार(फर्स्ट एड) का प्रशिक्षण के दौरान बताया कि किसी व्यक्ति की दुर्घटना होने पर सबसे पहले प्राथमिक उपचार बिना समय गंवाए हॉस्पिटल ले जाने तक रक्त बहाव पर नियंत्रण कैसे करेंगे। साथ ही बताया कि विभाग द्वारा फर्स्ट एड के लिए किट दवा भी उपलब्ध कराएगी। प्रशिक्षण में एसआई बिंदेश्वर महतो, दीपक नारायण सिंह, रवि कुमार, बालेश्वर गंझू, निरज दूबे, मिथलेश सिंह, द्वारीका नाथ पांडेय, राजेश महतो ने प्रशिक्षण मे भाग लिया।



प्रशिक्षण देने के दौरान पुलिसकर्मियों से बात करते सीएचसी प्रभारी।

# जीवन का आधार है वृक्ष : हरिकृष्ण सिंह

### पर्यावरण दिवस पर राम सुंदर सिंह मेमोरियल ट्रस्ट ने किया पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता



पौधरोपण में शामिल पूर्व विधायक व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित डिग्री महाविद्यालय के परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रामसुंदर सिंह मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा पौधा रोपण किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह मौजूद रहे और पौधारोपण कर लोगों का उत्साह बढ़ाया।

मौके पर श्री सिंह ने कहा कि पर्यावरण शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है,परी और आवरण परी का मतलब है हमारे आसपास या हमारे चारों ओर है। वहीं आवरण का मतलब है जो हमें चारों ओर से घेरे हुए है। पर्यावरण जलवायु, स्वच्छता, प्रदूषण तथा वृक्ष सभी को मिलाकर बनता है और इन सभी के साथ पर्यावरण का हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रहता है। उन्होंने कहा कि मानव और पर्यावरण एक दूसरे पर निर्भर होते हैं पर्यावरण जैसे जलवायु प्रदूषण या वृक्षों का कम होना मानव शरीर और स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ता है। मानव की अच्छी बुरी आदतें जैसे वृक्षों को सहेजना,जलवायु प्रदूषण रोकना और स्वच्छता रखना भी पर्यावरण को प्रभावित करता है। वैसे ही मानव की बुरी आदतें जैसे पानी दूषित करना बर्बाद करना,बेवजह वृक्षों की अत्यधिक मात्रा में कटाई करना आदि पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित करती है जिसका नतीजा बाद में मानव को प्राकृतिक आपदाओं का सम्मान करते हुए भुगतना ही पड़ता है। मौके पर जिला महामंत्री बंसी यादव,मंडल सोशल मीडिया प्रभारी विकास साहू,जिला मीडिया प्रभारी पंकज यादव,सतीश प्रसाद,युवा मोर्चा मंडल कोषाध्यक्ष संतोष यादव,डिग्री कॉलेज के प्राचार्य,शिक्षक एवं कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## हिंडालको कोल माइंस ने पौधरोपण किया, जूट बैग का हुआ वितरण



बैग वितरण करते अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के चकला पंचायत सचिवालय में हिंडालको कोल माइंस ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। पर्यावरण की रक्षा को लेकर पौधा लगाकर व जूट के बैग बांटकर कंपनी ने पर्यावरण को बचाने का संदेश लोगो को दिया। आयोजित कार्यक्रम में हिंडालको कंपनी के एचआर हेड प्रकाश कुमार ने पर्यावरण दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए। हमें बेवजह पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचाना मानव जीवन के लिए खतरनाक है। उन्होंने प्लास्टिक के बैग को बाय-बाय करने की भी बात कही है। इधर, चकला मुखिया रंजीता एक्का ने कहा कि पर्यावरण के प्रदूषित होने का प्रमुख कारण प्लास्टिक है। हमें अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम में ग्रामीणों के बीच जूट का थैला भी बांटा गया।

# पीएम मोदी का 9 साल बेमिसाल : प्रकाश राम

## पूर्व विधायक ने गिनायी केंद्र सरकार की उपलब्धियां, कहा- गरीबों का हुआ है कल्याण

खबर मन्त्र संवाददाता



पूर्व विधायक प्रकाश राम व अन्य।

**चंदवा।** भाजपा के द्वारा चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान (विकास तीर्थ कार्यक्रम) के तहत मंगलवार को चंदवा मंडल भाजपा कमिटी के द्वारा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में सासंग पंचायत के सेरक मोड़ पर प्रेस वार्ता किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व विधायक प्रकाश राम ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 9 साल कार्यकाल बेमिशाल रहा है। केंद्र सरकार के द्वारा लातेहार विधानसभा में अनेकों विकास कार्य किये हैं। केंद्र की मोदी सरकार व पूर्वर्ती रघुवार सरकार ने 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं संचालित की थी। जिसका परोक्ष लाभ क्षेत्र वासियों को मिल रहा है। लातेहार प्रखंड के ग्राम पतरातू में एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण, ग्राम बिशुनपुर में महिला डिग्री कॉलेज का निर्माण, ग्राम राजहर में एएनएम प्रशिक्षण महाविद्यालय का निर्माण, ग्राम गोवा में डिग्री कॉलेज, लातेहार भाया डीही मुरूप नवादा हेरहंज तक सड़क एवं पुल निर्माण, उदयपुरा से बालूमाथ प्रखंड को जोड़कर लातेहार से बालूमाथ, सिकनी से रिचूघूटा तक पथ निर्माण, घाघरी नदी में पुल, सासंग बाजारटांड से किता होते हुए सोंस बुलहु तक सड़क निर्माण, दूबी से जमीरा पंचायत भवन तक सड़क निर्माण जैसे अनेकों कार्य किया गया है। प्रेस वार्ता में वर्तमान हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए प्रकाश राम ने कहा कि कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में लातेहार जिले के विकास का पहिया थम सा गया गया है। वर्तमान समय मे भ्रष्टाचार हावी है, अपराध का ग्राफ भी बढ़ गया है। आगामी लोक सभा व विधान सभा चुनाव में जनता जवाब देगी। कार्यक्रम में कुलामन साहू, संसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू, बृज मोहन राम,मंडल अध्यक्ष बारियातु लव सिंह, आशीष सिंह,संजय साहू, दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, हीरामणि देवी, शंकर साहू, राज कुमार पाठक, सुरेश यादव, नवाहिर उरांव, अवधेश यादव, अखिलेश भोक्ता, सूरज शाह, पप्पू सिन्हा समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पिंडारकोम में रूद्र महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के पिंडारकोम ग्राम में 501 वां रूद्र महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाओं-बच्चों एवं लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम भी इस कलश यात्रा में शामिल हुए। मौके पर बोलते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ होने से आसपास का पूरा वातावरण शुद्ध हो जाता है। उन्होंने आयोजन समिति को यज्ञ कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बधाई दिया। कलश यात्रा पिंडारकोम ग्राम स्थित शिव मंदिर परिसर से निकलकर रामघाट नदी पहुंची। जहां आचार्य विनोद मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नदी का पवित्र जल कलश में भरवाया। इसके बाद कलश यात्रा वापस पिंडारकोम गांव स्थित यज्ञ मंडप पहुंची। वहां साधु संतों ने कलश स्थापित करवाया और मंत्रोच्चारण के बाद यज्ञ आरंभ हुआ।

स्पीड न्यूज

### ओडिशा रेल हादसे में बंगाल के 103 की मौत

**कोलकाता।** ओडिशा के बालासोर में हुए कोरोमंडल ट्रेन हादसे में मरने वाले बंगाल के लोगों की संख्या 103 हो गई है। यह जानकारी खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दी है। मंगलवार को वह कटक पहुंची हैं, जहां अस्पताल में इलाजरत लोगों से मुलाकात की है। ममता ने कहा कि मरने वालों में 103 लोग बंगाल के हैं। उनकी पहचान हो चुकी है और अधिक शिनाख्त हो रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल 97 लोग ओडिशा के विभिन्न अस्पतालों में इलाजरत हैं जो बंगाल के रहने वाले हैं।

### दिल्ली एम्स पर साइबर हमला विफल

**नयी दिल्ली** । दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स में मंगलवार को साइबर हमला हुआ जिसे विफल कर दिया गया। एम्स ने देर शाम यहां बताया कि एम्स की ई हॉस्पिटल सेवा पर दिन में दो बजकर 50 मिनट पर साइबर हमला हुआ।एम्स के साइबर सुरक्षा दल ने इस हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। हॉस्पिटल ई सेवा के लिए साइबर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एम्स ने कहा है कि ई हॉस्पिटल सेवाएं पूरी तरह से सुरक्षित है और सुचारू रूप से काम कर रही हैं। लगभग छह महीने पहले भी एम्स की सेवाओं पर साइबर हमला हुआ था।

### मणिपुर में इंटरनेट पर प्रतिबंध 10 तक बढ़ा

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने मंगलवार को इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध दस जून तक के लिए बढ़ा दिया है। आयुक्त (गृह) एच ज्ञान प्रकाश की ओर से जारी एक आदेश के अनुसार ब्रॉडबैंड सहित मोबाइल डेटा सेवा पर रोक को दस जून अपराह्न तीन बजे तक के लिए बढ़ाया गया है। ये प्रतिबंध तीन मई को लगाए गए थे।

### सेवानिवृत्त आइपीएस ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने मंगलवार को अपने आवास पर लाइसेंसी रिवॉल्वर से कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) नीलाब्जा चौधरी ने घटना की पुष्टि की । 1975 बैच के अधिकारी रहे दिनेश कुमार शर्मा (73) ने अपने घर में खुद को गोली मार ली। उनका शव सुबह उनके कमरे में मिला।चौधरी ने बताया कि पुलिस को उनके कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसकी जांच की जा रही है।

### भारत एक जीवंत लोकतंत्र : अमेरिका

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने सोमवार को कहा कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है और वहां जाने वाला कोई भी व्यक्ति इसे खुद महसूस कर सकता है। भारत में लोकतंत्र की स्थिति पर चिंताओं को प्रत्यक्ष तौर पर खारिज करते हुए व्हाइट हाउस ने यह बात कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के अंत में अमेरिका की यात्रा पर आने वाले हैं।राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में सामरिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है। जो कोई भी भारत जाता है इसे महसूस कर सकता है। निश्चित तौर पर मुझे उम्मीद है कि लोकतांत्रिक संस्थानों की ताकत और उनकी स्थिति चर्चा का हिस्सा होगी। किर्बी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि देखो, हम कभी झिझकते नहीं हैं।

### उत्तराखंड : मंदिरों में छोटे कपड़े पहनने पर पाबंदी

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार ऋषिकेश व देहरादून के कुछ मंदिरों में छोटे कपड़े पहनने वालों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है। हरिद्वार के दक्षप्रजापति मंदिर, देहरादून के टपकेर महादेव मंदिर व ऋषिकेश के नीलकंठ महादेव मंदिर में उचित वस्त्र ना पहनने वाले स्त्री/पुरुषों के प्रवेश पर निषेध लगा दिया गया। अखाड़ा परिषद ने कहा कि अस्सी फीसदी तक तन ना ढांकने वाली स्त्रियों को मंदिरों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# पानी के भीतर भी दुश्मन होंगे पस्त

## नौसेना के टॉरपीडो ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक बनाया निशाना



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना के स्वदेश में विकसित भारी वजन वाले टॉरपीडो ने पानी के भीतर एक लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। नौसेना ने इस सफलता को महत्वपूर्ण मील का पत्थर करार दिया है।

नौसेना ने मंगलवार को कहा कि टॉरपीडो के अचूक निशाने से आत्मनिर्भरता के जरिए भविष्य की उत्कृष्ट युद्ध तैयारियों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का पता चलता है। स्वदेशी रूप से विकसित भारी वजन वाले टॉरपीडो द्वारा पानी के भीतर लक्ष्य को निशाना बनाया जाना पानी के नीचे के क्षेत्र में लक्ष्य को नष्ट करने संबंधी आयुध की सटीक प्रदायगी की भारतीय नौसेना और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की ललक को दिखाने वाला एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नौसेना ने कहा कि यह आत्मनिर्भरता के माध्यम से भविष्य की युद्ध तैयारियों के प्रमाण के प्रति हमारी वचनबद्धता को प्रदर्शित करता है। पिछले कुछ वर्षों से नौसेना संबंधित क्षेत्र में चीनी नौसेना की बढ़ती आक्रामकता के मद्देनजर विशेष रूप से हिंद महासागर में अपनी युद्ध तैयारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

## जर्मनी से छह डीजल पनडुब्बी खरीदेगा भारत

**जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस की मौजूदगी में आज होगा हस्ताक्षर**

**नयी दिल्ली।** यूक्रेन-रूस युद्ध को लम्बा खिंचते देख भारत ने भी अपने पसंदीदा हथियार आपूर्तिकर्ता मास्को से अलग सैन्य हार्डवेयर खरीदने के लिए नए रास्ते तलाशने शुरू कर दिए हैं। दक्षिण एशियाई देशों में जर्मनी और भारत डीजल पनडुब्बियों के निर्माण के लिए एक समझौते पर पहुंच रहे हैं। मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस की उपस्थिति में प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर होगा। जर्मन बहुराष्ट्रीय समूह थिसेनक्रुप एजी की समुद्री शाखा और भारत की मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के बीच भारतीय नौसेना के लिए छह पनडुब्बियों का निर्माण करने के लिए सौदा अंतिम चरण में है। अनुमानित 5.2 बिलियन डॉलर की इस परियोजना के लिए दिल्ली पहुंचे जर्मनी के रक्षा मंत्री पिस्टोरियस की उपस्थिति में प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। पिस्टोरियस ने जकार्ता में कहा था कि रूसी हथियारों पर भारत की निरंतर निर्भरता जर्मनी के हित में नहीं है। भारत यात्रा के दौरान जब वह बुधवार को मुंबई जाएंगे, तो पनडुब्बी सौदा एजेंडे में होगा। जर्मनी के रक्षा मंत्री 7 जून को मुंबई जाएंगे, जहां पश्चिमी नौसेना कमान मुख्यालय और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स का दौरा करेंगे। भारत ने डीजल संचालित हमला करने वाली पनडुब्बियों के निर्माण के लिए विदेशी रक्षा कंपनियों के साथ गठजोड़ करने के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स और लार्सन एंड टुब्रो की पहचान की है। साझेदारी के लिए एक प्रमुख लक्ष्य थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स है, जो पनडुब्बी निर्माताओं में से विश्व स्तर पर दूसरे नंबर पर है। जर्मन कंपनी के पास वायु स्वतंत्र प्रणोदन की ऐसी तकनीक है, जो पारंपरिक पनडुब्बियों को लंबे समय तक पानी के नीचे रहने में मदद करती है।

### मणिपुर में मुठभेड़ तीन जवान शहीद

**इंफाल।** मणिपुर में संदिग्ध उग्रवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक और असम राइफल्स के दो जवान शहीद हो गए। काकचिंग जिले के सेरौ में सोमवार रात तलाशी अभियान के दौरान संदिग्ध आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की। रक्षा सूत्रों ने बताया कि असम राइफल्स के घायल जवानों को इम्फाल के मंत्रीपुखरी ले जाया गया। प्रारंभिक तलाशी के दौरान, क्षेत्र से दो एके राइफलें, एक 51 मिमी मोर्टार, दो कार्बाइन, भारी मात्रा में गोला-बारूद और युद्ध के सामान बरामद किए गए हैं।

सूत्रों ने कहा, असम राइफल्स, बीएसएफ और मणिपुर पुलिस द्वारा सुगनू और सेरोउ क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाया गया। सुरक्षा बलों और विद्रोहियों के बीच रात भर रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। सुरक्षा बलों ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

# द्रौपदी मुर्मू को मिला सूरीनाम का सर्वोच्च नागरिक सम्मान



एजेंसी

पैरामारिबो। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द येलो स्टार से सम्मानित किया गया है। सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के लिए भारतीय राष्ट्रपति मुर्मू को सम्मानित किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि वे सूरीनाम के सबसे बड़े सम्मान से सम्मानित होकर काफी खुश हैं। इस सम्मान से सिर्फ उन्हें ही नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों को गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने इस सम्मान का श्रेय भारतीय-सुरीनामी समुदाय के लोगों को दिया और कहा कि उनके कारण हमारे रिश्तों में अधिक मजबूती आई है। भारतीय राष्ट्रपति ने सूरीनाम में भारतीयों के पहुंचने की 150वीं सालगिरह पर आयोजित सांस्कृतिक समारोह में भी सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे सूरीनाम की पहली यात्रा पर आई हैं। दोनों देशों के बीच अत्यधिक साम्य है। उन्हें लग रहा है कि वे अपने ही घर में हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को सूरीनाम के राष्ट्रपति संतोखी से मुलाकात करने के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता का नेतृत्व भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सूरीनाम आकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है।

## अफगानिस्तान में आतंकी हमला डिप्टी गवर्नर सहित चार की मौत



**काबुल।** अफगानिस्तान में मंगलवार को एक कार बम हमले में बदख्शां राज्य के डिप्टी गवर्नर सहित चार लोगों की मौत हो गयी। आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए। अपने दो सुरक्षाकर्मियों के साथ जा रही अफगानिस्तान के उत्तरी राज्य बदख्शां के डिप्टी गवर्नर निसार अहमद अहमदी को आतंकियों ने निशाना बना। बदख्शां राज्य की राजधानी फैजाबाद में सुबह सवा 08 बजे उन पर कार बम से हमला किया गया। उनकी गाड़ी से कार भिड़ा दी गयी और भिड़ंत होते ही कार बम धमाके के साथ फट गया। कार के परखच्चे उड़ गए। अहमदी एवं उनके दोनों सुरक्षाकर्मियों की मौके पर मौत हो गयी। उनकी कार के चालक की भी धमाके में मौत हो गयी। इस तरह अहमदी सहित चार लोगों की मौत हुई। घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। उनमें से छह की हालत गंभीर है। माना जा रहा है कि अभी मृतक संख्या बढ़ सकती है। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की सत्ता संभालने के बाद लगातार आतंकी घटनाएं होती रही हैं, किंतु फैजाबाद में पहली बार कार बम से हमला हुआ है। बदख्शां राज्य के सूचना निदेशक मुइजुद्दीन अहमदी ने हमले में डिप्टी गवर्नर निसार अहमद अहमदी की मौत की पुष्टि की है।

# चक्रवात बिपरजॉय ढायेगा कहर आइएमडी ने जारी किया अलर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मानूसन में हो रही देरी के बीच देश में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का खतरा मंडराने लगा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने मंगलवार को कहा कि अरब सागर में बने दबाव क्षेत्र के अगले 24 घंटों में चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। इसके मद्देनजर उत्तर और दक्षिण गुजरात तटों के सभी बंदरगाहों पर डिस्टेंट कॉशनरी-1 (डीसी-1) सिग्नल सक्रिय करने के लिए कहा गया है। इस चक्रवात के गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि हालांकि, इससे तटीय क्षेत्रों में बारिश हो सकती है और तेज हवाएं चल सकती हैं।

24 घंटे में तूफान की संभावनाः आइएमडी ने एक बयान में कहा, दबाव दक्षिण-पूर्वी अरब सागर के ऊपर बना है जो भारतीय समयानुसार मंगलवार की सुबह साढ़े पांच बजे गोवा से लगभग 920 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण पश्चिम, मुंबई से 1120 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पश्चिम, पोरबंदर से 1160 किलोमीटर दक्षिण और कराची से 1520 किमी दक्षिण में केंद्रित था। अगले 24 घंटों में पूर्वी-मध्य अरब सागर और इससे सटे दक्षिण-पूर्वी अरब सागर के ऊपर इसके लगभग उत्तर की ओर बढ़ने तथा चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है।

**मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने चेतावनी :** मौसम विभाग ने चक्रवात की संभावना और खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों से गहरे समुद्र में न जाने की सलाह दी है।

अहमदाबाद में मौसम निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा कि हमने मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी जारी की है। यह चेतावनी उत्तर गुजरात के बंदरगाहों के लिए है। यदि मछुआरे गहरे समुद्र (उत्तर या दक्षिण गुजरात) में मछली पकड़ रहे हैं, तो उन्हें तुरंत लौट आयें।

# सिर्फ सत्ता के लिए राजनीति नहीं करती भाजपा



- रीवा में झारखंड के पूर्व सीएम ने रखा राजग सरकार के नौ वर्ष का लेखा-जोखा
- देश को फिर से विश्वगुरु बनाने के रास्ते पर आगे बढ़ रही है मोदी सरकार: बाबूलाल

एजेंसी

**रीवा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने नौ वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक किया है। मोदी सरकार ने बीते इन वर्षों में बड़े-बड़े काम किए हैं। देश की जनता की सेवा की है, देश को सुरक्षित बनाया है, देश में सुशासन स्थापित किया है और गरीबों के कल्याण का काम किया है। मोदी सरकार विकास के साथ देश की विरासत को संजोने का प्रयास भी मोदी सरकार कर रही है। इससे काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, केदारनाथ, भगवान महाकाल आदि मंदिर विश्व पटल पर उभार कर लोगों के सामने आए हैं। मोदी सरकार देश को फिर से विश्वगुरु बनाने के रास्ते पर आगे बढ़ा रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी ने मोदी सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी के साथ रीवा के राजनिवास में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के अलावा अन्य कोई दल अपनी सरकार के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत नहीं करता। वे सिर्फ भाषणबाजी और चुनावी जोड़-तोड़ तक सीमित रहते हैं, लेकिन भाजपा हर साल अपनी सरकार के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने प्रस्तुत करती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ सत्ता के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि सत्ता उसके लिए सेवा का माध्यम है। पार्टी सेवा ही संगठन की भावना से हमेशा जरूरतमंदों की सेवा करती है। दुनिया के लोग इस महामारी में भारत के बर्बाद हो जाने की आशंका जता रहे थे, लेकिन इस कठिन समय में मोदी सरकार ने देश की सेवा की।

**गरीब कल्याण और देश की सुरक्षा सरकार के लक्ष्य :** मरांडी ने कहा कि बीते नौ साल में मोदी सरकार ने गरीब कल्याण और देश को सुरक्षित बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मोदी सरकार ने करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए हैं। ग्रामीण बहनों को उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए संसाधन उपलब्ध कराए हैं। आतंकियों की नकेल कसी। अब सेनाओं को शक्तिशाली बनाने के लिए देश में ही हथियारों, फाइटर प्लेन आदि का निर्माण किया जा रहा है।

**तेजी से विकसित हो रहा भारत :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बीते 9 साल में जिस तरह देश विकास के रास्ते पर बढ़ा है, वह मोदी सरकार ही कर सकती है। देश में बहुआयामी विकास हुआ और भारत तेजी से विकसित देश बनने की ओर बढ़ रहा है। देश में नए एयरपोर्ट बनाए गए, हजारों किलोमीटर सड़कें और एक्सप्रेस वे बनाए गए, वंदे भारत ट्रेनें चलाकर सफर को सुगम व सुविधाजनक बनाया।

मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में नए एम्स और मेडिकल कालेज खोले गये हैं। अब हर जिले में एक मेडिकल कालेज खोले जाने की योजना पर काम हो रहा है। दुर्गम क्षेत्र कुल्लु मनाली, उत्तराखण्ड तक में सड़कें व एयर बेस भी बनाये जा रहे हैं। देश में डिजिटल क्रांति भी मोदी सरकार के कार्यकाल में ही संभव हुई है।

### एनआइए ने पंजाब और हरियाणा में मारे छापे

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स की फंडिंग करने वालों पर कार्रवाई करते हुए पंजाब और हरियाणा में दस स्थानों पर छापे मारे। एनआईए ने अलग-अलग स्थानों पर भारी मात्रा में दस्तावेज भी बरामद किए हैं। केटीएफ के लिए फंड जुटाने के अलावा सीमा पार से हथियारों की तस्करी की साजिश में शामिल लोगों पर भी ये रेड हुई। एनआईए की टीम ने पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब जिले में खिलौना बेचने वाले पर रेड की है। टीम ने अबोहर रोड बाइपास पर रहने वाले व्यक्ति से करीब छह घंटे तक पूछताछ की। इसके अलावा फिरोजपुर के तलवंडी भाई क्षेत्र में भी रेड की गई। यहां के करीब पांच गांवों से कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।




# स्वरा भास्कर जल्द बनेंगी मां, सोशल मीडिया पर दी जानकारी



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने एक खुशखबरी दी है। जनवरी में समाजवादी पार्टी के नेता फहद अहमद से शादी करने वाली स्वरा को एक नए मेहमान से प्यार हो गया है। स्वरा प्रेग्नेंट हैं और जल्द ही मां बनने वाली हैं। स्वरा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपने फैंस को यह खुशखबरी दी है।

स्वरा भास्कर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पति फहद अहमद के साथ एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में स्वरा अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। कभी-कभी सबकी दुआ काम कर जाती है। स्वरा ने पोस्ट में कहा, हम जीवन के इस नए चरण में कदम रखने के लिए उत्साहित और खुश हैं। उन्होंने पोस्ट में कहा है कि अक्टूबर के महीने में स्वरा और अहमद की जिंदगी में एक नए मेहमान का आगमन होगा। इस पोस्ट पर उनके फैंस ने कमेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। बता दें कि स्वरा और फहद अहमद ने जनवरी के महीने में कोर्ट मैरेज की थी। एक महीने बाद स्वरा ने फोटो पोस्ट कर बताया कि उन्होंने शादी कर ली है। उसके बाद फरवरी के महीने में स्वरा और अहमद ने पारंपरिक तरीके से शादी की। अब ये जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं।


### 'संकटमोचन हनुमान' व लवयात्री की शूटिंग शुरू

**भोजपुरी** फिल्म संकटमोचन हनुमान एवं लवयात्री की मंगलवार को भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में शूटिंग शुरू हुई। मुख्य अतिथि आचार्य सत्येंद्रदास महाराज ने क्लैप देकर फिल्म की शूटिंग का मुहूर्त शॉट कराया। फिल्म का निर्माण जिया इनफोकस फिल्म कंपनी एवं किलोवॉल्टज के बैनर तले किया जा रहा है। निर्देशन चंदन कन्हैया उपाध्याय करेंगे। फिल्म के निर्माता धीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि फिल्म के मुख्य कलाकारों में भोजपुरी फिल्मों के स्टार अरविंद अकेला कल्लू के अलावा अभिनव तिवारी, रक्षा गुप्ता, शिवानी गुप्ता, श्वेता झा, समर्थ चतुर्वेदी, मीर सरवर, अनिल रस्तोगी, रश्मि पाठक, शरदराज सिंह भी नजर आएंगे।

### इस साल मानसून में कोयले की नहीं होगी कमी : प्रहलाद जोशी

**नयी दिल्ली।** कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारत को इस साल मानसून के दौरान किसी तरह के कोयला संकट से नहीं जूझना पड़ेगा। जोशी ने यहां भूमिगत कोयला खनन पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कोयले की मांग कैसी भी हो, सरकार उसको पूरा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, मैं कोल इंडिया और कोयला मंत्रालय की ओर से देश को भरोसा दिलाता हूं कि इस साल मानसून के समय भी किसी तरह का कोयला संकट पैदा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि तैयारियां अच्छी हैं और साल के दौरान मांग को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। इसी कार्यक्रम में जोशी ने कहा कि सभी तापीय बिजली संयंत्रों के पास 3.5 करोड़ टन कोयला है।





# ठहरी सी जिंदगी और युवाओं की सोच का फिल्मांकन

इसका मकसद भले हास्य रचना रहा हो, पर पहले शशिकला और बाद में बिन्दु ने कई फिल्मों में जवान विधवा का यह चरित्र निभाया। जबकि, कुछ अभिनेत्रियों को इस विधवा चरित्र निभाने में सिद्धहस्त माना गया। मीना कुमारी ने विधवा की भूमिका में परदे पर कई बार आंसू बहाए।

**हेमंत पाल**

**वैधव्य** औरत के जीवन का ऐसा पड़ाव है, जहां आकर उनकी जिंदगी ठहर सी जाती है। ये वो मुकाम है, जहां स्त्री को भेदभाव, अवमानना और अन्याय सहते हुए जीवन जीने को बाध्य होना पड़ता है। लेकिन, समय के साथ समाज का नजरिया बदला है। सिनेमा ने भी विधवा नारी के जीवन पर केंद्रित फिल्में बनाकर इस बदलाव का संकेत दिया। लेकिन, यह सब एक दायरे तक ही सीमित रहा! विधवा उद्धार पर फिल्में बनाने में फिल्मकार आज भी हिचकिचाते हैं। इसलिए कि सिनेमा की रंगीनियत में वैधव्य का सफेद रंग कहीं कमाई में बाधक न बन जाए! इस दमदार विषय को उठाने वाली फिल्मों का अभाव तो लगता है। लेकिन, ऐसे निमार्ता-निर्देशक भी हैं, जिन्होंने विधवाओं की जिंदगी पर फिल्म बनाने का साहसिक फैसला किया। इनमें महबूब खान, राजकपूर, वी शांताराम, यश चोपड़ा से लेकर शक्ति सामंत और राकेश रोशन जैसे बड़े फिल्मकार हैं।

## पर्दे पर व्यथा-कथा

फिल्मों में विधवाओं को महज फिलर की तरह उपयोग में लाया जाता रहा। दिखाया जाता कि हीरो की मां विधवा है, जो सिलाई-कढ़ाई करके अपने बेटे का लालन-पालन करती थी। बाद में ये बच्चा या तो 'त्रिशूल' के अमिताभ की तरह अच्छा निकलता है या 'दीवार' के अमिताभ की तरह बिगड़ जाता है। सबसे पहले महबूब खान ने विधवा महिला के संघर्ष को लेकर 1940 में फिल्म 'औरत' बनाई! बाद में 1957 में उसका रंगीन संस्करण 'मदर इंडिया' बनाकर एक विधवा की व्यथा-कथा पेश की। नरगिस ने इसमें विधवा का सशक्त रोल निभाया था। दिखाया गया था कि पति की मौत के बाद अकेली औरत कैसे बच्चों को पालती और खुद को जमाने की गंदी नजरों से भी बचाती है।



## विधवा विवाह बना विषय

शक्ति सामंत ने भी विधवा प्रेम और विवाह को लेकर कई सफल फिल्में बनाई। इसकी शुरूआत गुलशन नंदा के उपन्यास पर बनी फिल्म 'कटी पतंग' से की, जिसमें आशा पारेख ने विधवा की भूमिका निभाई थी। ह्यकटी पतंगह्न की कहानी विधवा विवाह पर केंद्रित थी। इससे पहले उन्होंने शर्मिला टैगोर को 'आराधना' में विधवा के रूप में दिखाया था। ऐसे ही शक्ति सामंत की दो फिल्मों 'खून भरी मांग' और 'करण अर्जुन' में विधवाओं के संघर्ष को मनोरंजक अंदाज में पेश किया गया।

## कथानक में विधवा

ऐसी फिल्मों में एक 1975 में आई 'शोले' भी थी। इसमें जया बच्चन ने विधवा बहू राधा के किरदार को बेहद संजीदगी से निभाया। अमिताभ ने फिल्म में जय का किरदार निभाया था। राज कपूर बैनर की 'प्रेम रोग' इस विषय पर केंद्रित बेहतरीन फिल्म थी। इसमें ऋषि कपूर (देवधर) ने गरीब अनाथ का किरदार निभाया, जिसकी बचपन से पद्मिनी कोल्हापुरी (मनोरमा) से दोस्ती थी। लेकिन, मनोरमा की शादी अमीर लड़के से करवा दी जाती है लेकिन उसके पति का निधन हो जाता है। जेठ ही उसकी इज्जत लूट लेता है। वो पिता के घर लौट आती है। यहां फिर उसकी मुलाकात देवधर से होती है, वो उसे नई जिंदगी देने की कोशिश करता है। निरूपा रॉय को की 'दीवार' (1975) और वहीदा रहमान की 'त्रिशूल' (1978) को भुलाया नहीं जा सकता! कल्पना लाजमी ने अपनी 'रुदाली' में राजस्थान की उन विधवाओं की व्यथा कही, जो दुख के अवसरों पर जाकर रोने का काम करती हैं।

## अभिनेत्रियां इस रोल में सिद्धहस्त

कुछ फिल्मों में विधवाओं को अलग अंदाज में भी दिखाया गया। इसका मकसद भले हास्य रचना रहा हो, पर पहले शशिकला और बाद में बिन्दु ने कई फिल्मों में जवान विधवा का यह चरित्र निभाया। जबकि, कुछ अभिनेत्रियों को इस विधवा चरित्र निभाने में सिद्धहस्त माना गया। मीना कुमारी ने विधवा की भूमिका में परदे पर कई बार आंसू बहाए। दुश्मन, मेरे अपने, फूल और पत्थर इसके उदाहरण हैं। राखी को भी अपनी पहली फिल्म 'जीवन मृत्यु' में विधवा विलाप करना पड़ा था। इसके बाद रेशमा और शेरा, करण-अर्जुन, दूसरा आदमी, राम लखन सहित आधा दर्जन फिल्मों में वे कभी सफेद तो कभी काली साड़ी पहने दिखाई दी। जबकि, रेखा ने 'खून भरी मांग' और 'फूल बने अंगारे' में विधवा बनकर बदला लिया। पुरानी अभिनेत्रियों में लीला चिटनिस, सुलोचना, ललिता पवार, लीला मिश्रा, दुर्गा खोटे और अचला सचदेव को भी दर्शकों ने ज्यादातर विधवा रूप में ही देखा है।


## कुछ सशक्त किरदार भी शामिल

1997 में आई फिल्म 'मृत्युदंड' में माधुरी दीक्षित ने दृढ़ विश्वासी महिला की भूमिका निभाई थी। वो ऐसी महिला की भूमिका में थी, जो अपने साथ दूसरी औरतों के अधिकारों के लिए लड़ती है। बाद में पति की मौत का बदला भी लेती है। रानी मुखर्जी की फिल्म 'बाबुल' में भी पति की मौत के बाद के हालात थे। साल 2005 में आई 'वाटर' का कथानक विधवा आश्रम के आसपास घूमता है। ओटीटी पर आई फिल्म 'पगलैट' में सान्या मल्होत्रा ने भी विधवा की भूमिका निभाई थी। इसी विषय पर हेमा मालिनी और ऋषि कपूर की फिल्म 'एक चादर मैली सी' भी आई।

## नायिकाओं का सीमित वैधव्य!

हिन्दी फिल्मों में अक्सर महिलाओं को विधवा तब दिखाया जाता है, जब वे हीरो या हीरोइन की मां होती है। जिन फिल्मों में मुख्य नायिका को विधवा दिखाया गया, वो भी कुछ समय के लिए! उनके पति के मरने की झूठी खबर आती है या पति इन्हें छोड़कर चला जाता है। फिल्म के अंत तक वो लौट आता है। राज कपूर की संगम, देव आनंद की हम दोनों, ऋषि कपूर-शाहरुख खान की दीवाना, शशि कपूर और आशा पारेख की 'कन्यादान' भी ऐसी ही फिल्में थी। रोहेना गेरा की फिल्म इज लव इनफ, इरफान खान और पार्वती थिरूवोथू अभिनीत करीब-करीब सिंगल और विद्या बालन, अरशद वारसी और नसीरुद्दीन शाह की' इश्किया' भी विधवाओं को केन्द्र में रखकर बनाई गई

# आर्थिक रूप से आगे बढ़ती महिलाएं






**प्रिया राज**

'परिदृश्य बदल रहा है। महिलाओं की भागीदारी सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है।' ये कुछ चुनिन्दा पंक्तियां हैं जो यदाकदा अखबारों में, टीवी न्यूज चैनल पर, और नेताओं के मुंह से सुनी जाती रही है। अपने क्षेत्र में खास उपलब्धियां हासिल करने वाली कुछ महिलाओं का उदाहरण देकर हम महिलाओं की उन्नति को दर्शाते हैं। पर अगर आप ध्यान दे तो कुछ अदभुत करने वाली महिलाएं तो हर काल में रही है। सीता से लेकर द्रौपदी, रजिया सुल्तान से लेकर रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई से लेकर इंदिरा गांधी एवं किरण बेदी एवं सानिया मिर्ज़ा। परन्तु महिलाओं की स्थिति में कितना परिवर्तन आया? और आम महिलाओं ने परिवर्तन को किस तरह से देखा?

दरअसल असल परिवर्तन तो आना चाहिए आम लोगों के जीवन में। जरुरत है उनकी सोच में परिवर्तन लाने की। उन्हें बदलने की। आम महिलाओं के जीवन में परिवर्तन, उनकी स्थिति में, उनकी सोच में परिवर्तन। उनके खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। शहर असुरक्षित होते जा रहे हैं। कुछ चुनिंदा घटनाओं एवं कुछ चुनिंदा लोगों की वजह से कई सारी अन्य महिलाओं एवं लड़कियों के बाहर निकलने के दरवाजे बंद हो जाते हैं। जरुरत है बंद दरवाजों को खोलने की। रौशनी को अंदर आने देने की। प्रकाश में अपना प्रतिबिम्ब देखने की। उसे सुधारने की । निहारने की। निखारने की। इसी कड़ी में एक और दरवाजा है आत्मनिर्भरता। आर्थिक आत्म निर्भरता। उन्हें बचपन से सिखाया जाता है कि खाना बनाना जरूरी है। जरुरत है कि सिखाया जाये कि कमाना भी जरूरी है। आर्थिक रूप से सक्षम होना भी जरूरी है। परिवार के लिये नहीं वरन अपने लिए। पैसे से खुशियां नहीं आती, पर बहुत कुछ आता है जो साथ खुशियां लाता है।अगर शिक्षा में कुछ अंश जोड़ें जाये जो आपको किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान भी दे। आपके कौशल को उपयुक्त बनाये। आपको इस लायक बनाये कि आप अपना खर्च तो वहन कर ही सके। तभी शिक्षा के मायने सार्थक होंगे। जरूरी नहीं कि हर कमाने वाली लड़की डॉक्टर या शिक्षिका हो। वे खाना बना सकती है। पार्लर चला सकती है। कपड़े सी सकती हैं। उन्हें ये सब आता है। वे ये सब करती हैं। पर सिर्फ घर में। उनके इसी हुनर को घर के बाहर लाना है। आगे बढ़ाना है। ये एक सोच है। जरूरत है इस सोच को आगे बढ़ाने की। उनके कौशल को उनकी जीवन रेखा बनाने की। ताकि समय आने पर वे व्यवसाय कर सके। अपना परिवार चला सके। ये उन्हें गति देगा। दिशा देगा। आत्माभिमान देगा। आत्मविश्वास देगा। वे दबेगी नहीं। डरेगी नहीं। ये एक खुशहाल भविष्य की कामना है। अमल करें। अभी करें।

# आत्मविश्वास कैसे बढ़ाएं



आत्मविश्वास से आशय स्वंय पर विश्वास एवं नियंत्रण से है। हमारे जीवन में आत्मविश्वास का होना उतना ही आवश्यक है जितना किसी फूल में खुशबू का होना। आत्मविश्वास के बगैर हमारी जिंदगी एक जिन्दा लाश के समान हो जाती है। कोई भी व्यक्ति कितना भी प्रतिभाशाली क्यों न हो, वह आत्मविश्वास के बिना कुछ नहीं कर सकता।

आत्मविश्वास ही सफलता की नींव है, आत्मविश्वास की कमी के कारण व्यक्ति अपने द्वारा किये गए कार्य पर संदेह करता है और नकारात्मक विचारों के जाल में फंस जाता है। आत्मविश्वास उसी व्यक्ति के पास होता है जो स्वंय से संतुष्ट होता है एंव जिसके पास दृढ़ निश्चय, मेहनत, लगन, साहस, वचनबद्धता आदि संस्कारों की सम्पत्ति होती है।

- सबसे पहले अपना लक्ष्य तय करें एवं उन्हें पूरा करने के लिए वचनबद्ध रहें। जब आप अपने द्वारा बनाये गए लक्ष्य को पूरा करते हैं तो यह आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देता है।
- ऐसे लक्ष्य बनाएं जिसे आप प्राप्त कर सकें क्योंकि जब आप ऐसे लक्ष्य बनाते हैं जिसे आप पूरा नहीं कर सकते तो यह आपके मनोबल को गिरा देते हैं और आपका स्वयं पर विश्वास कम हो जाता है। लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए।
- खुश रहकर खुद को प्रेरित करें। असफलता से दुखी न होकर उससे सीख लें।
- हमेशा आसान काम पहले करें और मुश्किल काम बाद में। क्योंकि जब आप पहले आसान कार्य अच्छे से कर लेते हैं तो दबाव कम हो जाता है और आत्मविश्वास बढ़ता है जिससे मुश्किल कार्य भी आसान बन जाता है।
- जब भी सोंचे तो सकारात्मक ही सोचें। इससे आत्मबल में वृद्धि होती है। विनम्र रहें एंव दिन की शुरुआत किसी अच्छे कार्य से करें।
- इस दुनिया में नामुनकिन कुछ भी नहीं है। आत्मविश्वास का सबसे बड़ा दुशमन किसी भी कार्य को करने में असफलता होने का डर है एवं डर को हटाना है तो वह कार्य अवश्य करें जिसमें आपको डर लगता है।
- वह कार्य करें जिसमें आपकी रुचि हो एंव कोशिश करें कि अपने करियर को उसी दिशा में आगे ले, जिसमें आपकी रुचि हो।
- दूसरों की देखा-देखी मत कीजिए, वह पहनिए जो आपको अच्छा लगे या मन को भाये। कपड़े कम खरीदिये लेकिन अच्छे खरीदिये।
- व्यवहारकुशल बनें और हमेशा नम्रता व मुस्कराहट के साथ व्यवहार करें। इससे न केवल आपका आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी, बल्कि इससे आपके अच्छे मित्रों की संख्या भी बढ़ेगी। अच्छे मित्र हमेशा मदद करने के लिए तैयार रहते हैं और आपके सुख दुख में हमेशा आपके साथ होते हैं।





**अजयदीप बाधवा**

- वर्तमान में जियें। क्योंकि न तो भूतकाल एंव न ही भविष्यकाल पर हमारा नियंत्रण है। बच्चों से दोस्तीं करें और आत्मचिंतन करें।

ध्यान, योग एवं प्राणायाम करें। अपने लिए समय निकालें और कुछ समय एकांत में बिताएं। स्वंय से बात करें और यह महसूस करें कि आप एक बेहतर इन्सान हैं।

- अपनी सफलताओं को याद करें और कल्पना करें कि आप कुछ भी कर सकते हैं और आपके लिए नामुकिन कुछ भी नहीं।
- हमेशा चिंतामुक्त रहने की आदत बनायें, रचनात्मक तरीके से सोचें और कुछ न कुछ नया करते रहें। दिन में कुछ समय संगीत सुनने, खेलने अथवा रचनात्मक कार्यों के लिए जरूर निकालें।
- आत्मनिर्भर बनें एंव जितना हो सके अपने कार्य स्वंय करने की कोशिश करें। आत्मनिर्भरता से आपका लेवल बढ़ता है।
- उस बारे में सोचना बंद कर दें जिस पर हमारा नियंत्रण न हो। अगर आप उस बातों या परिस्थितियों की वजह से दुखी हो जाते है जो आपके नियंत्रण में नहीं है तो इसका परिणाम समय की बर्बादी व भविष्य पछतावा है जिससे आपका मनोबल गिरता है।
- आप अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहें और अपना सौ प्रतिशत मेहनत व लगन से बड़े से बड़ा मुश्किल कार्य आसान हो जाता है। अगर लक्ष्य को प्राप्त करना है तो बीच में आने वाली बाधाओं को पार करना होगा, मेहनत करनी होगी, बार बार दृढ़ निश्चय से कोशिश करनी होगी।
- असफल लोगों के पास बचने का एकमात्र साधन यह होता है कि वे मुसीबत आने पर अपने लक्ष्य को बदल देते हैं। इससे ऐसे लोगों से बचें।

अगर आपको सफल होना है तो अपने लक्ष्य पूरे करने की आदत बनाईये न कि उन्हें बार बार बदलने की, अगर आपका अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय नहीं है तो आपके आत्मबल का गिरना तय है। (सीएमए सह मोटिवेटर हैं।)

## लोग क्या कहेंगे,यह मत सोचिये

**सबसे बड़ा यही रोग है कि लोग क्या कहेंगे। ज्यादातर लोग कोई भी कार्य करने से पहले कई बार यह सोचते हैं कि वह कार्य करने से लोग उनके बारे में क्या सोचेंगे या क्या कहेंगे और इसलिए वे कोई निर्णय ले ही नहीं पाते एवं सोचते ही रह जाते हैं एंव समय उनके हाथ से पानी की तरह निकल जाता है। ऐसे लोग हमेशा डर-डर के जीते हैं और बाद में पछताते हैं। इसलिए दोस्तों ज्यादा मत सोचिये जो आपको सही लगे वह कीजिये क्योंकि शायद ही कोई ऐसा कार्य होगा जो सभी लोगों को पसंद आये।**

## सरकारी नौकरी डॉटकॉम है युवाओं की पसंद

आज प्रत्येक युवा का सपना सरकारी नौकरी पाना है। यह केवल सपना है। आज की स्थिति में यह सपना साकार होना आसान नहीं है। कारण, सबको सरकारी नौकरी चाहिए क्योंकि युवा अपने जीवन में स्थिरता का सपना पाले होते हैं। हमारी परंपरा ही जीवन में स्थिरता की रही है। स्थिर जीवन स्थायी नौकरी से संभव है। स्थायी नौकरी आलस्य, मनमानी के साथ ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। आज नियोक्ता ठेका आधार पर नौकरी को महत्त्व दे रहे हैं। कर्मचारियों के हितों की बात करने वाले संगठित क्षेत्र में कर्मचारी यूनियंस महत्त्वहीन हो रही हैं। सही बात यह है कि मनमानी की यह व्यवस्था ज्यादा दिन चल नहीं सकती, फिर भी सभी युवक सरकारी नौकरी चाहते हैं।सर्च इंजन गूगल के ताजा सर्वेक्षण के अनुसार, सरकारी नौकरी डॉटकॉम पर सबसे ज्यादा युवकों ने नौकरी खोजी है। वर्गीकृत विज्ञापन देखने के लिए क्लिक करने वाले युवा इस डॉटकॉम पर जरूर हिट कर रहे हैं। क्लासीफाइड का कारोबार देश में तेजी से बढ़ रहा है और आज यह करीब डेढ़ अरब डॉलर का बन चुका है।

# नौकरी खो जाने के डर से कर रहे हैं ये काम तो..





**के खुशी**

यदि आपको कभी लगता है कि आपकी कंपनी आपको नौकरी से निकाल सकती है तो ऐसा मत मानिये कि किसी प्रकार का नौकरी लॉस इंश्योरेंस आपको नई नौकरी पाने के दौरान कुछ महीनों तक सहारा देता रहेगा।

इस बात के आसार भी हो सकते हैं कि आप इसकी पात्रता भी ना रखते हों। टेक्नॉलॉजी सेक्टर में छंटनी का दौर चल रहा है। ऐसे में कर्मचारी ऐसे किसी विकल्प की तलाश में हैं जिससे उन्हें नौकरी खोने का भी बीमा मिल सके। आइये इसके बारे में कुछ और बातें जानते हैं...

- स्टैंड अलोन जॉब लॉस कवर उपलब्ध नहीं हैं। किसी भी प्रकार की बीमा कंपनी ऐसी पॉलिसी नहीं चलाती है। अन्य पॉलिसियां जो एक्सीडेंट और गंभीर बीमारी को कवर करती हैं, उसमें यह उपलब्ध है।
- यह केवल उन तीन सबसे बड़ी ईएमआइ के लिए हैं जो कि अपनी आय का पचास प्रतिशत किश्त में चुकाते हैं।
- एक से तीन महीने का समय वेटिंग पीरियड में आता है, इसका क्लेम केवल उसी समयावधि के लिए किया जा सकता है।
- छंटनी के मामले में पॉलिसी तभी लागू होती है जब नियोक्ता विलय या अधिग्रहण के चलते आपकी छंटनी कर दे। इसके लिए आपको छंटनी का लिखित प्रमाण चाहिये। बिना प्रमाण के लिए यह क्लेम मान्य नहीं होगा।
- कई पॉलिसियां ऐसी होती हैं जो कि इस तरह के क्लेम को मान्य नहीं करती। इसके अलावा विभिन्न बीमा में छंटनी को एक सूची के जरिये देखा जाता है।
- यदि नौकरी के रिस्क को लेकर कोई क्लेम पेश किया जाता है तो इसमें बहुत सारी शर्तें देखना होंगी।
- नौकरी के लॉस कवर का सीमित क्षेत्र देखते हुए इसका कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है।
- छंटनी का प्रमाण रखना बेहद जरूरी है क्योंकि वही चीज आपके काम आएगी